kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-231 | मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सुरक्षाबल नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त कर लाल आतंक की कमर तोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में हुई मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति के दो सदस्य मारे गए हैं। अमित शाह

मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा : राधाकृष्णन 11

बिहार में 12 से 31 अक्टूबर के बीच होगी राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा 12

## संक्षेप

### 23 महीने बाद आज जेल से रिहा होंगे आजम खान

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान आखिरकार 23 महीने बाद जेल से रिहा होने जा रहे हैं। सीतापुर जेल के अधिकारियों की मानें तो उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी मुताबिक आजम खान को 23 सितंबर यानी मंगलवार को रिहा कर दिया जाएगा। आजम खान फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। सीतापुर जेल प्रशासन ने आजम खान की रिहाई की तैयारी पूरी कर ली है। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने आज़म की रिहाई की पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी रिहाई का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई की जा रही है।

### कोर्ट के आदेश पर पूर्व सैनिक को 32 साल बाद मिली विकलांगता पेंशन

**लखनऊ।** बीमारी और भुखमरी से जूझ रहे 72 वर्षीय सैनिक को सेना से निकाले जाने के 32 वर्ष बाद सशत्र-बल अधिकरण लखनऊ ने सोमवार को विकलांगता पेंशन दिए जाने का आदेश दिया है। अधिकरण की तरफ से यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार (सदस्य न्यायिक) एवं वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन (सदस्य प्रशासनिक) ने दिया है। प्रयागराज जिले के ग्राम हेतापट्टी निवासी कुमाऊँ रेजीमेंट के पूर्व नायक बलराम सिंह वर्ष 1981 में टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती हुए थे। वर्ष 1993 में बारह साल की सैन्य सेवा के बाद उनकी बायीं आंख में ईल्स रोग के कारण मेडिकल आधार पर उन्हें बिना किसी पेंशन के सेवा मुक्त कर दिया गया, जबकि मेडिकल बोर्ड ने बीस प्रतिशत विकलांगता बताई थी और सेना सेवा से जुड़ा माना था। वहीं सन 1994 में पीसीडीए (पेंशन) प्रयागराज ने पूर्व सैनिक की पेंशन अस्वीकार कर दी। इसके बाद 2001 में भी उनकी अर्जी खारिज कर दी गई। जिसके बाद पूर्व सैनिक ने वर्ष 2024 में अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय के माध्यम से न्यायाधिकरण में याचिका दाखिल की।

### आयोग ने आजाद समाज पार्टी सहित 127 दलों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव में खर्च का ब्योरा न देने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने आजाद समाज पार्टी सहित प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। जारी की गई नोटिस में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों ने 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का वार्षिक ब्योरा पेश नहीं किया है। वहीं, इन दलों ने 2019 के बाद लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव में प्रतिभाग किया पर अपने खर्च का ब्योरा नहीं दिया। ऐसे में इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में और लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में अपने खर्च ब्योरा चुनाव आयोग को देना होता है।

### हमारा मंत्र 'नागरिक देवो भवः' : प्रधानमंत्री मोदी

# कांग्रेस की सोच वोट, सीट से प्रेरित

एजेंसी



ईटानगर/ नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस जैसे दलों की सोच को वोट और सीट की संख्या से प्रेरित करार देते हुए कहा है कि उन्होंने केंद्र सरकार का नेतृत्व संभालने के बाद कांग्रेस की इस सोच से देश को मुक्त दिलाने की ठान ली और 'राष्ट्र प्रथम और नागरिक प्रथम' के भाव को अपने काम का एक मंत्र बनाया है।

श्री मोदी ने कहा कि विगत में कांग्रेस की सरकारों की सोच के कारण अरुणाचल प्रदेश जैसे पूर्वोत्तर राज्यों की उपेक्षा की गयी और वे विकास की दौड़ में पिछड़ गये, जबकि आज पूर्वोतर का विकास केंद्र की प्राथमकताओं में ऊपर है। वह अरुणाचल प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर रहे थे। उन्होंने कहा, ‟कांग्रेस जैसे दल सोचते थे कि अरुणाचल प्रदेश में इतने कम लोग हैं, लोकसभा की दो ही सीटें हैं, तो क्यों अरुणाचल प्रदेश पर ध्यान दिया जाये? कांग्रेस की इस सोच का अरुणाचल प्रदेश को, पूरे नॉर्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर) को बहुत नुकसान हुआ। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट विकास में बहुत पीछे छूट गया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ‟आपने जब 2014 में मुझे देश की सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान ली। हमारी प्रेरणा, किसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, 'नेशन फर्स्ट' की भावना है, हमारा एक ही मंत्र है- नागरिक देवो भवः। उन्होंने कहा कि जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस के समय में भुला दिया गया था, वह 2014 के बाद, विकास की प्राथमिकताओं का केंद्र बन गया है। इस क्षेत्र के विकास के लिए बजट कई गुना बढ़ाया गया है। सरकार ने इस क्षेत्र में सेवाओं और संपर्क को अंतिम छोर तक पहुंचाने के काम को अपनी सरकार की पहचान बनाया है।

श्री मोदी ने कहा कि आज सरकार केवल दिल्ली में बैठ कर नहीं चलती, बल्कि अधिकारियों तथा मंत्रियों को पूर्वोत्तर का ज्यादा से ज्यादा दौरा करने और रात्रि पड़ाव करने को कहा जाता है। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि कांग्रेस सरकार के जमाने में 2-3 महीने में एक-आध बार कोई मंत्री पूर्वोत्तर के लिए आता था। भाजपा सरकार के दौर में अब तक 800 से ज्यादा बार केंद्रीय मंत्री इस क्षेत्र में आ चुके हैं और दूरदराज में भी जाते हैं और रात को रुकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि वह खुद भी प्रधानमंत्री के तौर पर 70 से ज्यादा बार यहां आ चुके हैं। उन्होंने कहा, ‟नॉर्थ ईस्ट मुझे दिल से पसंद है, और इसलिए हमने दिल की दूरी भी मिटाई है, दिल्ली को आपके पास लेकर के आये हैं।''

श्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 10 साल में अरुणाचल प्रदेश को केंद्रीय करों के हिस्से के तौर पर सिर्फ छह हज़ार करोड़ रुपये ही मिले थे, जबकि भाजपा नीत उनकी सरकार के 10 सालों में राज्य को कर के हिस्से के तौर पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक, यानी 16 गुना से ज्यादा पैसा मिला है। इसके अलावा, यहां अलग-अलग योजनाओं की ओर बड़ी-बड़ी परियोजनाओं पर केंद्र द्वारा किया जा रहा खर्च इससे अलग है। इसलिए, आज अरुणाचल में इतना व्यापक और तेज विकास होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की दो जलविद्युत परियोजना और तवांग में एक अत्याधुनिक सम्मेलन केंद्र की आधारशिला ● शेष पेज 11 पर

### सरकार दिल्ली में बैठकर नहीं चलेगी, मंत्रियों को यहां भेजा

हमने लास्ट माइल कनेक्टिविटी को अपनी सरकार की पहचान बनाया। हमने इतना पक्का किया कि सरकार दिल्ली में बैठकर नहीं चलेगी। अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा यहां आना होगा, रात रुकना होगा। कांग्रेस सरकार के समय दो चार महीने में एकाध बार कोई मंत्री नॉर्थ ईस्ट आता था। सरकार में 800 से ज्यादा बार केद्रीय मंत्री यहां आ चुके हैं। हमारा प्रयास रहता है कि मंत्री यहां आएं तो दूरदराज जाएं, रुककर जाएं। मैं खुद 70 से ज्यादा बार नॉर्थईस्ट आया हूं। नॉर्थ ईस्ट मुझे दिल से पसंद है। इसलिए हमने दिल की दूरी भी मिटाई है ,दिल्ली को आपके पास लेकर आएं।

### नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्य अष्टलक्ष्मी

हम नॉर्थ ईस्ट के आठों राज्यों की अष्टलक्ष्मी मानते हैं। यहां के विकास के लिए केंद्र सरकार ज्यादा से ज्यादा पैसे खर्च कर रही है। भाजपा ने अरुणाचल को 16 गुना ज्यादा पैसा दिया है। ये सिर्फ टैक्स का पैसा है। इसके अलावा जो भारत सरकार अलग अलग स्कीम के तहत खर्च कर रही है वो तो अलग ही है, इसलिए यहां आप इतना तेज विकास देख रहे हैं। जब नेक नीयत से काम होता है, जब प्रयासों में ईमानदारी होती है तो नतीजे दिखते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की कार्रवाई संयमित लेकिन निर्णायक रही : राजनाथ सिंह



एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने के लिए मिली खुली छूट के बावजूद भारतीय सशस्त्र बलों ने दृढ़ लेकिन संयमित दृष्टिकोण अपनाते हुए नपी-तुली और निर्णायक कार्रवाई की। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि दो दिन की यात्रा पर रविवार को मोरक्को पहुंचे श्री सिंह ने रबात में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर कायरतापूर्ण हमले का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी आजादी दी गई थी। देश के दृढ़ लेकिन संयमित दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए रामचरितमानस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई सोची-समझी और आक्रामक नहीं थी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की लेकिन भारतीय सेनाओं ने धर्म देख कर नहीं, कर्म देख कर आतंकवादियों को मारा। भारतीय समुदाय के लोगों ने भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की निर्णायक कार्रवाई की सराहना की।

बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने पिछले एक दशक में भारत में बहुआयामी क्षेत्र में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही शीर्ष तीन में शामिल होने वाला है। रक्षा मंत्री ने भारत के डिजिटल परिवर्तन, ज्ञान अर्थव्यवस्था में तेज़ प्रगति और एक दशक पहले 18 यूनिकॉर्न से 118 तक स्टार्टअप की संख्या में हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा उद्योग ने डेढ लाख करोड़ रुपये के उत्पादन और 100 से अधिक देशों को 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा निर्यात की उपलब्धि हासिल की है। श्री सिंह ने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी की प्रशंसा की। उन्होंने विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के शब्दों को याद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में, चरित्र ही व्यक्ति की असली पहचान है। भारतीय समुदाय ने मजबूत आर्थिक नींव और बढ़ती सैन्य शक्ति में निहित भारत की वैश्विक भूमिका पर गर्व व्यक्त किया।

# लंबे अवकाश के बाद मुख्य सचिव ने संभाला कार्यभार



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने सवा महीने की छुट्टी के बाद नवरात्र के पहले दिन कार्यभार संभाल लिया है। आज वह अपने कार्यालय में बैठे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

दरअसल स्वास्थ्य कारणों के चलते वह छुट्टी पर चल रहे थे। एसपी गोयल की छुट्टी के दौरान उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए थे। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने 31 जुलाई को उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त स्थानिक आयुक्त भी थे।गोयल ने मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया था , जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे। उस समय कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया था। कुछ दिन पहले ही मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल से कई विभागों का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया था। इनमें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त

## पाकिस्तान ने अपने ही नागरिकों पर किया हवाई हमला, 30 मरे, कई घायल

नयी दिल्ली। पाकिस्तान की वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के मत्रे दारा गांव में अपने ही नागरिकों पर हवाई हमला किया, जिसमें कम से कम 30 लोग मारे गये और सैकड़ों अन्य घायल हो गये। मरने वालों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हमला 21 सितंबर की रात को किया गया और कई स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने अपने चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों से गांव पर कम से कम आठ एलएस -6 बम गिराये। ग्रामीणों का कहना है कि इस बमबारी से गांव पूरी तरह से तबाह हो गया। बारुद से जले शव घरों और सड़कों पर बिखरे पड़े हैं। इस हमले के पैमाने, लक्ष्य या वहां किसी आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में आधिकारिक पाकिस्तानी सैन्य या सरकारी सूत्रों से फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले भी पाकिस्तान की सेना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और बलूचिस्तान में नागरिकों पर किये अपने जुल्मों पर चुप्पी साधे रखती है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन ● शेष पेज 11 पर

# रक्षा क्षेत्र के लिए शिक्षा, स्टार्टअप और उद्योग की अहम भूमिका: जनरल चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने युद्ध के बदलते स्वरूपों के बीच भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए विमानों, युद्धपोतों, हथियारों, नेटवर्क और रक्षा सिद्धांतों के क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने के लिए शिक्षा, स्टार्टअप और उद्योग जगत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां तीनों सेनाओं की अकादमिक प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (टी-सैट्स) के पहले संस्करण का यहां उद्घाटन किया। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों के लिए विशिष्ट और भविष्य की प्रौद्योगिकी के विकास के लिए सेवा-अकादमिक अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र का समन्वय किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सरकारी और निजी प्रौद्योगिकी संस्थानों सहित कुल 62 संस्थानों के छात्रों के साथ-साथ शैक्षणिक और प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के निदेशकों और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्नत, एकीकृत तकनीकी समाधानों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भविष्य की संचालन मांगों को पूरा करने के लिए प्लेटफार्मों, हथियारों, नेटवर्क और रक्षा सिद्धांतों में स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने में शिक्षा, स्टार्टअप और उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा जगत से नवाचार को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों में विश्व में अग्रणी बनने के की दिशा में कार्य करने को कहा। जनरल चौहान ने एक ● शेष पेज 11 पर

## एनएससीएन (के) पांच साल के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) को उसके सभी गुटों, शाखाओं और अग्रिम संगठनों के साथ पाँच साल की अवधि के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सरकार ने एनएससीएन (के) को उसके सभी गुटों, शाखाओं और अग्रिम संगठनों के साथ 'भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक गतिविधियों' में शामिल होने के कारण '28 सितंबर से तत्काल प्रभाव से' पाँच साल की अवधि के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया है।

मंत्रालय ने कहा, ''सरकार का मानना है कि एनएससीएन (के) ने भारतीय संघ से अलग होकर भारत-म्यांमार क्षेत्र के नागा आबादी वाले क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक संप्रभु नागालैंड बनाने का अपना लक्ष्य घोषित किया है और उल्फा (आई), पीआरईपीएके और पीएलए जैसे अन्य गैरकानूनी संगठनों के साथ गठबंधन किया है। यह व्यापारियों, सरकारी अधिकारियों और नागरिकों से ● शेष पेज 11 पर

### एयर इंडिया दुर्घटना मामला

# सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद में 12 जून, 2025 को हुए एयर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटना मामले की शीर्ष अदालत की निगरानी और नियंत्रण में स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को सोमवार को नोटिस जारी किया।

इस दुर्घटना में 260 लोगों की मृत्यु हो गई थी। न्यायमूर्ति सूर्य कंात और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कैप्टन अमित सिंह द्वारा स्थापित विमानन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की याचिका केंद्र सरकार और अन्य से जवाब जवाब तलब किया। याचिकाकर्ता की ओर से दलीलें देते हुए वकील प्रशांत भूषण ने दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी ठहराने वाली रिपोर्टों का मुद्दा उठाया। पीठ ने कहा कि निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच की मांग करना समझ में आता है, लेकिन चुनिंदा जानकारी लीक करना दुर्भाग्यपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना है। पीठ ने फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर के खुलासे की मांग पर भी सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने नियमित जाँच के तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचने तक गोपयता बनाए रखने का पक्ष लिया। पीठ ने कहा, ''जब इस तरह की त्रासदी होती है... तो बोइंग और एयरबस को दोषी नहीं ठहराया जाएगा। शीर्ष अदालत उस याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गई ● शेष पेज 11 पर



# जीएसटी सुधार से बढ़ेगा उत्पादन, होगा रोजगार सृजन : योगी

## जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से देशवासियों को दीपावली का उपहार बताते हुए जीएसटी की घटी दरों को रोजगार बढ़ाने में सहायक बताया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को जीएसटी रिफॉर्म पर जन जागरण पदयात्रा और व्यापारियों से संवाद करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी की घटी दरें पूरे देश में लागू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ेगी। क्रय शक्ति बढ़ने से मांग बढ़ेगी। मांग से खपत, खपत से उत्पादन बढ़ेगा और उत्पादन बढ़ने से नया रोजगार सृजन भी होगा। जीएसटी में यह अब तक सबसे बड़ा रिफॉर्म है। कई वस्तुओं और सेवाओं में कर की दरों को पांच प्रतिशत या शून्य पर ला दिया गया है। जीवनरक्षक दवाओं को करमुक्त कर दिया गया है जबकि अन्य दवाओं पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होने कहा कि किसानों के लिए जीएसटी पांच प्रतिशत या शून्य कर दी गई है। शिक्षण सामग्री पर कर की दर को बारह से शून्य कर दिया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी एक है लेकिन इसके लाभ अनेक हैं। जीएसटी रिफॉर्म अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। क्रयशक्ति बढ़ने से आम ग्राहक उल्लास और उमंग से पर्व.त्योहार मनाएगा। बाजार में मजबूती आने से खपत और उत्पादन बढ़ने का सकारात्मक असर रोजगार पर पड़ेगा। उन्होंने व्यापक जनहित में जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितंबर से 29 सितंबर तक .जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान. का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया और साथ ही कहा कि जीएसटी की घटी दरों का लाभ ग्राहकों को जरूर दीजिए जिससे आपका कारोबार और समृद्ध होगा। अभियान के दौरान योगी सबसे पहले स्टाइल बाजार गए। यहां प्रतिष्ठान के उच्च प्रबंधन ने उनका स्वागत किया। यहां मुख्यमंत्री ने खुद प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर जीएसटी की घटी दरों का स्टीकर चस्पा किया। उन्होंने स्नेहिल भाव से प्रतिष्ठान के मालिकों से पूछा कि कपड़ों पर जीएसटी में कितनी कमी आई है। यह बताए जाने पर कि 12 प्रतिशत घटकर 5 प्रतिशत हो गया है, उन्होंने कहा कि इससे आपका बाजार और मजबूत होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए ग्राहकों को कम हुई जीएसटी का फायदा जरूर दीजिए। प्रतिष्ठान प्रबंधन ने बताया कि जीएसटी कमी का लाभ दिया जाना शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री जब यहां से जाने लगे तो उन्होंने प्रतिष्ठान संचालक को गुलाब का फूल भेंट किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पैदल चलकर न्यू स्वीट्स पैलेस पर आए। यहां उन्होंने दुकानदार बिहारी लाल व जतिन लाल से जीएसटी की कम हुई दरों पर संवाद किया। दुकानदार ने बताया कि कम हुई कीमतों का लाभ उन्होंने ग्राहकों को देना शुरू ● शेष पेज 11 पर

# ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' ने गैर संचारी रोगों एवं आरोग्यता पर समुदाय को किया सशक्त

**नोडल अधिकारी डॉ. उषा एस.पी. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा, स्वस्थ महिला एक स्वस्थ परिवार की नींव होती है, और स्वस्थ परिवार मिलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। समग्र स्वास्थ्य और रोकथाम केंद्रित देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' का सफल आयोजन मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. के. हंडू के कुशल नेतृत्व में किया गया। यह अभियान गैर-संचारी रोग (गएक्म) और आरोग्यता विषय पर केंद्रित था, जिसका उद्देश्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता और प्रारंभिक जांच को बढ़ावा देना है।

डॉ. उषा एस.पी. यादव, नोडल अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा, स्वस्थ महिला एक स्वस्थ परिवार की नींव होती है, और स्वस्थ परिवार मिलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं।ङ्क्षमुख्य वक्ता डॉ. मृत्युंजय कुमार ने गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी विकारों की बढ़ती चुनौती पर गहन और व्यावहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने जीवनशैली में परिवर्तन, नियमित जांच और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, ल्लगैर-संचारी रोगों के विरुद्ध संघर्ष केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है – जागरूकता, रोकथाम और समय पर हस्तक्षेप ही हमारे सबसे सशक्त उपकरण हैं।ङ्क्षकार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कल्पना मिश्रा, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक (इएक्ष्क) और डॉ. रीना अग्रवाल, इएड्ड ने की। दोनों अधिकारियों ने नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता और समुदाय में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की महत्ता को रेखांकित किया।कार्यक्रम के अंतर्गत 67 प्रतिभागियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें लंबाई, वजन, रक्तचाप (उघ) और रैंडम ब्लड शुगर (टउट्ट) की जांच शामिल थी। चिकित्सकीय टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनकी रिपोर्ट के आधार पर व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में कुल 167 प्रतिभागियों (95 पुरुष और 72 महिला) की सक्रिय उपस्थिति रही, जिसमें रेलवे अस्पताल के डॉक्टर, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल व नर्सिंग स्टाफ तथा रेलवे चिकित्सा लाभार्थी शामिल थे। कार्यक्रम ने जागरूकता, संवाद और स्वास्थ्य सुधार के लिए प्रतिबद्धता की भावना को और मजबूत किया।यह पहल रेलवे चिकित्सा विभाग द्वारा महिलाओं और परिवारों के बीच स्वास्थ्य, प्रारंभिक पहचान और सशक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई।

## महराजगंज में इस बार 30 स्थानों पर सजेगें दुर्गा पूजा पंडाल

महराजगंज महराजगंज । क्षेत्र में इस बार 30 स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल सजेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर पंडालों के पास निगरानी के लिए कैमरे व पुलिस की तैनाती होगी। महराजगंज कस्बे के अलावा क्षेत्र के हलोर, जमुरांवा, मऊ, कोटवा मोहम्मदाबाद, चंदापुर, बरहुआं, सलेथू, बावन बुजुर्ग बल्ला सहित 30 जगहों पर पूजा पंडालों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। नई परंपरा शुरू करने पर रोक है । सुरक्षा सुविधाओं को लेकर अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किए गए हैं। पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है। पंडालों के पास सीसीटीवी कैमरे व पुलिस की अतिरिक्त टीमें तैनात रहेगी। जमुरांवा गांव के पूजा पंडाल में यहा के निवासी किसान वीरेंद्र सिंह के बेटे बी फार्मा के छात्र शिवओम सिंह व उनकी छोटी बहन आंचल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वनिर्मित मां की प्रतिमा का पूजन अर्चन के बाद स्थापित कराई है। अब यहां गांव के लोग मिलकर पूरे नवरात्रि पर्व में भजन-कीर्तन व जगराते करेंगे। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि आयोजकों को अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन निकास व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सभी लोग मिलकर मनाए नव दुर्गा पूजा का त्योहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। कस्बे के सुविख्यात श्री दानेश्वर धाम मंदिर परिसर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिन सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन कस्बेवासियों व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव की उपस्थिति में जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विध विधान से हवन पूजन कर शारदीय नवरात्रि नव दुर्गा पूजा की शुरुआत की बताते चलें कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिन सोमवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हुआ है जिसमें जिसमें जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर श्री दानेश्वरधाम मंदिर परिसर जगत जननी माँ दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा तो वही पहुंचे कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर हवन पूजन कर नव दुर्गा पूजा की शुरुआत की तो वहीं उपस्थित कस्बे के व्यापारियों ,महिलाओ व आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व हिंदुओं के लिए एकता का प्रतीक माना जाता है तथा ऐसे त्यौहार को धूमधाम से मनाएं वैसे भी कस्बा महराजगंज में आपसी भाईचारा देखने को मिलता है तो वहीं मौजूद भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी व पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने भी जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है तथा शासन व प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा कस्बेवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माँ दुर्गा की आरती में सम्मिलित हो और शाम को होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला में भी उपस्थित हो।

## शारदीय नवरात्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने अलोप शंकरी मंदिर पहुंचे पुलिस उपायुक्त

**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र के मद्देनज़र प्रयागराज में कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने थाना दारागंज अंतर्गत अलोप शंकरी देवी शक्तिपीठ मंदिर का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़, यातायात प्रबंधन, और कानून–व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में अक्टूबर से शुरू होगा किडनी ट्रांसप्लांट, 20 मरीजों की सूची तैयार

**प्रयागराज ।** जिले के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू होने जा रही है। शासन से अनुमति मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन ने अक्टूबर से ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। शुरूआती चरण में 20 मरीजों की सूची तैयार की गई है, जिनके पास किडनी डोनेट करने वाले भी मौजूद हैं। ट्रांसप्लांट से पहले की सभी चिकित्सकीय जांच और कानूनी प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है।इस सुविधा की घोषणा होते ही लगभग 150 मरीजों ने आवेदन किया है। डॉक्टरों का कहना है कि मरीजों को उनकी स्थिति की गंभीरता और सूची में स्थान के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। इस सुविधा के शुरू होने से उन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जो अब तक लखनऊ, दिल्ली या अन्य बड़े शहरों का रुख करते थे।स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट की शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह न केवल प्रयागराज बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के मरीजों के लिए भी उम्मीद की किरण लेकर आया है।

## डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**प्रयागराज ।** प्रयागराज कमिश्नरेट के लोकप्रिय पुलिस उपायुक्त (सिटी) मनीष कुमार शांडिल्य ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की। जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। क्ष्ण्ढ ने गंभीरता से सभी मामलों को सुना और प्रत्येक शिकायत के त्वरित समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने अपने पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, धोखाधड़ी व स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मनीष कुमार शांडिल्य ने सभी शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।क्ष्ण्ढ की जनसुनवाई में लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी और पुलिस की इस पहल की सराहना की। जनसुनवाई का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना और आम जनमानस को न्याय दिलाना है।

## एसीपी वरुण कुमार के ट्रांसफर पर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र यादव ने जताई भावनाएं

**प्रयागराज ।** कमिश्नरेट के राजरूपपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र यादव ने एसीपी वरुण कुमार के गैर जनपद ट्रांसफर को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी भावुक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अपने साथ की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि एसीपी वरुण कुमार का स्थानांतरण मुरादाबाद जनपद के लिए हो गया है, लेकिन वह हमेशा अधीनस्थों के दिलों में रहेंगे।शैलेंद्र यादव ने पोस्ट में कहा, ल्लअधीनस्थों के प्रति सर के सहयोग को शब्दों में बयां करना मुश्किल है।ङ्क उन्होंने एक शायरी भी साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा:ल्लहंसता हूं आसपास के आंसू समेट कर,वो क्या खाक हसेंगे जिन्हें रोना नहीं आता।ङ्कएसीपी वरुण कुमार को उनकी सरल कार्यशैली, टीम भावना और अधीनस्थों के प्रति सहयोग के लिए जाना जाता है। उनके ट्रांसफर पर पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी भावुक हैं और उन्होंने उनकी भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।यह पोस्ट पुलिस विभाग में अधिकारी–अधीनस्थ के बीच मजबूत संबंधों और सम्मान का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## गरबा उत्सव से अर्जित राशि बेसहारा महिलाओं पर होगा खर्च

**लखनऊ,।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 29 सितंबर को गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम से अर्जित होने वाली धनराशि बेसहारा और जरूरतमंद महिलाओं की मद्द में खर्च किया जाएगा। यह जानकारी वुमेन्स लाइफ मैटर्स समिति की जिला संयोजक प्रयागमति गुप्ता यूपी प्रेस क्लब में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि की सप्तमी तिथि को शाम को राणा प्रताप नगर स्थित एक लॉन में आयोजित होने वाले उत्सव में भक्तिमय उल्लास के साथ सामूहिक गरबा और डांडिया नृत्य देखने को मिलेगा। साथ ही सनातन संस्कृति व संस्कार की मर्यादा के अनुकूल वातावरण देखने को मिलेगा। गरबा उत्सव में दुर्गा पूजा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्राचीन कला कल्लरीयपट्टु का प्रदर्शन होगा। उत्सव में शामिल होने के लिए पारंपरिक परिधान में आना अनिवार्य है। इस दौरान समाज की कुछ प्रेरक महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।संस्था की जिला संयोजक ने बताया कि गरबा उत्सव में शामिल होने लिए पास व टिकट ऑनलाईन व ऑफलाइन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि गरबा उत्सव में किसी भी तरीके का माहौल बिगाड़ने वाले लोगो को देखते हुए उत्सव में पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

## राजभवन में साइबर सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में सोमवार को राजभवन में साइबर सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। साइबर विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक त्रिवेणी सिंह ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अपने व्याख्यान में श्री सिंह ने साइबर सतर्कता, डिजिटल फ्रॉड, साइबर वार, साइबर अटैक तथा मोबाइल एप्लीकेशन के दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अनेक व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर शिकायत दर्ज कराने ácybercrime.gov.iná पोर्टल तथा 'संचार साथी' साइट के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को मोबाइल पर अनावश्यक एप्लीकेशन डाउनलोड न करने, सोशल साइट्स पर अनावश्यक मित्र न बनाने, बैंक खाते या निजी जानकारियां साझा करने से बचने तथा साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने के सुझाव दिये। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता सहित राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने कार्यभार संभाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने शारदीय नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। वे स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर थे।मुख्य सचिव एसपी गोयल पिछले सवा महीने से अस्वस्थता के कारण अवकाश पर थे। उनके स्थान पर दीपक कुमार कार्यभार संभाल रहे थे। स्वास्थ्य लाभ के बाद श्री गोयल ने नवरात्रि के पहले दिन कार्यभार ग्रहण किया। लोकभवन में मुख्य सचिव से कई अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिए। दीपक कुमार अब आईआईडीसी और एपीसी के साथ–साथ एसीएस वित्त, सीईओ यूपीईडा का पद संभालेंगे।

# लखनऊ का कल्ली पश्चिम प्रमुख पर्यटन स्थल में होगा तब्दील : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर्यटकों के लिए तेजी से पसंदीदा गंतव्य बनकर उभर रही है। यहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों से जुड़े कई प्रमुख स्थल मौजूद हैं। पर्यटकों की बढ़ती आमद और पर्यटन विकास को ध्यान में रखते हुए सरोजनी नगर क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत राज्य सरकार ने निवेशकों से पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश भूमि पट्टा नीति 2024 को मंजूरी दे दी है। नीति के तहत राज्य में पर्यटन अवसंरचना के विकास को तेज किया जाएगा। इसी के अंतर्गत कल्ली पश्चिम में पर्यटन विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि कल्ली पश्चिम में पर्यटन नीति 2022 के अनुरूप नई पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। इन परियोजनाओं में बजट होटल, रिसॉर्ट, ऑल वेदर या सीज़नल कैंप, एमआईसीई गतिविधियों के लिए कन्वेंशन सेंटर और सांस्कृतिक केंद्र शामिल होंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग केंद्र, प्राकृतिक चिकित्सा और वेलनेस सेंटर, स्थायी टेंटेड आवास/स्विस कॉटेज, मल्टी-लेवल पार्किंग, सार्वजनिक संग्रहालय और थीम पार्क भी विकसित किए जाएंगे। परियोजना अंतर्गत ग्रामीण और सांस्कृतिक गांव, ईको टूरिज्म रिसॉर्ट, वे-साइड अमेनिटी और पर्यटन एवं आतिथ्य प्रशिक्षण संस्थान शामिल किए जाएंगे। इसका उद्देश्य क्षेत्र के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को सशक्त और आकर्षक बनाना है। जयवीर सिंह ने बताया कि कल्ली पश्चिम परियोजना स्थल लखनऊ के गोमती नदी के उत्तर-पश्चिमी तट पर बसा है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लखनऊ-कानपुर हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जैसे प्रमुख मार्गों से जुड़ा है। अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और तेजी से विकसित हो रहा मेट्रो नेटवर्क भी मौजूद है।

# पूर्व आईजी राजेश पांडे को स्टेट बैंक पेंशनर्स एसो. ने किया सम्मानित

**राजेश पांडे की पुस्तक ''वर्चस्व'' भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रपति पुलिस पदक, संयुक्त राष्ट्र पदक तथा तीन बार पुलिस पदक प्राप्त सेवानिवृत्ति आईजी राजेश पांडे जिनकी पुस्तक ''वर्चस्व'' को भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, उनके सम्मान में स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आज एसबीआई मुख्य शाखा में शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में सचिव अतुल स्वरूप ने बताया यूपी एसटीएफ के संस्थापक सदस्य श्री राजेश पांडे ने वीरता के अनेक पदक प्राप्त किये। वर्तमान में श्री अलीगंज हनुमान मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से उनके द्वारा जन सेवा के अनेक कार्य किये जा रहे हैं।इस अवसर पर श्री राजेश पांडेय ने ''वर्चस्व'' पुस्तक में वर्णित कुछ घटनाओं का उल्लेख किया उन्होंने बताया अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनसेवा का प्रण लिया था तथा माफियाओं एवं अपराधियों के समूल नाश के लिए सार्थक प्रयास किए। मंदिर में किये जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का श्रेय उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनता द्वारा दिए जा रहे सहयोग को दिया।कार्यक्रम में श्री प्रदीप मल्होत्रा- उपाध्यक्ष, वीके अवस्थी- संयुक्त सचिव एवं श्री हनुमान जी मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष श्री के के सिंह के साथ आंचलिक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सचिव- श्री हरिराम पांडे, जीएस भंडारी, समर बहादुर आदि बड़ी संख्या में से.नि. स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संगठन अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्रा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय श्रम समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। श्रमिकों के हित संवर्धन तथा जनपद में औद्योगिकीकरण को गतिशीलता प्रदान करने श्रमिकों और नियोजकों के मध्य मधुर औद्योगिक संबंध को स्थापित करने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (विनियिमन एवं सेवाशर्तें) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत अधिष्ठान पंजीयन, उपकर अधिनियम के क्रियान्वयन किये जाने हेतु जिला स्तरीय श्रम समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में जनपद वाराणसी में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, उनके लिए संचालित योजनाओं एवं उपकर संग्रहण की अद्यतन स्थिति से सहायक श्रम आयुक्त, वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृत करने वाली संस्थाओं यथा विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत एवं आवास विकास परिषद तथा अन्य निर्माण कार्यदायी संस्थाओं / विभागों द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्यों / परियोजनाओं का पंजीकरण कराये जाने एवं सभी परियोजनाओं पर कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कराये जाने के निर्देश दिए गये। यह भी निर्देश दिये गये कि कार्यदायी संस्था / विभाग द्वारा प्रत्येक निर्माण कार्य के सापेक्ष उपकर संग्रहण एवं उपकर निर्धारण की कार्यवाही की जाय तथा अधिष्ठान पंजीयन एवं श्रमिक पंजीयन कराये जाने हेतु मानचित्र स्वीकृति के समय जागरूक किया जाय, जिससे उपकर संग्रहण में वृद्धि हो सके एवं अधिकाधिक श्रमिकों को हितलाभ प्राप्त हो सके। सहायक श्रम आयुक्त, वाराणसी को निर्देश दिया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं / विभागों को अधिष्ठान पंजीयन एवं उपकर जमा किये जाने हेतु पत्र प्रेषित कराया जाय तथा जनपद वाराणसी में सभी लेबर अड्डों का नगर निगम के साथ समन्वय कर संयुक्त रूप से भ्रमण कर उपयुक्त स्थल का चिन्हांकन करते हुए श्रमिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था लेबर अड्डों पर कराये जाने हेतु कार्ययोजना एवं प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित समस्त योजनाओं यथा कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जन सुविधा केन्द्रो के माध्यम से श्रमिक पंजीयन कराने के निर्देश दिये गये, जिससे अधिकाधिक श्रमिकों को उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# खुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई, 660 मेगावाट का संचालन शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। 1320 मेगावाट खुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई (660 मेगावाट) का संचालन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्ज़ा मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।इस परियोजना के उत्पादन में से 65 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी, बल्कि उद्योगों को भी पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके चलते प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ल्लखुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर परियोजना की यह इकाई उत्तर प्रदेश की ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। माननीय प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का सपना साकार हो रहा है। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को लाभ होगा और औद्योगिक निवेश को और मजबूती मिलेगी।ङ्कखुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर परियोजना का यह शुभारंभ उत्तर प्रदेश को ऊर्ज़ा सम्पन्न, आत्मनिर्भर और औद्योगिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# नगर आयुक्त ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण, दिये सफाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर आयुक्त, अक्षत वर्मा द्वारा नवरात्र पर्व के दृष्टिगत शहर के नव दुर्गा मन्दिरों के आस पास उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था, मार्ग मरम्मत, पर्याप्त मार्ग प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल वाटर टैंकर की व्यवस्था, नव दुर्गा मन्दिरों को जाने वाले मार्ग में कहीं पर भी सीवर ओवर फ्लो की समस्या ना हो यदि कही पर भी इस प्रकार की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल समस्या का समाधान कराया जाना सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिए गए। एवं इसी क्रम में शहर के मूर्ति विसर्जित होने वाले कुंडों/तालाबों का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं मूर्ति विसर्जन से पूर्व आवश्यक साफ सफाई के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निम्न निर्देश दिए जिसमे सर्व प्रथम आदमपुर जोन स्थित शैलपुत्री देवी मंदिर के आस पास उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था, मार्ग मरम्मत, पर्याप्त मार्ग प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल वाटर टैंकर की व्यवस्था, नव दुर्गा मन्दिरों को जाने वाले मार्ग में कहीं पर भी सीवर ओवर फ्लो की समस्या ना हो यदि कही पर भी इस प्रकार की समस्या संज्ञान पर आने पर तत्काल समस्या का समाधान कराया जाना सुनिश्चित कराएं। इसी क्रम में आदमपुर जोन पीली कोठी स्थित धनेसरा तालाब के मूर्ति विसर्जित होने वाले कुंडों का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं मूर्ति विसर्जन से पूर्व आवश्यक साफ सफाई/पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए गए। इसी तरह आदमपुर जोन मछोदरी पार्क में स्थित तालाब के मूर्ति विसर्जित होने वाले कुंडों का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं मूर्ति विसर्जन से पूर्व आवश्यक साफ सफाई/पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए गए। आदमपुर जोन अंतर्गत मछोदरी स्थित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उक्त ट्रान्सफर स्टेशन के मार्ग के दोनों तरफ मछोदरी पार्क के गेट से लेकर पुलिस चौकी मछोदरी तिराहे तक नाली के साथ इंटर लॉकिंग कार्य कराए जाने एवं उक्त ट्रांसफर स्टेशन के सामने वाले मछोदरी पार्क के वॉल की पेंटिंग कराए जाने एवं उक्त मार्ग में ख्रक्कस्ट्रीट लाइट लगाए जाने साथ ही उक्त ट्रांसफर स्टेशन के पास बनाए गए मलबा केन्द्र को स्थानांतरित करते हुए पीली कोठी स्थित धनेसरा तालाब के पास बनाए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान श्री पवन कुमार गुप्ता, जोनल अधिकारी, आदमपुर, श्री मृत्युंजय नारायण मिश्रा, जोनल अधिकारी, कोतवाली, अधिशासी अभियंता, सिविल, सहायक अभियंता अन्य लोग मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.10.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 010102025 dated 22.09.2025 |
| निविदा संख्या | 19-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के अधीन झाँसी/कबरई खदान से रेक द्वारा आपूर्ति के माध्यम से लखनऊ-सुलतानपुर-जफराबाद खंड के सुलतानपुर लिए (IS/RDSO-CE/000:2023, फरवरी 2023 तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप) के अनुसार 65 मिमी गेज़ मशीन से क्रश की गई कठोर पत्थर की बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढेर लगाना, जैसा कि निर्देशित किया गया हो। |
| अनुमानित लागत | ₹15558000.00 |
| धरोहर राशि | ₹227800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| निविदा डालन का प्रारंभ | 10.10.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.10.2025 at 15:00 hrs. |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

निविदा सूचना सं.: 19-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 दिनांक: 22.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2918/2025

# नगराम : पत्नी के इश्क़ में अंधा मामा बना हत्यारा साथी संग मिलकर भांजे को उतारा मौत के घाट

**नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव का मामला, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा**

**मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, पहुंचे सलाखों के पीछे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में हुए सनसनीखेज रामफ़ेर हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। रिश्तों को शर्मसार करने वाली इस वारदात ने पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का मामा ही उसका हत्यारा निकला। हत्या की वजह भांजे की पत्नी से मृतक के चचेरे मामा के अवैध संबंध थे। जानकारी के मुताबिक बीते 18 सितंबर को गांव में भजन-कीर्तन का आयोजन था। इसी दौरान मौका पाकर मृतक का चचेरा मामा बसंत लाल निवासी रायबरेली अपने साथी केतार बेड़ियां निवासी करदहा गांव के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच बैठा। बसंतलाल अकसर अपनी दीदी के घर आता-जाता था, इसी दौरान उसकी नज़र चचेरे भांजे की पत्नी मीरा पर पड़ी और दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। इधर रामफ़ेर शराब का आदी था और नशे में आए दिन पत्नी से मारपीट करता था। इसी से तंग आकर मीरा और मामा ने रामफ़ेर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। घटना वाली शाम रामफ़ेर को फोन कर इंदिरा नहर किनारे बुलाया गया। वहां पहले उसे शराब पिलाई गई और नशे में धुत होने के बाद गमछे से गला कसकर मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद शव को पास ही नाले में डाल दिया ताकि यह दुर्घटना लगे। वही हत्या के बाद मीरा ने पुलिस को गुमराह करने के लिए पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गांव के ही विपक्षियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने मोबाइल सीडीआर, तकनीकी जांच और लगातार पूछताछ के आधार पर पूरा सच उजागर कर दिया। हत्या में प्रयुक्त गमछा आरोपियों से बरामद किया गया है।एसीपी मोहलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में और नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी की अगुवाई में कई टीमों ने लगातार सुराग खंगाले। अंततः मामा बसंतलाल और उसके साथी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।यह हत्या सिर्फ एक इंसान की जान लेने तक सीमित नहीं रही, बल्कि रिश्तों और इंसानियत दोनों को कलंकित कर गई। गांव और आसपास के इलाके में लोग चर्चा कर रहे हैं कि मोहब्बत के जुनून ने एक मामा को कातिल बना दिया और मासूम बच्चों को बेसहारा कर दिया।

**समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने उठाया बच्चों के जिम्मेदारी का बीड़ा**

गरीब बच्चों की मदद को आगे आए कपड़ा व्यवसायी सुभाष गुप्ता छतौनी गांव निवासी समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने मृतक रामफ़ेर के दोनों बच्चों की मदद का संकल्प लिया है। उन्होंने घोषणा की है कि मृतक के 10 वर्षीय बेटे प्रिंस और 13 वर्षीय बेटी प्रियंका को वह 20 वर्ष की आयु तक निःशुल्क कपड़े उपलब्ध कराएंगे। सुभाष गुप्ता ने कहा कि चूंकि बच्चों की मां मीरा भी हत्या में शामिल पाई गई और जेल भेजी जा चुकी है, ऐसे में बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं। बच्चों के खाने-पीने और देखरेख की जिम्मेदारी मृतक के भाई संभालेंगे, जबकि वह अपनी ओर से दोनों बच्चों को कपड़ों की कमी नहीं होने देंगे।गांव में कपड़े की दुकान चलाने वाले सुभाष गुप्ता ने एसओ विवेक चौधरी से मुलाकात कर मर्डर केस का सफल खुलासा करने पर पुलिस टीम की सराहना की और एसीपी रजनीश वर्मा को बधाई भी दी।

# दिवाकर दुर्गेश सिंह बने निगोहां मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी

**मंडल अध्यक्ष द्वारा मंडल स्तर पर किया नई जिम्मेदारियों की घोषणा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां मंडल में भाजपा ने संगठन को मजबूत करने तथा मीडिया प्रबंधन को धार देने के उद्देश्य से सोमवार को मंडल स्तर पर नई जिम्मेदारियों का गठन किया है। इसी क्रम में निगोहां मंडल का मीडिया प्रभारी दिवाकर दुर्गेश सिंह को नियुक्त किया गया है। निगोहां स्थित भाजपा कार्यालय पर एक सादे समारोह में मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने नव नियुक्त मीडिया प्रभारी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी जोरदार उत्साह और समर्थन जताया। सभी ने दिवाकर दुर्गेश सिंह को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता बनाए रखने की अपेक्षा जताई। मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा हाल ही में मंडल स्तर पर कई अहम जिम्मेदारियों का गठन किया गया है। जिसमें निगोहां मंडल से दिवाकर दुर्गेश सिंह को मीडिया प्रभारी, अमित तिवारी को मंडल आईटी संयोजक तथा अविनव सिंह को मंडल सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार का उद्देश्य पार्टी के कार्यों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है दिवाकर दुर्गेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा पार्टी की रीति-नीति और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# राजनीति में उतरने का मकसद जनता सेवा है: अनमोल तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने में अभी खासा समय है, लेकिन अभी से ही प्रत्याशियों के तुफानी दौरों का सिलसिला जारी हो गया हैं। जिला पंचायत सदस्य के लिए वार्ड नम्बर 21 में एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतें है। सामने आने वाले प्रत्याशियों में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अनमोल तिवारी किसान नेता होने के साथ-साथ समाजसेवी भी है, अनमोल तिवारी आज हर दिल की धड़कन बन चुके हैं। गरीबों की मदद करना, असहायों का सहारा बनना, और बीमारों को आर्थिक मदद कर उनका इलाज करवाना उनकी पहचान बन चुकी है। वार्ड नम्बर 21 में आने वाली ग्राम पंचायतें कनकहा, गढ़ी मेंहदौली , कुढ़ा, टांडा सिकंदर पुर, देवती, कुबहरा, तमोरिया, कमालपुर विचलिका, करोरा, समेसी, पतौना, रामपुर गढ़ी जमुनी, डिघारी समेत उतरावां शामिल हैं। जिसमें अनमोल तिवारी का जनसंपर्क लगातार जारी है, अनमोल तिवारी का मानना है कि राजनीति में उतरने का मकसद जनता सेवा है। अनमोल तिवारी युवाओं की उम्मीद, गरीबों का सहारा और क्षेत्रीय विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मैदान में उतरे हैं। वह गांव-गांव जाकर बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के बीच पहुंच कर अपनी पैठ बनाने में जुटे हैं।

# कक्षा 8 की छात्रा एक घंटे के लिए बनी खंड विकास अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कक्षा 8 की छात्रा विनीता को एक घंटे का बीडीओ बनाया गया। विनीता शिललर गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा है।छात्रा के साथ साथ उसकी टीचर ज्योति के अलावा, वार्डन पूजा तिवारी व पंचायत सचिव रविकांत पांडे भी पहुंचे। खुर्सी पर बैठते ही विनीता ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मंसाराम बाबू ने कार्य प्रणाली व सभी कर्मचारियों का परिचय व उनका क्या कार्य एवं दायित्व है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा व आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल ने प्रदेश व केंद्र सरकार की नीति व सिद्धांतों की सराहना की और कहा वर्ष 2027 में फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। एडीओ पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ल ने विनीता के उज्जवल भविष्य की कामना की। अकाउंटेंट अमित यादव ने भी विनीता को पढ़ लिखकर उच्च पद पर आसीन होने का आशीर्वाद दिया। विनीता ने बातचीत के दौरान कहा उसे बीडीओ की कुर्सी पर बैठकर बहुत अच्छा लगा। भविष्य में भी कुछ अच्छा करने का प्रयास करेंगे यह संकल्प उसने दोहराया। बातचीत के दौरान बीडीओ राजेश बहादुर सिंह ने विनीता को बताया कि बीडीओ कैसे बनते हैं और क्या शैक्षिक योग्यता है व कौन सी परीक्षा पास करनी पड़ती है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आरआर कालेज में कवि सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बीकेटी,लखनऊ । आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस,बख्शी का तालाब, लखनऊ में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रथम राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इन कवियों में अभय सिंह 'निर्भीक'(अंबेडकरनगर),विनोद साँवरिया(अमेठी), पुष्करअग्रिहारी(सुल्तानपुर),अतुल बाजपेई(उन्नाव), नीरज पांडे(रायबरेली),संध्या त्रिपाठी (लखनऊ),और योगेश चौहान (लखनऊ) शामिल थे।कार्यक्रम के अंत में,संस्थान के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने सभी कवियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हमेशा से ही साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।इस सम्मेलन के माध्यम से संस्थान ने न केवल साहित्य और कला के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ावा दिया,बल्कि उन्हें एक मंच प्रदान किया जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक,डीन,रजिस्ट्रार,समस्त फैकल्टी और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# मोहनलालगंज में स्वच्छता को लेकर चला जागरूकता अभियान, छात्र-छात्राओं ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। संवाददाता। सोमवार को नगर पंचायत मोहनलालगंज एवं नगर विकास निदेशालय की संयुक्त टीम ने कस्बे के नवजीवन इंटर कॉलेज और काशीश्वर कॉलेज में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत विद्यार्थियों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने तथा घर से निकलने वाले कूड़े को समय से नगर पंचायत की गाड़ी को सौंपने की अपील की गई। नगर पंचायत के सुपरवाइजर राजेश शुक्ला ने बताया कि नगर विकास निदेशालय से आए आकाश की मौजूदगी में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने दोनों कॉलेजों में छात्रों को स्वच्छता के महत्व को समझाया। इस दौरान बताया गया कि हर घर में दो रंगों के डस्टबिन एक गीले कूड़े के लिए और दूसरा सूखे कूड़े के लिए रखे जाएं, जिससे कूड़े के बेहतर प्रबंधन में मदद मिल सके।सुपरवाइजर राजेश शुक्ला ने छात्रों से अपील की कि वे न केवल स्वयं इस व्यवस्था का पालन करें, बल्कि अपने घरों और आस-पड़ोस में भी लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। जागरूकता सत्र के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता के नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## राजभवन में 251 सेवा बस्तियों की 5100 कन्याओं का होगा पूजन

लखनऊ । प्रेरणा परिवार की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को राजभवन में लखनऊ के आसपास की 251 सेवा बस्तियों की 5100 कन्याओं का पूजन किया जायेगा। इस अवसर पर कन्याओं की चरण पूजा के बाद कन्या भोज कराया जायेगा। बाद में सभी कन्याओं को उपहार भी दिया जायेगा। यह जानकारी गुंजित कालरा ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदना को समर्पित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय उपस्थि?त रहेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल और अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के व्यवस्था प्रमुख प्रशांत भाटिया ने बताया कि शहर के 11 युवा दंपतियों के सहयोग से प्रेरणा परिवार का गठन किया गया है। प्रेरणा का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को सनातनी परम्पराओं और मूल्यों से जोड़ना है।

# मिशन शक्ति 5.0 : रैलियों और नुक्कड़ नाटकों से समाज में गूँज रही बेटियों की आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को नई दिशा देने वाला मिशन शक्ति 5.0 पूरे प्रदेश में जोर-शोर से जारी है। सोमवार को भी प्रदेशभर के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों में लाखों बालिकाओं, बालकों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।

बालिकाओं ने रैलियां निकाली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर महिला सुरक्षा, शिक्षा और समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया तो अभिभावकों ने संवाद स्थापित कर बालिकाओं को मार्गदर्शन किया। प्रदेशभर के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में बालिकाओं ने अपने सशक्तिकरण और बाल अधिकारों की जागरूकता का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर माँ दुर्गा के नवरूपों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का मंचन लगभग 45 हजार स्थानों पर किया गया, जबकि 48,हजार स्थानों पर बालिकाओं और बच्चों ने जागरूकता रैलियाँ निकालीं और बाल अधिकारों से जुड़े नारे लगाए। इस कार्यक्रम में 3 लाख 45 हजार बालिकाएँ, 2 लाख 56 हजार बालक, 45 हजार शिक्षक और 1 लाख 25 हजार अभिभावक सक्रिय रूप से शामिल हुए। साथ ही, 1 एक लाख 61 हजार बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे इस महायोजना ने बच्चों और समाज में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास का संदेश मजबूती से पहुंचाया।

ज्ञातव्य है कि 21 सितम्बर को प्रदेश के सभी केजीबीवी विद्यालयों में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 88 हज़ार से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया और माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। अब मिशन शक्ति 5.0 को नारीशक्ति और सशक्तिकरण की भावना को घर-घर तक पहुंचाने के व्यापक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा देने के साथ प्रत्येक बालिका को सशक्त, जागरूक और समाज का नेतृत्व करने योग्य बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। हम इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। मिशन शक्ति 5.0 इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान, बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का संकल्प है। हर बालिका की प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

# जाति का इस्तेमाल नहीं करने के सरकार के फैसले का स्वागत : मोहसिन रज़ा


कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इलाहाबाद हाईकोर्ट के हालिया आदेश के अनुसार राज्य सरकार ने सार्वजनिक जगहों, कानूनी दस्तावेजों और पुलिस रिकॉर्ड्स में जाति का उल्लेख किए जाने पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। सरकार के इस फैसले का पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने स्वागत किया है। मोहसिन रजा ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए एक आदेश किया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि जाति का इस्तेमाल कोई भी अपने पत्र में नहीं करेगा। उसी का सन्दर्भ लेते हुए योगी सरकार ने आदेश किया है कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर जाति का प्रयोग नहीं किया जायेगा। इससे सोशल मीडिया पर लोग भड़काऊ पोस्ट डालते हैं। उससे सौहार्द बिगड़ता है। सौहार्द को बनाये रखने के लिए भाई चारे को बनाये रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने जो आदेश किया है उसका हम सबको स्वागत करना चाहिए। भारत सबका है। हम सब भारत के हैं, इस भावना के साथ सबको आगे बढ़ना चाहिए। विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर मोहसिन रज़ा ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग क्या बोलेंगे। उनकी तो पूरी राजनीति ही जातिवाद पर टिकी है। भाजपा ने कभी जातिवाद नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी का जातिवाद पर यह बड़ा हमला है। हमारी सरकार सबको साथ लेकर चलती है। यहां किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है।

# अटरिया में यादव मंच के माध्यम से यादव सांसद प्रतिनिधि बनाने की रखी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली सीतापुर । सिंधौली विधानसभा क्षेत्र के अटरिया कस्बे में रविवार को यादव जागरण मंच संगठन का आयोजन संदीप यादव के नेतृत्व में किया गया। इस मंच का मुख्य उद्देश्य यादव समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने के साथ एक दूसरे के मुश्किल में साथ देने को लेकर बताया गया। इस आयोजन में शामिल यादव मंच के माध्यम से सभी ने अपनी अपनी बात रखी। यादव मंच के माध्यम से सिधौली विधानसभा का सांसद प्रतिनिधि यादव समाज से बनाए जाने की बात कही गई तो काफी लोगों ने समर्थन करते हुए कहा कि जब सिधौली क्षेत्र का कोई सांसद प्रतिनिधि बनाया जाएगा तो जनता अपनी समस्याओं को पहुंचा सकेंगी। यादव समाज के शिवपूजन यादव को बीमारी से ग्रसित होने पर लखनऊ में इलाज चल रहे हास्पिटल में लोगों ने जाकर मदद करने की बात कही तो कुछ लोगों ने मंच पर ही अपनी सहयोगी राशि देकर इलाज में मदद के लिए पहुंचाने की बात कही। गनेश यादव, शिव मोहन यादव,बबलू यादव, डॉ सुनील यादव, दिनेश यादव पूर्व प्रधान धरावा, आशीष यादव एडवोकेट, मनोज यादव, खुशी राम रावत,आर के यादव, अंकित यादव, विमलेश यादव, मनोज यादव, के साथ सैकड़ों यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# इजराइल कोलंम्बिया की टीम ने किसानों को दिये टिप्स

## डिजिटल खेती के बारे में किसानों को दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर)। इजराइल व कोलम्बिया यूनिवर्सिटी यूएसए से आये एआई के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के बारे में जानकारी दी सकरन ब्लाक मुख्यालय सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी में इजराइल से आये रिसर्च स्कॉलर अमित,मोर,साषा,ने किसानों को खेती सम्बंधित जानकारी दी उनकी टीम के सौरभ कुमार यादव जिला प्रोग्राम कोआर्डीनेटर व श्रीयांक रस्तोगी कृषि एक्सपर्ट ने किसानों को सम्बोधित करते हुये बताया कि उनकी टीम एआई उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर एग्री गुरू एप्लीकेशन तैयार कर रही है जो किसानों की खेती से जुडी समस्याओं का डिजिटल रूप से समाधान प्रदान करेगा इसमे कृषि विभाग के अधिकारियों को जोडा गया है जो किसानों के सवालों के जवाव एआई के साथ मिलकर देगें इस ऐप से किसान अपनी फसलों में लगने वाले रोग, फसल बुआई, निराई,कटाई के साथ साथ अधिक उपज की जानकारी प्राप्त कर सकेंगें टीम द्वारा अब तक जनपद में 480 किसानों को जोड़ा गया है जो अब तक एआई तकनीक से खेती से जुडे 862 प्रश्नों का सटीक उत्तर प्राप्त कर चुकें है एग्री गुरू एआई चैटबॉट के माध्यम से प्रति दिन किसान 25 से 30 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त कर रहे है किसान बेहतर खेती की जानकारी के लिए किसान एग्री गुरू एआई चैटबॉट से जुडने के लए 18622454546 नम्बर पर वाटसएप पर हाय लिखकर मैसेज करें उसके बाद नाम फसल का नाम तथा गांव का नाम दर्ज करते ही किसानों का पंजीकरण हो जायेगा उसके बाद कोई भी सवाल कर सरके कृषि सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है इजराइल से आई टीम से पत्रकार संघ अध्यक्ष शिवकुमार जायसवाल ने डिजिटल खेती के बारे में जानकारी ली

इस मौके पर रवि प्रकाश एडीओ कृषि वीटीएम सतीश चन्द्र वर्मा एटीएम नितिन कुमार यादव, रवि कुमार तकनीकी सहायाक सुषमेश कुमार समेत किसान मौजूद थे ।

# रेहुआ-धौरहरा मार्ग पर साइकिल और बाइक की टक्कर, चार लोग गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। थाना खमरिया क्षेत्र अंतर्गत रेहुआ-धौरहरा मार्ग पर सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एउख्र डिग्री कॉलेज के सामने तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ जब प्रतापीबेहड़ निवासी श्यामू पुत्र गुरुबचन अपने बेटे के साथ बाइक से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे साइकिल सवार मनीष पुत्र तोताराम निवासी गुदरिया और उनके साथी से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ईसानगर फाल्ट ठीक कर लौट रहे संविदा लाइनमैन की हाइड्रा से टक्कर, हालत गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। सोमवार की दोपहर बाद एक बड़ा सड़क हादसा उस वक्त हो गया जब बिजली विभाग में कार्यरत संविदा लाइनमैन विपिन सिंह सिसोदिया अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक से वापस लौट रहे थे। सिसैया गांव के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार हाइड्रा वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। हादसे की सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

फाल्ट दुरुस्त कर लौट रहे थे विपिन

विपिन सिंह सिसोदिया, पुत्र प्रेमपाल सिंह, निवासी बेलबूदी पोस्ट शकरपुर, थाना हैदराबाद, वर्तमान में धौरहरा पावर हाउस में संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात हैं। सोमवार सुबह वे ईसानगर फीडर पर फाल्ट की सूचना पर गए थे। तकनीकी कार्य पूरा करने के बाद वे अपनी बाइक से वापस धौरहरा पावर हाउस लौट रहे थे।

सिसैया गांव के पास हुआ हादसा

करीब तीन बजे दिन में, जब विपिन सिसैया चौराहे से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित विश्वनाथ पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक हाइड्रा वाहन ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विपिन दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल विपिन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धौरहरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पावर हाउस में मचा कोहराम, परिजनों को दी गई सूचना

घटना की खबर मिलते ही धौरहरा पावर हाउस में हड़कंप मच गया। सहकर्मियों और विभागीय अधिकारियों में चिंता का माहौल बन गया। बिजली विभाग की ओर से विपिन के परिजनों को तुरंत सूचना दी गई।

स्थानीय लोगों ने हाइड्रा वाहन की लापरवाही को बताया हादसे का कारण

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हाइड्रा वाहन तेज रफ्तार में था और सामने से आ रही बाइक को देखकर भी चालक ने वाहन नहीं रोका। हादसे में विपिन की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हाइड्रा चालक की तलाश की जा रही है।

# समूह का महिलाओ को सिखाया गोबर से मूल्य संवर्धित उत्पाद निर्माण की विधियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), कटिया-2, सीतापुर द्वारा ग्राम शिवथाना, विकासखंड बिसवां की गोशाला में ल्लगाय के गोबर आधारित उत्पादों के निर्माण एवं उपयोगङ्क विषय पर एक दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिला स्वयं सहायता समूहों (ट्व्ब्ध्म) को गाय के गोबर से निर्मित पर्यावरणऽअनुकूल उत्पादों जैसे दीये, गमले, गोबर की लकड़ी आदि के निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि गोबर से बने उत्पाद न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केवीके का मुख्य उद्देश्य नवीनतम कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकियों का प्रसार कर किसानों एवं ग्रामीणों की आजीविका में सुधार करना है। खंड विकास अधिकारी बिसवां ने महिलाओ को प्रेरित करते हुए कहा कि आजकल पर्यावरण के प्रति लोग ज्यादा सजग हो रहे है और पर्यावरण हितैषी तकनीको को भी ज्यादा अपना रहे है सरकार भी इस पर जोर दे रही है जरूरत है मिलकर काम करने की और सम्मान पाने की। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से जुडकर नवोन्मेषी तकनीको की मदद से महिलाए आत्मनिर्भर बन सकती है केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शुभम सिंह राठौर ने प्रशिक्षणार्थियों को गोबर आधारित उत्पादों की वैज्ञानिक प्रक्रिया, स्वच्छता एवं स्थायित्व के बारे में जानकारी दी।

केन्द्र की गृह वैज्ञानिका डॉ. रीमा ने ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता विकास की संभावनाओं और गाय के गोबर के उत्पादों को स्थानीय बाजार में कैसे स्थापित किया जा सकता है, इस पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए क्षेत्र आधारित आयामों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है ।

## जौनपुर में माता शीतला के दरबार में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

जौनपुर । नवरात्र शुरू होते ही हर जगह माता के दर्शन को श्रद्धालूओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। जौनपुर में नवरात्र के दिन का खास महत्व होता हैम् जौनपुर में स्थित माता शीतला चौकिया का दर्शन पूर्वांचल के लोंगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। ये भी मान्यता है कि किसी को माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन करना है तो उसके पहले माँ शीतला का दर्शन जरूरी है। उसके बाद ही माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन का महत्व है। लोगों की आस्था इस बात से भी देखी जा सकती है कि दिल्ली, मुम्बई जैसी जगहों से यहा माँ के दर्शन को खिंचे चले आते हैं।

पूर्वांचल के लोगों की आस्था का केंद्र माँ शीतला चौकिया धाम में यू तो हर समय दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन नवरात्र के अवसर पर यहाँ हजारों की संख्या में लोग अपनी मनोकामना लेकर माता के दर्शन को आते हैं। मान्यता है कि माता शीतला का दर्शन करने के बाद ही माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन किया जाता है। नवरात्र के पहले दिन ही भक्तों की लंबी कतार लग गयी है।

# लखीमपुर में नन्हीं परियों की किलकारियों संग मिशन शक्ति 5.0 का भव्य आगाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । शारदीय नवरात्र की आरती और घंटों की गूंज के बीच सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय और कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार का माहौल खुशियों और उमंग से सराबोर हो गया। नवजीवन की मधुर किलकारियों के बीच 11 नवजन्मी बेटियों के ल्लकन्या जन्मोत्सवङ्क के साथ मिशन शक्ति 5.0 का जनपद स्तर पर भव्य शुभारंभ हुआ। सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवजात बेटियों का जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने माताओं का टीका कर माला पहनाई और उन्हें बेबी केयर किट, मिष्ठान, बधाई पत्र और सीएसआर किट प्रदान की। वितरित बेबी केयर किट में बेबी शैम्पू, बेबी सोप, बेबी पाउडर, बेबी मसाज ऑयल, बेबी लोशन सहित अन्य सामग्री शामिल थी। सीएसआर किट में छाता, टॉर्च मय बैट्री, सेनेटरी पैड, 2 लीटर पानी की बोतल और मच्छरदानी दी गई। इस दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ. अमित कुमार गुप्ता और डीपीओ लवकुश भार्गव भी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि हमारे समाज में नारी शक्ति को हमेशा पूजा जाता है। आज हम सौभाग्यशाली हैं कि बेटियों को जन्म देने वाली माताओं के साथ बेटियों का जन्मोत्सव मना रहे हैं। सही पालन-पोषण और देखभाल से बेटियां भी बेटों की तरह अपनी प्रतिभा से परिवार और समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती हैं। बेटों के समान बेटियों को भी स्तनपान कराएं ताकि वे कुपोषण का शिकार न बनें। आज बेटियां विज्ञान, शिक्षा, खेल और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं। नवरात्र जैसे पावन पर्व पर बेटियों का सम्मान करना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास भी है। साथ ही कलेक्ट्रेट अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 24 और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के 10 लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र और सीएसआर किट प्रदान की।

डीएम ने एक-एक लाभार्थी से संवाद कर योजनाओं के उद्देश्य समझाए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेटियां हमारे समाज का भविष्य हैं। उनकी सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हम सभी की है। अच्छी परवरिश और बेहतर देखभाल ही उन्हें सशक्त बनाएगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कन्याओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत करना है। उन्होंने लिंग भेद मिटाने, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद सहित महिला कल्याण एवं आईसीडीएस विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विशाल कलश यात्रा, ग्रामीणों में दिखा आस्था का उत्साह

धौरहरा (खीरी)। रमियाबेहड़ गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 22वें नवदुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं के उत्साह के बीच गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भक्तिमय वातावरण ने आयोजन को भक्तिरस में डुबो दिया। कलश यात्रा की शुरुआत नव दुर्गा पूजा पंडाल से हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में गांव के नर-नारी, बच्चे, युवा और बुजुर्ग मां दुर्गा की जयकारों के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा में राकेश मोहन तिवारी, पूर्व प्रधान निशा वर्मा, वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि बिलाल अहमद, सरोज जायसवाल, गुरचरन नेता, शिवराज राज, अमेरिका जायसवाल तथा कल्लू यादव समेत कई प्रमुख आयोजक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा की आरती व भोग अर्पण के बाद भजन संध्या और झांकियों का आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन में रात्रिकालीन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। एक अक्टूबर को जनपद पीलीभीत से आई गोविंद जागरण पार्टी के द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा अवैध क्लीनिक,स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। निघासन ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेलियार में झोलाछाप डॉक्टर अपनी मनमानी के चलते अवैध क्लिनिक संचालित कर रहा है। झोलाछाप डॉक्टर बंगाली क्लिनिक के नाम से क्लिनिक संचालित कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। बंगाली डॉक्टर अपने निजी मकान में मरीजों को देखता है और वहीं ओपीडी बनाये हुए है।

सूत्रों के अनुसार आरोप लगाया गया है कि बंगाली डॉक्टर गंभीर मरीजों को भी देखने से इनकार नही करता है, भले ही उनकी स्थिति गंभीर हो या जानलेवा।

बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक...!!!

बंगाली डॉक्टर बिना किसी डिग्री और रजिस्ट्रेशन के अपना क्लीनिक चला रहा है। उसके पास कोई चिकित्सा योग्यता नहीं है, लेकिन वह मरीजों का अवैध तरीके से इलाज करके मनमाने तरीके से मोटी रकम की वसूली करता है।

ग्रामीणों का आरोप...!!! ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन झोलाछाप डॉक्टरों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे मामलों में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल उठते हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस अनदेखी के कारण झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर अपना धंधा चला रहे हैं और जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी और स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। आवश्यक है कि स्वास्थ्य विभाग ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करे और झोलाछाप डॉक्टरों पर अंक

स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वह झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग खबर को संज्ञान मे लेकर कोई कार्यवाही करता है या नही ?

# सिंघनापुर शक्ति पीठ में ज्योति स्थापना, नवरात्रि पूजन की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सिंघनापुर । ललिता मईया नैमिषारण्य धाम के दरबार से लाई गई ज्योति की स्थापना दरबार मां सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ सिंघनापुर में विजय शंकर बाजपेयी द्वारा की गई। माता के सेवक विजय शंकर बाजपेयी ने कहा कि सनातनी समाज वर्षों से इस पूजा का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नव स्वरूप की पूजा करने से घरों में सुख शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने मंदिर के इतिहास से लोगों को अवगत कराया और समाज की धरोहर को बचाए रखने का वर्तमान युवा पीढ़ी से आह्वान किया। माता के सेवक विजय शंकर बाजपेयी ने बताया कि 23 सितंबर दिन मंगलवार से 29 सितंबर दिन सोमवार को श्रीमद्भ भागवत कथा का समापन होगा। 30 सितंबर दिन मंगलवार हवन एवं मंशा माता की खिचड़ी का भंडारा होगा। 1 अक्टूबर दिन बुद्धवार को भंडारा एवं ज्योति विसर्जन घाघरा नदी लालपुर में होगा।

# धान की फसल में गंधी कीट व आभासी कंडुआ फल्स स्मट की रोक थाम के लिये एडवाइजरी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यह रोग उन क्षेत्रों में जहाँ पर अधिक आर्द्रता 90 प्रति0 से अधिक और 25-35 डिग्री सेटीग्रेड तापक्रम व मृदा में नत्रजन की अधिक मात्रा होने पर फैलता है**

**इस रोग का प्रभाव बालियों में किसी किसी दाने पर होता है प्रभावित दाने आकार में काफी बड़े व घुघरुओ जैसे होते हैं। रोग ग्रस्त दानों के फटने पर उनमें नारंगी रंग का पदार्थ दिखाई देता है**

बदायूँ। जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत ने किसानों को धान की फसल में लगने वाले गन्धी वग एंव आभासी कंडुआ से बचाव की एडवाइजरी जारी की है। जनपद में धान की फसल लगभग 153240 हैक्टेयर क्षेत्रफल में बोई गयी है, जो इस समय फसल लगभग 70 से 75 दिन की हो गयी है। अगेती फसलों में धान की बालियों भी निकल रही है।

धान की इस अवस्था में गन्धी वग एंव आभासी कंडुआ प्रमुख कीट/रोग लगता है। गन्धी वग-धान में फूल व बाली निकलने/दुग्धावस्था में एक कीट लगता है और धान के फूल व दाने के दूध को चूस लेता है, जिससे दाने नहीं पड़ते अथवा दाने के वजन में कमी हो जाती है। इस कीट के शिशु व व्यस्क दूधियाँ अवस्था में दानों से रस चूसते है और एक एक दाना भूसा बन जाता है व छेद के स्थान पर काले धब्बे बन जाते है इस कीट के अधिक प्रकोप होने पर धान के खेत में बदबू आने लगती हैं। जिससे धान का उत्पादन प्रभावित होता है एवं धान के दाने पर काले धब्बे पड़ जाते है। जिससे धान का बाजार मूल्य भी कम हो जाता है यदि यह गन्धी कीट धान की फूल निकलने की अवस्था में प्रति 100 पौधो पर 5 तथा दुग्धावस्था से लेकर दाना बनने की अवस्था तक प्रति 100 पौधों पर 10 कीट से अधिक दिख रहें है तो कीट के नियंत्रण हेतु विभिन्न उपाय अपनाये। कीट का प्रबंधन-इस कीट के नियंत्रण हेतु 20 किग्रा0 मैलाथियान 5 प्रति0 धूल प्रति हैक्टेयर को सुबह सूर्य निकलने से पूर्व एवं सूर्यास्त के समय धान की फसल पर भुरकाव करें या मैलाथियान 50 प्रति0 ई.सी. को 200 मिली दवा को 150 से 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें अथवा नीम ऑयल 15 प्रति. को 2.50 से 3 लीटर दवा की मात्रा को प्रति हैक्टेयर छिड़काव करें। राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर 50 प्रति. अनुदान पर मैलाथियान 50 प्रति. एवं 75 प्रति. अनुदान पर नीम ऑयल (नीम का तेल) उपलब्ध है।आभासी कंडुआ फल्स स्मट-यह रोग अस्टीलगीनोझिया विरेनस नामक फफूंद के कारण होता है।

यह रोग उन क्षेत्रों में जहाँ पर अधिक आर्द्रता 90 प्रति0 से अधिक और 25-35 डिग्री सेटीग्रेड तापक्रम व मृदा में नत्रजन की अधिक मात्रा होने पर फैलता है। यह रोग बाली निकलने के बाद ही दिखाई पड़ता है। हवा इस रोग के बीजाणुओं को एक पौधे से दुसरे पौधे पर तीव्रता से फैलाती है। इस रोग का प्रभाव बालियों में किसी किसी दाने पर होता है प्रभावित दाने आकार में काफी बड़े व घुघरुओ जैसे होते हैं। रोग ग्रस्त दानों के फटने पर उनमें नारंगी रंग का पदार्थ दिखाई देता है। जो वास्तव में फफूंद होता है। शुरु में इन घुघंरुओं का रंग सफ़ेद, नारंगी फिर पीलापन लिये रहा व बाद में हरापन लिये काला हो जाता है। इस रोग के कारण दानों का परीक्षण बजन कम हो जाता है। अंकुरण 35 प्रति0 तक कम व उपज में भी कमी हो जाती है।रोग का प्रबंधन-बीजाणु रहित बीज ही बोयें व 10 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किलोग्राम की दर से बीज उपचार अवश्य करें। बीज को 52 डिग्री सेन्टीग्रेड पर 10 मिनट तक उपचारित कर सकते है। नत्रजन खाद / उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें। रोपाई के छः सप्ताह बाद नत्रजन खाद का प्रयोग न करे। इस रोग के रासायनिक उपचार हेतु कोसाइड (कॉपर हाइड्रोक्साइड) 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से गोभावस्था में स्प्रे करें।

## औचक निरीक्षण में 131 चिकित्सक-कर्मचारी अनुपस्थित, डीएम ने एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 31 अगस्त को वीडियो कान्फेंसिंग में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 03 सितम्बर 2025 को प्रातः 09 बजे जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण विभिन्न मजिस्ट्रेट व अधिकारियों के द्वारा करवाया गया। निरीक्षण में कुल 131 चिकित्सक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सभी अनुपस्थित का एक दिन का वेतन व मानदेय काटते हुए सितम्बर 2025 का वेतन आहरित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। डीएम ने बताया कि 03 सितम्बर को कराए गए निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र(सी0एचसी0) जगत में 4, इस्लामनगर में 8, कादरचौक में 4, बिनावर में 2, बिसौली में 02, बिल्सी में 10, आसफपुर में 02, सहसवान में 06, दहगवां में 22, वजीरगंज में 05, ककराला में 04, सैदपुर में 05, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र(पी0एचसी0) म्याऊ में 23 तथा जिला महिला चिकित्सालय में 34 सहित कुल 131 चिकित्सक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

## बैंक मैनेजर ने रुपये लेकर नहीं किए जमा, मुकदमा के आदेश

**बदायूं।** शहर के अर्बन कोआपरेटिव बैंक की शाखा में किसान के लोन का 2.93 लाख रुपया लेने के बाद भी जमा नहीं किया। मामले में एक अधिवक्ता ने कोर्ट में वाद दायर किया था। सीजेएम मोहम्मद तौसीफ रजा ने बैंक मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया हैं।सिविल लाइन कोतवाली के मोहल्ला नेकपुर निवासी पंकज कुमार सिंह ने सीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया था। उसने बताया कि 2018 में स्टेशन रोड स्थित अर्बन कोआपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक सचिन अग्रवाल उनके आए और कहा, लोन का टारगेट पूरा नहीं हुआ है।वह घर बनाने के लिए उसकी बैंक से लोन ले ले। उन्होंने मासिक किश्त चुकाने में असमर्थता जताते हुए लोन लेने से इंकार कर दिया। सचिन ने उनसे कहा कि वह चिंता न करें, लोन की मासिक किश्त वह जमा कर देगा। वह उनको नगद देते रहें। पंकज का कहना है कि उसने सचिन की बात पर भरोसा कर छह लाख रुपये का लोन लेकर घर बनवा लिया। वह अपने लोन का भुगतान समय-समय पर अपने खाते में तथा सचिन से पूर्व तय हुए के अनुसार करता रहा।नौ जून 2025 को वह शाखा प्रबंधक सचिन के पास बैंक गए और अवशेष लोन की एकमुश्त योजना की जानकारी ली। सचिन ने उन्हें योजना की जानकारी नहीं दी। जब उन्होंने लोन खाते का स्टेटमेंट मांगा तो सचिन ने स्टेटमेंट देने से मना कर दिया। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात पर उसे स्टेटमेंट निकालकर दिया गया।उसे देखकर पता चला कि उससे ली गई रकम को लोन खाते में जमा नहीं किया गया। आरोप है कि सचिन ने धोखाधड़ी करके उससे 2.93 लाख रुपये हड़प लिए। अब कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

## 27 सितम्बर, 10 अक्टूबर तथा 14 नवम्बर 2025 को होगा विशेष तथा नेशनल लोक अदालतों का आयोजन

**बदायूँ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारतवर्ष में ऋण वसूली न्यायाधीकरण, (डी0आर0टी0) के समक्ष लम्बित वादों के निस्तारण हेतु 27 सितम्बर, 10 अक्टूबर तथा 14 नवम्बर 2025 को विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।उन्होंने बताया कि ऋण वसूली से सम्बन्धित विवादों के हितधारकों (बैंकिग प्रतिष्ठान) से समन्वय स्थापित किया गया जिसमें जनपद के समस्त बैंकिंग प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से उक्त विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु कहा गया है जिससे 27 सितम्बर, 10 अक्टूबर तथा 14 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों में ऋण वसूली से सम्बन्धित वादों का निस्तारण अधिक से अधिक संख्या में किया जा सके।इसी क्रम में उन्होंने आम जनमानस व वादकारियों से अपील की है कि अपने ऋण वसूली से सम्बन्धत मामलों के सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित बैंक शाखा के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं एवं विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों को सफल बनाये जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान कर लाभान्वित होगें।

## डीएम ने की बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**सम्भल, बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं समाज कल्याण विभाग के विभिन्न कार्य योजनाओं तथा भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें और महिलाओं को जाकर समझाएं। सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन आर सी) को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को वहाँ भिजवाना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। समाज कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए फैमिली आईडी में प्रगति कम होने को लेकर असमोली और सम्भल के समाज कल्याण ग्राम विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, समाज सेविका संगीत भार्गव एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## मिशन शक्ति से सशक्त होगा महिलाओं का कुनबा

**अनूपशहर।** भाजपा महिला मोर्चा ने कोतवाली में मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ कर महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार के कदम को महत्वपूर्ण बताया।सोमवार को कोतवाली में मिशन शक्ति फ़ेज-5 का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री मिथलेश शर्मा, दामिनी गौड़, एसआई सविता शाक्य ने फीता काटकर किया। मिथलेश शर्मा ने कहा कि सरकार ने यह अभियान नारी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन बनाने के लिए शुरू किया है। मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के संरक्षण और न्याय सुनिश्चित करने तथा महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षा और सशक्तिकरण देगा। दामिनी गौड़ ने कहा कि सरकार बेटियों को बढ़ाने व उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र पर पीड़ित महिला के आने पर पूरे मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः सशक्त होने तक काउंसलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएगी। इस मौके पर मधु शर्मा, शिल्पी पंवार उमा वार्ष्णेय, मुनेश शर्मा, गोविन्द अग्रवाल, पराग गर्ग, राहुल बाल्मीकी आदि मौजूद रहे।

## माइकल फराडे का जन्म दिवस मनाया

**अनूपशहर।** डीपीबीएस कालेज में महान भौतिक वैज्ञानिक माइकल फराडे का जन्म दिवस मनाया गया। जिसमें विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया।सोमवार को डीपीबीएस कालेज में माइकल फराडे का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर दीक्षित कुमार और साहिल चौधरी ने अपने-अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। दीक्षित कुमार ने फराडे के बारे में बताया कि उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने विद्युत चुंबकत्व और विद्युत रसायन के क्षेत्र में अपने शोध से आधुनिक विज्ञान की नींव रखी। साहिल चौधरी ने कहा कि फराडे का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है, जो आज के युवाओं को प्रेरणा देता है। यजुवेंद्र कुमार ने उनके कार्यों को आधुनिक तकनीक और अनुसंधान की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विज्ञान संबंधी एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज में आस्था शर्मा प्रथम, मोनिका चौधरी द्वितीय एवं कमलेंद्र राघव व प्रशांत कुमार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर श्री अनिल कुमार, डा. हरेंद्र कुमार, हिमांशु कुमार एवं डा. आलोक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनी के प्रति बड़ा रुझान, सैकड़ों ने देख कर जाना प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व व कृतित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सोमवार को 400 से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

बदायूं। प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन गत दिनों केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में किया गया था, प्रदर्शनी के प्रति आमजन में रुझान बड़ा है।

सोमवार को विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, छात्रों व जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। सोमवार को 400 से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी बदायूं क्लब बदायूं में गत 17 सितंबर से संचालित है जो कि आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी का अवलोकन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जा सकता है।सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक, एसके इंटर कॉलेज के अध्यापक व छात्र तथा हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इंटर कॉलेज के अध्यापक व छात्र सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मा0 प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व को जाना वहीं दूसरी ओर केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी ली।जनपदवासी एक बार इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ ले। मा0 प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व को जाने तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जाने तथा अन्य लोगों को भी प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए प्रेरित करें। युवा पीढ़ी इस ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभान्वित हो।

## शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

अनूपशहर। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में राष्ट्रीय चेतना मिशन के सहयोग से भारद्वाज कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में विशेष शिविर लगाकर 20 लोगों ने रक्तदान किया। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय चेतना मिशन के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने 20 लोगों का सुरक्षित तरीके से रक्तदान संपन्न कराया। इस मौके पर श्री कृष्ण अग्रवाल, संजीव गुप्ता, प्रदीप शर्मा, रामपाल सिंह, विजय राघव, अरविंद चौधरी, बृजेश नागल, रंजना शर्मा, सुमित आदि का योगदान रहा।

# कबाड़ी बाजार में लगी आग तीन लोग झुलसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नेहरू चौक मछली मंडी स्थित कबाड़ी बाजार में सोमवार दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। गैस सिलिंडर फटने से धमाके हुए, जिससे दहशत फैल गई। बदायूं के कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू चौक मछली मंडी स्थित कबाड़ी बाजार में सोमवार को आग लग गई। आग इतनी तेजी से भड़की कि देखते ही देखते कबाड़ी की कई दुकानों और दो से तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लाखों रुपये का कबाड़ जलकर खाक हो गया। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कबाड़ी की दुकानों में अवैध तरीके से रखे गए गैस सिलेंडरों के फटने से आग विकराल हो गई। धमाके की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग और दुकानदार पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने में जुट गए और बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड को नहीं दी सूचना चौंकाने वाली बात यह है कि घटना की सूचना न तो पुलिस को दी गई और न ही फायर ब्रिगेड को। स्थानीय लोग और दुकानदार आग बुझाने के बाद अब कबाड़ समेटने में लगे रहे। आशंका जताई जा रही है कि सिलेंडरों के कारण बड़ा हादसा हुआ। इसी वजह से कोई भी व्यक्ति खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। लोगों को डर है कि पुलिस कार्रवाई कर सकती है। हालांकि आसपास के लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो पूरा बाजार जलकर खाक हो सकता था। फिलहाल पुलिस प्रशासन मामले की जानकारी जुटाने में लगा हुआ है।

# खनन माफिया से गठजोड़ पड़ा भारी

**एसएसपी ने सिपाही और चालक को किया निलंबित, दरोगा लाइन हाजिर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में खनन माफिया से दोस्ती गांठने पर सिपाही और चालक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं मारपीट के मामले में एसएसपी ने दो अन्य सिपाहियों पर भी कार्रवाई की है। बदायूं जिले में खनन माफिया से गठजोड़ और पुलिसकर्मियों के बीच मारपीट की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसएसपी ने गंभीरता दिखाते हुए चालक समेत चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया, जबकि वजीरगंज थाना क्षेत्र की रहेड़िया चौकी पर तैनात एक दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है।पहला मामला उसावां थाना क्षेत्र का है। यहां कुछ दिन पहले खनन माफिया और एक सिपाही के बीच बातचीत के दो ऑडियो वायरल हुए थे। मामले की जांच सीओ से कराई गई। उसमें दोषी पाए जाने पर सिपाही अशोक और चालक राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया। वहीं दूसरा मामला दातागंज थाना क्षेत्र का है। वहां डायल 112 पर तैनात दो सिपाही शक्ति राठी और मनीष के बीच रविवार सुबह किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। इस घटना की जानकारी एसएसपी तक पहुंचते ही दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं वजीरगंज की रहेड़िया चौकी पर तैनात दरोगा रजत कुमार पर दिव्यांग व्यक्ति को थाने ले जाकर छोड़ने के नाम पर दस हजार रुपये की वसूली का आरोप लगा। उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिसकर्मियों की अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने पर आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने की पंचायतीराज विभाग के कार्यो की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड कोऑर्डिनेटर की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की, उन्होंने कहा कि जो कोऑर्डिनेटर कार्य ठीक नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए**

सम्भल, बहजोई । कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड कोऑर्डिनेटर की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जो कोऑर्डिनेटर कार्य ठीक नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत सहायकों का भुगतान उनकी उपस्थिति के अनुसार करें उसकी प्रत्येक दशा में देख ले। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की चर्चा की गयी। आरआरसी सेंटर की क्रियाशीलता यूजर चार्ज ओडीएफ मॉडल विलेज रिपोर्ट पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिटिजन पोर्टल पर आई एच एच एल एप्लिकेशन, ओडीएफ प्लस पर व्यय पर चर्चा की गयी जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया जाए और आरआरसी सेंटर विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी एवं फॉर्म रजिस्ट्री को लेकर नाराजगी व्यक्ति की एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की फैमिली आईडी का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिस विकास खंड की प्रगति कम है उससे संबंधित अधिकारी का नो वर्क एवं नो पे के आधार पर वेतन काटना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 क्यूआर कोड स्कैनर को ग्राम पंचायत स्तर पर लगाने को लेकर भी चर्चा की जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की शत प्रतिशत क्यूआर कोड स्कैनर लगवाना सुनिश्चित करें। समस्त पंचायतों भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैम्प बनायी जाएं। बायोगैस सयंत्र, रेट्रो फिटिंग, केयर टेकर मानदेय, बहुउद्देशीय पंचायती भवन आदि पर चर्चा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने केयरटेकर, रोजगार सेवक, मेठ इत्यादि के भुगतान को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी सीपी सिंह तथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित होंगे जनपद सम्भल के कृषि उत्पाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**इस प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला है**

संभल। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद सम्भल के कृषि उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात विभाग की ओर से कृषि आधारित निर्यात योग्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी।

निरीक्षक, कृषि एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला है। जिसमें जनपद संभल की निर्यातक फर्म दौलत राइस की ओर से जनपद के चावल का प्रदर्शन किया जाएगा। सम्भल का चावल अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है तथा सरकार निर्यातकों को प्रोत्साहन देकर किसानों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है। अपने पिछले संस्करणों की अपार सफलता के साथ, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 और भी बड़ा होने वाला है, जिसमें हज़ारों प्रदर्शक, वैश्विक खरीदार, उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता और व्यावसायिक पेशेवर एक ही छत के नीचे एकत्रित होंगे। अत्याधुनिक नवाचारों से लेकर पारंपरिक शिल्पकला तक, उभरते स्टार्टअप से लेकर स्थापित उद्यमों तक, यह व्यापार मेला असीम अवसरों का प्रवेश द्वार है, जो उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापार केंद्र बनने की ओर अग्रसर कर रहा है।25 से 29 सितंबर, 2025 तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाला यह व्यापार मेला आर्थिक विकास और औद्योगिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप, यह आयोजन विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प, कृषि आदि सहित विविध उद्योगों में निवेश, व्यापार सहयोग और क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देता है।इसमें खरीदारों को तीन प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया है: अंतर्राष्ट्रीय खरीदार, घरेलू B2B खरीदार और घरेलू B2C खरीदार।

## डॉ. अमिता जैन ने एम्स रायबरेली के कार्यकारी निदेशक का संभाला पद

रायबरेली । डॉ. अमिता जैन ने संस्थान के तीसरे कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ का पद ग्रहण कर लिया है। इस पद पर उनका प्राथमिक कार्यकाल 3 वर्षों का है। डॉ. जैन इसके पूर्व लखनऊ के प्रसिद्ध किंग जॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी में डीन (अकादमिक) एवं माइक्रोबायोलजी विभागाध्यक्ष के पद से जून 2025 में सेवानिवृत्त हुई थी।उन्होंने 1982 में एमबीबीएस, 1986 में माइक्रोबायोलॉजी में एमडी और बाद में 2017 में केजीएमयू से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इन वर्षों में, उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है, जिनमें 2017 में इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (यूपी चैप्टर) द्वारा प्रो. यू. सी. चतुर्वेदी ओरेशन और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और 2022 में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया जाने वाला विश्व गौरव सम्मान शामिल है। उन्हें 2018 में रॉयल कॉलेज ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स (लंदन) की फ़ेलोशिप और नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (एफएएमएस) की फ़ेलोशिप के साथ-साथ 2021 में इंफ़ेक्शियस डिजीज सोसाइटी ऑफ अमेरिका (आईडीएसए) की फ़ेलोशिप भी प्रदान की गई है। उन्हें 2014 में अनुसंधान में उत्कृष्टता पुरस्कार मिला और 2012 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार सहित अनुसंधान और शिक्षण में उत्कृष्टता के लिए केजीएमयू द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है।

# नवागंतुक बीएसए ने किया ज्वॉइन, शिवेंद्र सिंह की हुई विदाई

**प्रमोशन के बाद डायट लखनऊ के उप प्राचार्य बने हैं शिवेंद्र प्रताप सिंह, अमेठी जिले के टीका माफीपुर में प्रधानाचार्य रहे हैं नए बीएसए राहुल सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। गैरजनपद स्थानातंरण के बाद में खाली चल रहे बीएसए के पद पर सोमवार को अमेठी जिले से स्थानांतरित होकर आए पीईएस अफ़सर राहुल सिंह ने ज्वॉइन कर लिया है। सोमवार को उनकी ज्वॉइनिंग के साथ ही सम्मान किया गया और पूर्व बीएसए रहे शिवेंद्र प्रताप सिंह की विदाई की गई। बता दें, प्रमोशन के बाद लखनऊ डायट के उप प्राचार्य बने निर्वतमान बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह की विदाई की गई। बता दें, जिले के वर्तमान बीएसए अमेठी जिले के टीका माफीपुर में प्रधानाचार्य के पद पर राहुल सिंह कार्यरत थे। उनका स्थानांतरण जिले में बीएसए के पद पर किया गया है। जिले के बीएसए बने राहुल सिंह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से वर्ष 2018 में निकाले गए प्रधानाचार्य के पद पर हुआ है।

पांच साल तक प्रधानाचार्य से अधिक समय तक कार्य करने के बाद उनकी नियुक्ति जिले में बीएसए के पद पर की गई हैं। वहीं, जिले में चार साल से अधिक समय तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे शिवेंद्र प्रताप सिंह प्रमोशन के बाद में वर्तमान उप प्राचार्य के पद पर डायट लखनऊ में हो गया है। इस मौके पर जीआईसी के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव, डबल एओ सरोज कुमार, बीईओ बृजलाल वर्मा, धर्म प्रकाश, डॉ. सत्य प्रकाश यादव, अनिल मिश्र, मुकेश, वीरेंद्रनाथ द्विवेदी, अविनाश,अरविंद सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, नन्दलाल, राजीव ओझा, शीतल, एसआरजी राजवंत सिंह, शैलेंद्र सिंह, सुनील यादव , बड़े बाबू शिवचन्द बाजपेई, इन्दीवर, हर्षित यादव, अभिषेक सिंह, डीसी अविलय सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, विनय तिवारी, सत्यम सिंह, आशीष सिंह, राशिद, अंकुर श्रीवास्तव, विनोद सिंह, नीलम सिंह, बृजेश मौर्य, सीता, मीना आदि लोग मौजूद रहे।

# हैवान पति ने पत्नी को लगाया करंट, ससुर की गला दबाकर हत्या

**अरोपी पति ने अवैध संबंध के शक में दिया वारदात को अंजाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। परसपुर थाना क्षेत्र में एक हैवान पति ने करंट के झटके देकर पत्नी की हत्या कर दी। बेटी की चीख सुनकर बचाने पहुंचे ससुर को भी गला घोटकर मार डाला। वह मौके से भाग रहा था। तभी गांव वालों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। ससुर ने पत्नी की मौत के बाद इकलौती बेटी और दामाद के नाम जमीन लिखी थी,आरोपी पत्नी पर अवैध संबंध का आरोप लगाकर उससे मारपीट करता था। तभी ससुर ने उसका नाम बैनामे से हटवा दिया था। आरोपी ने इसी बात से नाराज होकर पत्नी और ससुर की हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना रविवार रात पर सपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव की है। इकलौती बेटी की आठ साल पहले की थी शादी परसपुर के राजापुर गांव निवासी मंगल (52) ने अपनी इकलौती बेटी संगीता (28) की शादी आठ साल पहले तरबगंज के बक्शेला निवासी पवन प्रजापति (32) से की थी। पवन दिल्ली में अकेले रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। मंगल की पत्नी बंगालन की तीन साल पहले मौत हो गई थी। बेटी संगीता ही उनकी देखभाल करती थी। वह पिता के साथ ही रहती थी। शादी के समय मंगल ने पवन से वादा किया था कि उसकी मौत के बाद सारी संपत्ति संगीता और पवन के नाम ही होगी। तीन साल पहले मंगल ने अपनी डेढ़ बीघा जमीन को दामाद पवन और बेटी संगीता के नाम कर दिया। मगर तीन दिन पहले उसने बैनामे से दामाद का नाम हटवा दिया। ये बात जैसे ही पवन को पता चली- वो विरोध करने लगा।पत्नी संगीता ने भी पिता का ही साथ दिया। इसी बात से नाराज होकर रविवार शाम करीब चार बजे पवन अपने ससुराल पहुंचा। उसका ससुर मंगल और पत्नी संगीता से जमकर विवाद हुआ। झगड़ा करने के बाद पवन घर से निकल गया। बिजली बोर्ड से तार नोचा, करंट के झटके दिए पड़ोसियों ने बताया- रविवार रात करीब आठ बजे पवन फिर से ससुराल पहुंचा। ससुर मंगल घर के बाहर चार पाई पर सो रहे थे। पत्नी अंदर खाना बना रही थी। मंगल घर के अंदर पहुंचा और संगीता से मारपीट करने लगा। इसी बीच उसने घर में बि जली के बोर्ड से तार नोचकर संगीता को कई बार करंट के झटके दिए। संगीता की चीख-पुकार सुनकर मंगल ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद पवन चारपाई पर लेटे मंगल के पास पहुंचा। जान लेने की नीयत से उनका भी गला दबाने लगा। तब तक आस-पड़ोस के लोग पहुंच गए। उन्होंने आरोपी को दबोच लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। संगीता और मंगल को सीएचसी परसपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। मंगल की भी सोमवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पवन को पत्नी पर अवैध संबंध होने का शक

गांव प्रधान के बेटे विपिन सिंह ने बताया- पिछले काफी समय से पवन को शक था कि उसकी पत्नी संगीता का किसी अन्य युवक से अवैध संबंध है। वह जब-जब संगीता को दिल्ली आकर साथ रहने के लिए कहता, वह पिता की देखभाल की बात कहकर मना कर देती। मंगल ने बेटी और दामाद के बीच अनबन देखकर अपनी जमीन से पवन का नाम हटवाया तो उसका शक और गहरा हो गया। बस इसी शक में उसने पत्नी और ससुर की हत्या की योजना बना डाली, परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया-महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस की फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# एफएलएन के चतुर्थ बैच में 104 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। विभागीय निर्देश के क्रम में एफएलएन व एनसीईआरटी के पुस्तकों पर आधारित प्रशि क्षण के चतुर्थ बैच के अंतिम यानी पांचवे दिव स का प्रशिक्षण सोमवार को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा के हाल में संपन्न हुआ।पंचम दिवस के प्रशिक्षण की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई तत्पश्चात एफएलएन व एनसीई आरटी की अवधारणा एनईपी 2020 शिक्षक की भूमिका व जिम्मेदारी भाषा की नींव संख्या ओं की समझ खेल आधारित व गतिविधि आ धारित शिक्षण का परिचय आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी,एनसीईआरटी द्वारा एससीईआरटी की मदद से तैयार कक्षा तीन की तीन पुस्तकों गणित मेला,वीणा एवं संतूर के पाठ्यक्रम एवं बदले गए और जोड़े गए पा ठों पर चर्चा के साथ हीं शिक्षक संदर्शिका कार्य पुस्तिका के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी।इस अवसर पर प्रशिक्षक ऋचा सिंह एआरपी अंग्रेजी,नरेंद्र गुप्ता एआरपी गणित, नीतू सिंह एआरपी विज्ञान एवं सन्दर्भदाता पंकज चौधरी व सौरभ गुप्ता के साथ रजनी कांत और गुलजार उपस्थित रहे।

# थानों में सुनवाई नहीं,एसपी कार्यालय में फरियादों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । एसपी विनीत जायसवाल फरियादियों को किसी भी हालत में थाने से निराश न लौटा ने के निर्देश का कितना असर हुआ,इसकी गवा ही खुद उनके कार्यालय पर फरियादियों की रो ज जुटने वाली भीड़ दे रही है।कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद दिन शुरू होते ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का मेला लग ना शुरू हो जाता है।न्याय की आस में जिले के कोने-कोने से लोग फरियाद लेकर यहां पहुंचते हैं,सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे कई लो गों ने बताया कि थानों में उनकी शिकायत तो ले ली जाती है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई न हीं की जाती।उमस भरी गर्मी में थाने के कई-कई चक्कर कटवाने के बाद थानों के अधिका री हर बार फोर्स की कमी का हवाला देकर उन्हें लौटा देते हैं।एसपी विनीत जायसवाल प्रतिदिनअपने कार्यालय में फरियादें सुनते हैं,इस बीच उनके दफ्तर के बाहर लगातार फरियादियों की कतार लगी रहती है।एसपी कार्यालय पर फरि यादियों की बढ़ती भीड़ साफ इशारा कर रही है कि थानों में आम जनता की नहीं सुनी जा रही है।इनसेटजमीन विवाद,घरेलू हिंसा के मामले ज्यादाएसपी के पास आने वाली शिकायतों में ज्यादा तर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जुड़े हैं।जमीन के विवाद पुलिस राजस्व विभाग पर टाल देती है।पीड़ितों को लगता है कि पुलि स उन्हें जानबूझकर टाल रही है।इसी तरह घरे लू हिंसा और ठगी जैसे मामलों में भी पुलिस के कार्रवाई न करने की तमाम शिकायतें हैं।

## गांव में आज तक नहीं पहुंचे बीएलओ आयुक्त से शिकायत

गोंडा । भारत विश्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि पंडित राम किशुन मिश्र ने डीएम व आयुक्त को शिकायती पत्र देकर बताया है,कि ग्राम चिलबिला खत्तीपुर में तैनात किये गए बीएलओ आज तक अपने पद पर कार्य नहीं कर रहे हैं,शिकायती पत्र में श्री मिश्र ने बताया है कि,पूर्व पंचायत चुनाव से पंचायत निर्वाचन नामवाली में तमाम मृतक व्यक्तियों विवाहित महिलाओं,आदि का नाम एवं डबल डबल व्यक्तियों का नाम अंकित है,साथ ही दूसरे दूसरे ग्राम पंचायत के फर्जी व्यक्तियों का भी नाम अंकित है,वर्ष 2021 के पंचायत निर्वाचन चुनाव के निर्वाचन नामवाली में कई व्यक्तियों के नाम में मात्रा की गड़बड़ी कराई गई है,जिससे वह लोग पोलिंग पर वोट नहीं डाल पाते हैं,पढ़ने वाले बच्चों का दर्ज नहीं हो पा रहा है,बीएलओ पर उचित कार्रवाई करते हुए पंचायत निर्वाचन नामावली का दुरस्ती करने की मांग की है,बिलबिला खत्तीपुर में तैनात बीएलओ विनोद कुमार सिंह के नंबर पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ रहा,उपजिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कैसरगंज पुलिस का आपरेशन लंगड़ा सफल, शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नकबजनी व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला अपराधी मुल्कराज पुलिस की गिरफ्त में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज, बहराइच । उत्तर प्रदेश शासन को अपराध मुक्त प्रदेश व स्वस्थ सुशासन की अभियान के क्रम में बहराइच पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के दिशा निर्देशन में कैसरगंज पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की। पुलिस की सतर्कता से नकबजनी व चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देने वाला अपराधी मुल्कराज ऑपरेशन लंगड़ा का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात कैसरगंज पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त कांबिग में अपराधी मुल्कराज से पुलिस की मुठभेड़ हुई, पुलिस को ही देखते ही अपराधी मुल्कराज ने पुलिस टीम पर की अवैध असलहे से फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिस पर पुलिस की गोली से मुल्क राज के पैर में लगने से वह बेबस होकर गिर पड़ा और मौके पर पुलिस वी एस ओ जी के कर्मियों ने उसे धर दबोचा। इनामी अपराधी शातिर चोर मुल्कराज पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार मामले के सम्बन्ध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हुजूरपुर एवं कैसरगंज बार्डर पर नटवीर बाबा स्थान के समीप सराय कनहर से हुजूरपुर रोड की तरफ जा रहे संदिग्धों को देखकर पुलिस व एसओजी की संयुक्त कांबिग टीम ने उन्हें रोका, अपराधी द्वारा पुलिस पर फायरिंग करने पर पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई में दो फायर किया गया, पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी, और वह घायल होकर गिर पड़ा इसके बाद टीम के पुलिसकर्मियों ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने मुल्क राज को गिरफ्तार कर सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिकी उपचार के उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में रवि खोखर ने बताया कि इस संबंध में पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक बहराइच के दिशा निर्देशन में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए गोंडा से पंजाब भेजी गई पांच टन खाद्य सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन गोंडा से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई।सत्य सरोज फाउंडेशन ने गोंडा रेलवे स्टेशन से पांच टन खाद्य सामग्री भेजी है।जिला धिकारी प्रियंका निरंजन और फाउंडेशन की अध्यक्ष वर्षा सिंह ने रेलवे स्टेशन के पार्सल घर पर पहुंचकर सामग्री सौंपी।जहां देर रात्रि में यह राहत सामग्री को दो ट्रेनों के माध्यम से लुधिया ना भेजा गया है।वहां लुधियाना स्टेशन पर पहु च कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के का र्यकर्ता इस खाद्य सामग्री को रिसीव करेंगे और इस बाढ़ पीड़ितों के बीच लेकर के जाएंगे अल ग-अलग स्थान पर बाढ़ पीड़ितों के बीच इसका वितरण करेंगे।सत्य सरोज फाउंडेशन ने गोंडा जिले में मुहिम चलाकर यह खाद्य सामग्री एक त्रित की है जिसे पंजाब के लिए भेजा गया है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि पंजा ब में बाढ़ से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्हों ने इस पहल की सराहना की।कहा कि नवरात्रि का पहला दिन शुरू हो रहा है और कहा कि नवरात्रि पहले के दिन ही एक बड़ी पहल करते हुए इतनी बड़ी सामग्री भेजी गई है जिससे पं जाब के लोगों को काफी फायदा होगा।सत्य सरोज फाउंडेशन की अध्यक्ष वर्षा सिंह ने बताया कि पंजाब में बाढ़ की स्थिति विकट है। स्थानीय लोगों की मदद से एकत्रित की गई सामग्री रात में ट्रेन से भेजी जाएगी।एबीपी के कार्यकर्ता गांवों में जाकर इसका वितरण करेंगे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में गुलालपुरवा टोल स्टाफ ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । स्वच्छ भारत मिशन की एक पहल के अंतर्गत सोमवार को गुलालपुरवा टोल प्लाज़ा पर विशेष स्वच्छोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा संकल्प के साथ प्लाज़ा प्रबंधक भानु चौहान, साईट इंजीनियर नसीम अहमद, प्लाज़ा आईटी मोहम्मद आदिल, अली कासिफ, करमवीर सिंह सहित समस्त स्टाफ ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ना और यह संदेश देना रहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से साफ-सफाई कर स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

# वन सरिता रिसार्ट में आयोजित हुआ किसान मेला कृषि प्रदर्शनी

**जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों तथा कृषकों को कलस्टर में प्राकृतिक खेती कर आय अर्जित करने के दिये सुझावः सांसद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में वन सरिता रिसार्ट गोण्डा रोड बहराइच में आयोजित 01 दिवसीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी, जनपद स्तरीय आत्मा किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी, कृषक वैज्ञानिक संवाद तथा जनपदीय मिलेट्स मेला एवं जनपद स्तरीय आयलसीड तिलहन किसान मेला का सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोड़ ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके पश्चात मेले में लगाये गये कृषि, उद्यान, मत्स्य, रेशम तथा निजी कम्पनियों तथा किसानों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके उत्पाद को अच्छी मार्केटिंग से जोड़कर आय वृद्धि को बढ़ाया सकता है।

उन्होंने एफपीओ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि जनपद में गठित कराये गये एफपीओ द्वारा बड़े पैमाने पर कलस्टर लेबल पर फार्मिंग को ही अपनाकर अच्छी आय वृद्धि की जा सकती है। एफपीओ प्रत्येक नई तकनीकी से जुड़े तथा कलस्टर में खेती करेंगे तो बड़ी-बड़ी कम्पनियां स्वयं उनके दरवाजे पर आकर अच्छा मूल्य देकर उनकी आय में वृद्धि सम्भावित है वरना एफपीओ गठन का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। सांसद बहराइच ने उपस्थित किसानों से देशी बीजों का उपयोग अधिक से अधिक करने तथा हाईब्रिड बीजों का उपयोग नगण्य करने की अपेक्षा की। उन्होंनें कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसानों को यह सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल रही थी। देश के प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में अनेकों कृषि एवं अन्य योजनाएं किसानों के हितार्थ संचालित की जा रही है आज किसानी घाटे का सौदा नही है। यदि हम रासायनिक उर्वकों का प्रयोग न करें तथा गाय के गोबर एवं गऊमूत्र से जीवा मृत, बीजा मृत, घनजीवा मृत तैयार कर अपनी फसलों में उपयोग करते है तो निश्चित रूप से विषमुक्त उत्पादन प्राप्त होगा। जो मानव स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। तथा हमारी मात्रभूमि तथा पर्यावरण स्वस्थ्य रहेगा।

सांसद श्री गोड़ ने कहा कि आज किसानों को उनके फसल का वाजिब मूल्य दिलाया जा रहा है। मत्स्य, डेरी तथा पशुपालको को केसीसी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे कृषकों को समय पर कृषि निवेश क्रय कर अपनी खेती समय से कर सके। यदि अन्नदाता समृद्ध नहीं होगा तो आत्म निर्भर भारत का सपना अधूरा रहेगा। आधुनिक तकनीकी डिजिटल मण्डी फसलों की निगरानी शुरू की गयी है। अन्य भण्डारण के लिए किसानों को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। जिले में ग्रामीण गोदाम, भण्डारण केन्द्र बनाये गये है। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडेक्ट के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य श्री अन्न एवं दहहन तिलहन का उत्पादन बढ़ाने हेतु निःशुल्क मिनीकिट बीज किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे है जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ रही है। मई, जून में लैब से लैण्ड तक (विकसित कृषि संकल्प अभियान) कृषि वैज्ञानिकों को भारत सरकार ने फील्ड में उतारा। किसानों को कृषि एवं विषमुक्त खेती की तकनीकी जानकारी ग्रामीण किसानों तक पहुंचायी गयी। जिससे जनपद के किसानों की कृषि तकनीकी में वृद्धि होने से गुणवत्तायुक्त फसलों उत्पादन कर आय वृद्धि कर सके। उन्होंने बताया कि 03 अक्टूबर से पुनः विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव-गांव में कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों को प्रशिक्षित करेंगी। सांसद बहराइच ने बताया कि जनपद मुख्यालय पर मृदा परीक्षण लैब उलब्ध है जो 01 से डेढ़ मिनट में मिट्टी की जांच कर परिणाम उपलब्ध करा देगी। जिसके आधार पर ही अपने खेतों में खाद का उपयोग करें।सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कहा कि जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेला आयोजन के माध्यम से जनपद के दूरस्थ ग्रामों में निवास करने वाले किसानों को कृषि की तकनीकी उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाती है।

## ग्राम सभा की खलियान भूमि पर अवैध कब्जा,ग्रामीणों नें मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम भगता, केशवापार में ग्राम सभा की खलियान भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र शिवपूजन पुत्र राघवेंद्र उर्फ नीरज द्वारा लगभग 0.020 हेक्टेयर और 9 डिसमिल भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगा है.पीड़ित शंकर पुत्र शिवपूजन राजेश उपाध्याय आदि ग्रामीण जो वर्षों से उस खलियान का खलियान की तौर पर उपयोग करते थे. मुख्यमंत्री पोर्टल पर ग्राम सभा की खलियान भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि गांव सभा की जमीन गाटा संख्या 143 (खलियान भूमि) पर हो रहे कब्जा को खाली कराया जाए। ग्राम सभा की शेष भूमि को सुरक्षित कर उस पर ग्राम समाज के हितार्थ उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी बांसगांव प्रदीप कुमार सिंह ने पूछने पर बताया कि जांच कर के आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## बाइक खड़ा करने को लेकर युवक पर हमला, सिर फोड़ा

गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा बाजार में रविवार को बाइक खड़ा करने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने युवक पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को दौड़ाकर पीटा और डंडे से सिर फोड़ दिया।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र सहजनवा के ककूआपार निवासी परमानंद त्रिपाठी शारदीय नवरात्रि के लिए घघसरा बाजार स्थित एक दुकान पर सामान खरीद रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी की। तभी तीन लोग वहां पहुंचे और बाइक खड़ी करने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने परमानंद त्रिपाठी को दौड़ा लिया और डंडे से हमला कर दिया।

# सिपाही की मौत से गमजदा हुआ महकमा,नम आंखों से दी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । नवाबगंज थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी योगेंद्र नाथ यादव सरकारी कार्य हेतु क्षेत्र में गए थे।इसी दौरान टिकरी मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल का सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया,जिसमें उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अयोध्या ले जाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के उपरांत ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया,जहाँ वे उपचाराधीन रहे।22.सितंबर की रात्रि करीबएक बजे उपचार के दौरान उनकी असामयिक एवं दुःखद मृत्यु हो गई,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा मुख्य आरक्षी योगेन्द्र नाथ यादव की असामयिक,दुःखद मृत्यु होने पर रि जर्व पुलिस लाइन्स में शोक परेड का आयोजन कर उनके पार्थिव शरीर को सलामी दी गयी त था पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी तथा मुख्य आरक्षी के परिजनों को सां त्वना,हरसंभव मदद का अश्वासन देकर पार्थिव शरीर को पैतृक गांव भेजवाया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार राव त अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन अजय प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण द्वारा भी पुष्पचक्र अ र्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।

# सांसद रवि किशन शुक्ला का गोरखपुर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गोरखपुर लोकसभा सांसद रवि किशन शुक्ला ने आज गोरखपुर सिविल एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (इक्र) और संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य गोरखपुर एयरपोर्ट के व्यापक विकास, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा। सांसद ने कहा कि गोरखपुर एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि पूर्वांचल की पहचान है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करना उनका संकल्प है।बैठक में सांसद ने कई अहम प्रस्ताव रखे। इनमें नए एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, ख्र्क्ट्ट के स्ट्रक्चर्स का रिलोकेशन, एप्रन एक्सटेंशन कार्यों की समयबद्ध पूर्णता और गोरखपुर से नई उड़ान सेवाओं की शुरुआत प्रमुख रही। सांसद ने जम्मू, पुणे, जयपुर, चंडीगढ़ और गोवा के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने का सुझाव रखा और इसके लिए एयरलाइंस एवं क्क्एइ से समन्वय बनाने पर बल दिया।एयरपोर्ट की तकनीकी क्षमताओं को और सुदृढ़ करने के लिए ऋख्र्क्ट्ट (Instrument Landing System) को एथ्प-ऋ्क स्तर तक उन्नत करने पर चर्चा हुई। सांसद ने एयरपोर्ट को 247 संचालन योग्य बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए भारतीय वायुसेना से अनुमति और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर विचार किया गया।बैठक में यात्री सुविधाओं को विस्तार देने के लिए एयरपोर्ट परिसर में गीता प्रेस की दुकान, बाहर हाईवे पर यात्री शेड और पेयजल व्यवस्था, बड़े ख्क्क स्क्रीन बोर्ड पर एयरपोर्ट का नाम प्रदर्शित करने, मुख्य द्वार का सौंदर्याकरण और हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को वाहन पास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव भी रखे गए। साथ ही, गोरक्षपीठ की परंपरा और आस्था से जोड़ते हुए गुरु गोरक्षनाथ जी की प्रतिमा स्थापना और हवाई अड्डे का नाम बदलकर ्लमहायोगी गुरु गोरखनाथ हवाई अड्डा्ञ करने पर भी सहमति बनी।

# माहौर वैश्य समाज ने ट्रेनों को लेकर रेल मंत्री के नाम तहीलदार को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। माहौर वैश्य समाज पूरनपुर ने ट्रेनों को लेकर रेलमंत्री के नाम तहसील पहुंचकर एसडीएम के न होने पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ट्रेनों से जुडी समस्याओं को लेकर लगातार क्षेत्रवासी सांसद और रेलमंत्री को निस्तारण के लिए लगातार पत्राचार कर मांग कर रहे है पर अभी तक सिर्फ सत्वावना के अलावा कुछ नहीं पीलीभीत मैलानी रेलखंड पर जल्द ही ट्रेनों की संख्या अगर नहीं बढ़ी तो शीघ्र ही आन्दोलन की तैयारी की जाएगी पत्र के जरिये यह भी कहा गया कि लखनऊ से हरदोई शाहजहांपुर रुट पर यात्री गाड़ियों की संख्या अत्यधिक है। इस रूट की आठ अथवा 10 ट्रेनों को बाया सीतापुर, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत ,बरेली होकर पंजाब, जम्मू, देहरादून, राजस्थान, महाराष्ट्र के लिए चलाया जाए ताकि इस क्षेत्र के बंगाली और सिख बहुल क्षेत्र को रेल सुविधा का लाभ मिल सके। इसके संचालन से रेलवे को भी भारी राजस्व प्राप्त हो सके। यही नहीं गोरखपुर से पीलीभीत तक चलने वाली ट्रेन का संचालन बरेली तक करने, शाम सात बजे के बाद पूरनपुर होते हुए लखनऊ या बरेली तक जाने के लिए कोई भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। इस समस्या का का समधाान कराने के लिए बरेली, लखनऊ प्रखंड पर दो मेल, दो पैसेंजर ट्रेन चलवाई जाए ज्ञापन देने वालो मे अध्यक्ष अनूप गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता राज, सुनील गुप्ता, सभासद विकास गुप्ता राम, धीरज गुप्ता, रोहित गुप्ता, लवी गुप्ता, सचिन गुप्ता आदि कई लोग मौजूद रहे।

# प्रस्तावित एक्सप्रेस वे का निर्माण वाया पीलीभीत जनपद कराने को लेकर मंत्री संजय सिंह गंगवार ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित शामली-मेरठ-गोरखपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण में पीलीभीत जनपद का नाम हटाये जाने की जानकारी मिलने पर गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था इसमें प्रस्तावित एक्सप्रेस वे का निर्माण वाया पीलीभीत जनपद कराने का आग्रह किया गया है चिट्ठी में गन्ना राज्यमंत्री ने लिखा कि पूर्व में प्रस्तावित एक्सप्रेस वे के लिए निर्धारित मार्ग में पीलीभीत को शामिल किया गया था पर संशोधित मार्ग निर्माण में जनपद को हटाकर उसके स्थान पर बरेली-शाहजहाँपुर-लखीमपुर खीरी-बहराइच आदि जनपदों को शामिल किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री ने कहा नेपाल सीमा से लेकर आस पास के जनपदों को जोड़ने के लिये उत्तर दक्षिण कॉरिडोर बनाया जाय जबकि पीलीभीत से नेपाल सीमा जुड़ी है वहीं राज्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी को लिखे पत्र में कहा है कि पीलीभीत जनपद नेपाल सीमा से सटे तराई क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद है। यहां चीनी उद्योग, गेंहू आदि का उत्पादन बहुतायत होता है। इतना ही नही पीलीभीत टाईगर रिजर्व की स्थापना होने से यहा देश विदेश के पर्यटकों का बड़ी संख्या में आवागमन रहता है जो जनपद के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की औधोगिक विकास तेजी हो रहा है एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्र ईस्ट की स्थापना हो रही है। इसके अलावा कई अन्य औधोगिक ईकाईयों के यहा प्लान्ट लगाने कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा की शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे के वाया पीलीभीत निर्माण होने से जहा दूरदराज के लोगो को अपने व्यापार सम्बन्धी आवागमन में आसानी होगी वही जनपद के विकास एंव नये आयाम स्थापित हो सकेगे ताकि सहूलियत हो आवाजाही में केंद्रीय मंत्री को पत्र लिख कर अपने जिले की उपयोगिता और जन भावनाओं के बारे में अवगत कराया है। साथ ही आग्रह किया है कि संबधित हाइवे को जिले जिले से भी कनेक्ट किया जाए। ताकि यहां से भी आवाजाही की सहूलियत की जा सके वही मुख्यमंत्री ने कहा इस उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गो के अन्तर्गत आने वाले हिस्सों मेंनेशनल हाईवे का सहयोग लिया जाए और शेष मार्गो का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा चौड़ीकरण राज्य स्तर पर कराया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां ग्रीन फील्ड रोड परियोजनाएं प्रस्तावित की जाएं।

# सिंचाई विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करे सरकार : किसान नेता गुरप्रीत सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी ने ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित किसान मजदूर साथियों को साथ लेकर उनकी समस्या का हल कराने के लिए तहसीलदार पूरनपुर के साथ वार्ता की हैं।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने संगठन के पदाधिकारीयों के साथ पिछले दिनों ट्रांस शारदा क्षेत्र का सर्वे करने के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र में नेपाल की नदियों महाकाली, जगपुरा, बामनी, मोहन, डहावर, सुई,पथरिया, स्याली, राधा, सुनवरा, वनारा के संयुक्त पानी से हर साल आने वाली बाढ़ से क्षेत्र को बचाने के लिए तहसीलदार को नेपाल भारत सीमा का नक्शा दिखाकर सिंचाई विभाग के उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की जो इस बात को स्वीकार नहीं कर रहे कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में नेपाल की नदियों का पानी आता है।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह ने वार्ता में कहा कि जिन किसानों की जमीन कटान में बह गई है उन्हें जमीन के बदले जमीन दी जाए।जिन किसानों की बाढ़ में गाने की फसल नष्ट हो गई है उन्हें ?100000 प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए ताकि उनकी जीविका चल सके।ट्रांस शारदा क्षेत्र से आए किसान मजदूर साथियों ने क्षेत्र के किसानों की सूची बना कर दी जिनकी जमीन शारदा कटान में बह गई है।तहसीलदार पूरनपुर ने राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी व किसान मजदूर साथियों को वार्ता के दौरान आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का निस्तारण करने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा और आपकी बात शासन तक पहुंचाई जाएगी । तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता ने कहा अगर कोई किसान छूट गए हैं।जिनका निरीक्षण में नाम नहीं लिखा गया तो आप जल्द ही एक-दो दिन में उनकी सूची प्रदान कर दें ताकि पीड़ित किसान की सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सके।इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह, तहसील प्रभारी हरदेव सिंह, युवा तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, हाजी रियाजत नूर खान, अकरम, बलकार सिंह, चरनजीत सिंह, राकेश यादव आदि किसान मजदूर साथी मौजूद रहे है।

## आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार

अमेठी । जनपद अमेठी के तिरपन परिषदीय विद्यालयों में स्थापित आईसीटी लैब और अरसठ विद्यालयों में संचालित एक सौ छत्तीस स्मार्ट क्लास शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। आईसीटी लैब में उपलब्ध कम्प्यूटर और इंटरनेट के उपयोग से बच्चे डिजिटल कौशल सीख रहे हैं वहीं स्मार्ट क्लास के माध्यम से ऑडियो विजुअल सामग्री और ई बुक्स का प्रयोग कर विद्यार्थियों की समझ,अवलोकन, विश्लेषण और सीखने की क्षमता का विकास हो रहा है। इनसे शिक्षकों को भी आधुनिक तकनीक अपनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में मदद मिल रही है।पीएम श्री विद्यालय।भदैया महमूदपुर विकास क्षेत्र बहादुरपुर आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित है। विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी, चार कम्प्यूटर व हजारों एनबीटी आधारित पुस्तकें, आईसीटी लैब (बारह कम्प्यूटर, बारह टेबल कुर्सिया,दो स्मार्ट टीवी, वाई-फाई सुविधा) और दो स्मार्ट क्लास स्थापित की गई हैं। स्मार्ट बोर्ड और प्रोजेक्टर आधारित शिक्षण से बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो रही है। इन संसाधनों से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, डिजिटल कौशल और जीवनोपयोगी शिक्षा मिल रही है।

# शंकरगंज में श्रीमद भागवत कथा आयोजन समिति की बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेढ़ौना के गांव पूरे दान सिंह में आगामी ग्यारह अक्टूबर से होने वाली श्रीमद भागवत कथा को सफल बनाने के लिये ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक ब्लाक प्रमुख तिलोई की अध्यक्षता में देव आटो फ्यूल्स शंकरगंज के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया और श्रीमद भागवत कथा में प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों विधायकों के साथ ही नेतागण भी शामिल होंगे।बताते चलें कि ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के आवास पर श्रीमद भागवत कथा आगामी ग्यारह अक्टूबर से सत्रह अक्टूबर तक आयोजित की गई है। कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि आगामी ग्यारह अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से श्रीराम जानकी मंदिर जमुरवां तक निकाली जायेगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं कन्याओं के साथ ही जनप्रतिनिधि शामिल होगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज द्वारा नियमित दोपहर दो बजे से पांच बजे तक श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा और अठारह अक्टूबर को दो बजे से विशाल भण्डारा होगा।इस मौके पर सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, अखण्ड प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, मनीष सिंह,धर्मेश मिश्रा, संजय सिंह,विकास सिंह,वीरेन्द्र तिवारी,भास्कर सिंह, आशीष मिश्रा, सिद्धार्थ सिंह,राजेश पाण्डेय, कौशलेंद्र सिंह,शिरीष गुप्ता,देवेंद्र प्रताप सिंह, नवीन श्रीवास्तव,सुधीर सिंह, हेमंत प्रताप सिंह,अमिता गौतम, हेमेंद्र प्रताप सिंह, गुडडू सिंह, अरुण प्रताप सिंह,ध्रुवराज पासी, आदित्य पाण्डेय, पंकज तिवारी, अखिलेश सिंह, रिंकू सिंह, आशीष नंदन त्रिपाठी, सुजीत पाण्डेय, आनंद सिंह, विनोद मौर्या, बबलू सिंह, दिग्विजय सिंह, कुलदीप मिश्रा, बबलू मिश्रा सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद सिरसा में रैली कर जताया विरोध वीडियो वायरल

पूरनपुर ।कानपुर में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लगाने को लेकर हुई पुलिस कार्रवाई के बाद मुस्लिम समुदाय में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के कई हिस्सों में इस कार्रवाई को लेकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार लोग पुलिस की कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए विरोध जता रहे हैं। इसी क्रम में पूरनपुर नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी सभाषद प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ ने भी विरोध की अगुवाई की। उन्होंने आई लव मोहम्मद के पोस्टर के साथ सिरसा में रैली निकालकर अपनी नाराजगी जाहिर की। रैली में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सामूहिक रूप से पोस्टर हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया गया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे इस रैली का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। बताया जा रहा है कि वीडियो रविवार सुबह का है, जिसे अब बड़े पैमाने पर साझा किया जा रहा है। वीडियो में मोहम्मद हनीफ को पोस्टर थामे स्थानीय लोगों के साथ मार्च करते देखा जा सकता है।

## सबलपुर खास में शवदाह स्थल की कमी अधिवक्ता ने की शिकायत

पूरनपुर। अधिवक्ता रजनीश पांडे ने बताया कि सबलपुर खास में शवदाह स्थल न होने से स्थानीय लोगों को अंतिम संस्कार के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार लोगों को दूर-दराज गांवों में जाकर संस्कार करना पड़ता है, जिससे परिजनों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की दिक्कतें होती हैं। अधिवक्ता ने बताया कि इस समस्या को दूर करने के लिए जमीन चिन्हित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## सीएचसी पूरनपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के मुख्य अतिथि रहे ऋतुराज पासवान और शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि ऋतुराज पासवान और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया शिविर में चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन और वजन की जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। डॉक्टरों ने महिलाओं को नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पौष्टिक आहार लेने और नियमित व्यायाम करने की अपील की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सुझाव भी दिए हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष राज शर्मा,डॉक्टर अनिल कुमार सिंह,डॉक्टर अफरा शरीफ, डॉक्टर शकील, डॉक्टर रंजीत रंजन, डॉक्टर रेहाना , पल्लवी सक्सेना सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर के चिकित्सक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

## प्रधान पर दलित की जमीन हड़पने के आरोप

सुलतानपुर। एक दलित परिवार से जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के सुरजीपुर रतापुर गांव की सोनी ने गांव के प्रधान अंबुज तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 11 सितंबर को प्रधान अंबुज तिवारी सुबह नौ बजे सोनी के घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोनी के पिता की मौत के बाद जमीन की वरासत करवानी है। प्रधान की बात पर विश्वास कर सोनी ने अपने पति जयप्रकाश को उनके साथ भेज दिया। जयप्रकाश को चार पहिया वाहन में बिठाया गया। गाड़ी में गांव के गोलू, कन्हैया लाल और दो अज्ञात लोग मौजूद थे। धनपतगंज पहुंचकर आरोपियों ने जयप्रकाश को नशीला पदार्थ पिला दिया। उन्हें धमकी दी गई कि तहसील में जो कागज दिखाएं, उस पर अंगूठा लगा दें। प्रधान ने बिना पैसे दिए जयप्रकाश की सारी जमीन का फर्जी बैनामा अपने नौकर कन्हैया लाल के नाम करवा लिया। शाम को जयप्रकाश को घर के पास छोड़ दिया गया। अगली सुबह जब सोनी ने पति के हाथ में स्याही देखी, तब जयप्रकाश ने रोते हुए पूरी घटना बताई। पीड़ित परिवार जब प्रधान के घर गया और जमीन के बारे में पूछा, तो उन्हें धमकी दी गई। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी मिली। कहीं सुनवाई न होने पर पीड़ित दंपति एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी ने थाने भेजकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अहोरवा भवानी में भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्राचीनतम आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन भक्तों का जनसैलाब उमड़ा।सोमवार को सुबह से ही भक्तगण जय माता दी के नारों के साथ मां के दर्शन को मंदिर पहुंचे।नवरात्र पर्व पर मंदिर को भक्तों द्वारा आधुनिक लाइटों से सजाया गया है जो कि दर्शनार्थियों को लुभाती रही।दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये मंदिर के व्यवस्थापक के साथ ही स्थानीय पुलिस मुस्तैदी के साथ डटी रही।क्षेत्र के देबी मंदिरों व दुर्गापूजा पण्डालों पर नवरात्र के प्रथम दिन दर्शनार्थियों का हुजूम जमकर उमड़ा भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर सुख और शांति की कामना की।नवरात्र के पहले दिन मां अहोरवा भवानी मंदिर में सुबह पांच बजे से ही स्थानीय लोगों के साथ ही दूरदराज के लोग भी मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे।प्रातःकाल से ही क्षेत्र मंदिर सरीखा नजर आया दर्शन के लिये जाते हुये लोग मां के नारे व जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना रहे थे।मंदिर में भक्तों की भीड़ तो उमड़ी लेकिन व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होने के कारण दर्शनार्थियों ने कतार लगाकर दर्शन किया।शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन अहोरवा भवानी मंदिर में सुबह से भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही।मंदिर के व्यवस्थापक राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये स्वयं निगरानी व मेला प्रांगण में भ्रमण कर रहे थे। इस मौके पर मंदिर के पुजारी केदार नाथ तिवारी, शिव कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गैडा दिवस पर स्कूल में धूमधाम से हुआ वृक्षारोपण

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोतिगरपुर के ढेमा स्थित केआर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सोमवार को गैड़ा दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी मो. जायर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पाकड़, कंजी, नीम समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को संतुलित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु उपलब्ध कराने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों व छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधों की देखभाल करने का वचन दिया। वृक्षारोपण के माध्यम से उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया।

## धर्म परिवर्तन की गतिविधि का भंड़ाफोड़, आरोपी भेजे गये जेल

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के बगिया गांव में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। कोर्ट ने आरोपी तुलसीराम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरएसएस के जयसिंहपुर धर्म जागरण प्रमुख सुरेंद्र यादव को रविवार को सूचना मिली। बगिया गांव चौराहे के बरौसा रोड पर एक कपड़े की दुकान में धर्म परिवर्तन की गतिविधियां चल रही थीं। सुरेंद्र यादव अपने दो साथियों संतोष और आशीष के साथ मौके पर पहुंचे। दुकान पर कई महिलाएं मौजूद थीं। उनके हाथों में ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तकें थीं। दुकान के मालिक तुलसीराम, जो सैती पुरुषोत्तमपुर का रहने वाला है, लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा था। सुरेंद्र के विरोध करने पर तुलसीराम ने अपने साथियों के साथ उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर दुकान में मौजूद लोग भाग गए। पुलिस को दुकान से एक रजिस्टर मिला। इसमें कई गांवों के लोगों के नाम, मोबाइल नंबर, मीटिंग और दान का विवरण दर्ज था। पुलिस ने दुकान से ईसाई धर्म से संबंधित किताबें भी बरामद कीं। पुलिस अब अन्य संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटा रही है।

# वायु सेना से पर्वत तक अपना पराक्रम दिखाने के बाद अब महिलाओं में ला रही जागृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पूर्व वायु सेना अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर डा. तूलिका रानी की साहस भरी कहानी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। वर्तमान में वो डीएसएन कालेज में इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हैं। माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण करने वाली प्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही हैं। इसी के साथ वो एशिया के सर्वोच्च ज्वालामुखी पर तिरंगा फहराने वाली प्रथम भारतीय महिला हैं। वायु सेना से पर्वत तक अपना पराक्रम दिखाने के बाद अब महिलाओं में समाज में फैली विकृतियों से लड़ कर निखरने का जोश भर रही हैं। तूलिका डीएसएन कालेज में पढ़ाने के साथ ही अपने प्रेरणादाई वक्तव्य, और पुस्तकों को इसका माध्यम बनाती हैं। छात्राओं को सपनों का असमान छूने के लिए कुछ अलग तरह से प्रेरित करती हैं। उनमें शिक्षा, अथक परिश्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति द्वारा कुछ कर गुजरने के लिए संघर्ष का जज्बा भरती हैं। इस काम में उनकी प्रकाशित आठ पुस्तकें भी शामिल होती हैं।हाल ही में उन्हें नई दिल्ली स्थित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश की थारू जनजाति की महिलाओं पर शोध परियोजना के लिए चयनित किया गया है। स्क्वाड्रन लीडर (डॉ) तूलिका रानी वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की ळ-20 ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। उन्हें लखनऊ प्रशासन ने 2022 तथा 2024 में क्रमशः विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव में चुनाव आयोग के वोटर जागरूकता अभियान स्वीप की ब्रांड एंबेसडर तथा डिस्ट्रिक आइकन भी नियुक्त किया था।वह भारत, नेपाल, भूटान, ईरान,अफ्रीका, रूस आदि देशों में 26 पर्वतारोहण एवं ट्रैकिंग अभियान कर देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। उन्हें 2025 की गणतंत्र दिवस परेड में भारत सरकार की सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।एक अंतरराष्ट्रीय प्रेरणादाई वक्ता के रूप में वह भारत, नेपाल, मॉरीशस, अमरीका, इंग्लैंड, आयरलैंड, इटली, रूस, कनाडा आदि देशों तथा दूरदर्शन, इग्नू के ज्ञानवाणी, नेहरू युवा केंद्र, आदि में 400 से अधिक व्याख्यान एवं साक्षात्कार दे चुकी हैं। उनकी आठ पुस्तकें दिल्ली से प्रकाशित हुई हैं जिनके लिए उन्हें साहित्य श्री तथा यंग राइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर बोले, बंगाली समुदाय को मोदी-योगी सरकार में मिल रहा सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक रहे बंगाल के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने पूरनपुर के गाभिया सराई मे सभा को संबोधित किया आल इंडिया मतुआ महासंघ के संघाधिपति, केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर को बंगाली समाज के लोग राज्य मंत्री ठाकुर को अपना आदर्श मानते हैं बताया जाता है कि बंगाली में मतुआ समाज उन्हें अपने भगवान का वंशज मानते हैं उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद से हम लोगों को नागरिकता के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ रही थी बंगाली समुदाय को मोदी और योगी के नेतृत्व में बनी सरकार में सम्मान मिल रहा है और कहा कि सीएए लागू करने से विस्थापित परिवारों को नागरिकता मिलेगी जिसका यहां के बंगाली समाज को काफी लाभ मिला योगी सरकार में दुर्गा पूजा लोग खुलकर कर रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं है, वहां दुर्गा पूजा का मुस्लिम समुदाय विरोध करता है 5 मिनट का भाषण देकर ही अगले कार्यक्रम की ओर रवाना हो गए केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर बीती रात दिल्ली से पीलीभीत के बायपरकेशन पहुंचे थे, रात्रि विश्राम उन्होंने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में किया इस दौरान यूपी की भाजपा सरकार और पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तुलना की और कहा कि भाजपा सरकारों में हिंदुओं को खुलकर जीने की आजादी है उन्होंने कहा कि जिस तरह यहां यूपी में दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाते हैं पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं है इन सब के बीच चौंकाने वाली बात यह है कि मंत्री जी की सभा मे भीड़ उंगलियों पर गिनने लायक था कुछ लोग इसे गुटबाजी का शिकार बता रहे सूत्रों की माने तो मंत्री जी के आने की और सभा आयोजन की लोगो को सूचना नही थी जिसका परिणाम सामने था यह दौरा 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है यह न केवल धार्मिक और सामाजिक, बल्कि राजनीतिक रूप से भी अहम संदेश देने वाला था।

## सम्पादकीय

# ड्रोन और ड्रग्स

यह अच्छी बात है कि केंद्र की राजग सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकारों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को भरपूर समर्थन का वायदा किया है। हालांकि, यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य तब तक हासिल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि अंतर्राष्ट्रीय साजिश से नशे के संकट को झेल रहे राज्यों में सबसे संवेदनशील पंजाब के हालात पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। पंजाब में सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के कारोबार की साजिश से पंजाब किस हद तक त्रस्त है, इस सप्ताह की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की 2024 की रिपोर्ट से वह भयावह तसवीर उभरती है। एनसीबी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान से इस सीमावर्ती राज्य में आये ड्रग्स से लदे ड्रोनों के देखे जाने और बरामद होने की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चिंता जतायी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये ड्रोन का इस्तेमाल भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इन हालात को देखकर कानून प्रवर्तन और सीमा सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। दरअसल, चिंता की बात यह है कि ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह जोखिम भरे पारंपरिक जमीनी तरीके अपनाने के बजाय हवाई मार्ग से तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। यह स्थिति कितनी विकट है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पेश आंकड़ों से यह पता चलती है। एनसीबी के अनुसार पिछले साल भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी के 179 मामले दर्ज किए गए, जिसमें सबसे अधिक 163 मामले पंजाब में थे। उसके बाद राजस्थान में पंद्रह और जम्मू-कश्मीर में एक मामला सामने आया। इससे इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि बरामदगी की बहुत ज्यादा घटनाओं के बावजूद पंजाब सीमा पार के नशे तस्करों के लिये सबसे अच्छा विकल्प बना हुआ है। नशा तस्करों के खतरनाक मंसूबे देखिए कि हाल में पंजाब में बाढ़ के दौरान नशा तस्कर आपदा में अवसर तलाशते रहे। इन आपराधिक तत्वों ने हाल में आई बाढ़ का फायदा उठाकर नावों और टायर-ट्यूबों के जरिये भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की है। इसके साथ यह भी चिंताजनक स्थिति है कि विदेशी गैंगस्टर नशीले पदार्थों के देश के तस्करों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इस संकट को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जो पंजाब के लोगों के लिये जानलेवा साबित हो रहा है। राज्य में, देश में पकड़ी गई हेरोइन का 45 फीसदी बरामद होना पंजाब की नशे की दलदल की गहराई को दर्शाता है। वहीं राज्य में पिछले साल 2.9 करोड़ नशे की गोलियां बरामद होना बताता है कि नशे का संकट कितना भयावह हो चला है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में 51 लाख नशे की गोलियां बरामद की गई। पहले व दूसरे नंबर का अंतर भी स्थिति की विकटता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों के युवा हेरोइन और कोकीन के तस्करों के लिये आसान निशाना बन रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कुछ महीने पहले सही ही कहा था कि नशीले पदार्थों का संकट अब केवल व्यक्तिगत लत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के शासन के लिये खतरा पैदा करना शुरू कर दिया है। निस्संदेह, पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान को केंद्र सरकार की नशा मुक्त पहल के साथ जोड़ कर चलाया जाना चाहिए। यह स्पष्ट है कि पंजाब में आने वाली नशीली दवाओं की आपूर्ति अब अन्य राज्यों में भी की जा रही है। देश के सीमावर्ती राज्यों पंजाब, असम, मिजोरम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व जम्मू-कश्मीर में यह संकट गहरा रहा है। जहां विदेशों में बैठे नशा तस्करों द्वारा देश में नशे का जहर भेजा जा रहा है। नार्को आतंकवाद से निपटने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तथा राज्यों के बीच भी बेहतर तालमेल वक्त की जरूरत है।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

**अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है। चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है। निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फ़ेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी ल्लअमेरिका फर्स्टङ्क नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए। पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी। अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है। चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती। अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा। - ललित गर्ग

# भविष्य की राह दिखाता इंदौर का नो कार डे

**पवन वर्मा**

**इंदौर न केवल स्वच्छता की मिसाल पेश कर रहा है, बल्कि अब पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ शहरी जीवनशैली की दिशा में भी उदाहरण बन रहा है। इंदौर में हर साल 22 सितंबर को नो कार डे मनाया जाता है।**

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में लगातार पहचान बनाने वाले इंदौर के एक और अभियान ने देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह पहल है नो कार डे। एक ऐसा दिन जब लोग अपनी निजी कारों का इस्तेमाल न करके पैदल चलने, साइकिल चलाने, ऑटो, ई-रिक्शा या सार्वजनिक परिवहन साधनों का सहारा लेते हैं। नो कार डे में यहां के संभागायुक्त हो या कलेक्टर या अन्य अफसर सभी कार की जगह पर दो पहिया वाहन पर चलते हैं। पहली नजर में यह एक प्रतीकात्मक कदम लग सकता है, लेकिन इसका संदेश गहरा है। इंदौर न केवल स्वच्छता की मिसाल पेश कर रहा है, बल्कि अब पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ शहरी जीवनशैली की दिशा में भी उदाहरण बन रहा है। इंदौर में हर साल 22 सितंबर को नो कार डे मनाया जाता है। इस बार भी नो कार डे पर यहां के संभागायुक्त सुदाम खाडे और कलेक्टर शिवम वर्मा भी दो पहिया वाहनों पर घूमते हुए नजर आए। बीते तीन दशकों में भारत के शहरों में कारों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 1991 के उदारीकरण के बाद मध्यमवर्ग की आय बढ़ी, कार लोन सस्ते हुए और निजी गाड़ियों को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाने लगा। आज आलम यह है कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चैन्नई, पुणे, कोलकाता जैसे बढ़े शहरों से लेकर इंदौर, भोपाल, लखनऊ जैसे मध्यम आबादी वाले के साथ ही छोटे-छोटे शहरों की सड़कें कारों से पटी रहती हैं। कारें केवल ट्रैफिक जाम का कारण नहीं बनतीं, बल्कि वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं और ऊर्जा खपत की सबसे बड़ी जिम्मेदार भी हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के शहरों में वायु प्रदूषण का चालीस प्रतिशत हिस्सा परिवहन से आता है। इसमें सबसे बड़ा योगदान निजी कारों का है। इंदौर जैसे शहर जहां हर साल लाखों लोग काम और शिक्षा के लिए आते हैं, वहां ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में नो कार डे जैसी पहल न केवल प्रतीकात्मक है बल्कि यह शहर को नई दिशा दिखाती है। इंदौर लंबे समय से नागरिक भागीदारी वाले अभियानों के लिए जाना जाता है। स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पहले स्थान पर बने रहना इसका उदाहरण है। जब नगर निगम और प्रशासन ने नो कार डे मनाने का निर्णय लिया, तो इसमें आम नागरिक, संस्थान, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठन और उद्योग जगत सभी ने सहयोग दिखाया। यह पहल इसलिए भी खास है क्योंकि यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं है। बल्कि इसमें जनसहभागिता को केंद्र में रखा गया है। लोग गर्व से सोशल मीडिया पर अपनी साइकिल चलाते, दो पहिया वाहन चलाते, पैदल चलते या ऑटो और बस का उपयोग करते हुए तस्वीरें साझा करते हैं। कारों का प्रयोग कम होने से सबसे बड़ा फायदा वायु गुणवत्ता में सुधार के रूप में सामने आता है। इंदौर की आबादी और वाहन दबाव को देखते हुए यदि एक दिन में 10-15 प्रतिशत कारें भी सड़कों से हटें, तो पीएम 2.5 और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी हो सकती है। डीजल और पेट्रोल कारों से निकलने वाला कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर सीधे फ़ेफड़ों और दिल की बीमारियों से जुड़ा है। पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी। भारत हर साल अरबों डॉलर का तेल आयात करता है। हॉर्न, इंजन की आवाज और जाम की स्थिति से पैदा शोर कम होगा। कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

## सेहत मंत्र

# घर पर बनाएं गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल, बालों की हर परेशानी होगी दूर

मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए आप तरह-तरह के तेल आजमा चुके हैं मगर बालों का टूटना, झड़ना या सफ़ेद होना नहीं बंद हो रहा है, तो परेशान न हों। दरअसल बाजार में मिलने वाले ज्यादातर हेयर ऑयल तरह-तरह के वादे तो करते हैं मगर इनसे लाभ होने के बजाय नुकसान होता है क्योंकि इनमें बहुत मात्रा में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप घर पर बनाए हुए खास आयुर्वेदिक तेल का इस्तेमाल करेंगे, तो आपकी ये समस्या दूर हो जाएगी। बालों की समस्याओं में गुड़हल का फूल बहुत फायेदमंद होता है। आप घर पर ही गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल बना सकते हैं, जो बालों की हर समस्या को चुटकियों में दूर कर देगा। गुड़हल का तेल बनाना आसान है। इसे आप घर पर ही बना सकते हैं। इसके लिए आपको गुड़हल के फूल, गुड़हल की पत्तियां, मेथी के दाने और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। इन सामग्रियों को इकट्ठा करके आप इस तरह बनाएं गुड़हल का तेल- सबसे पहले गुड़हल के 3-4 फूल और मुट्ठीभर पत्तियों को अच्छी तरह धो लें। इन फूल और पत्तियों को मिक्सर में डालकर अच्छी तरह पीसकर पेस्ट बना लें। एक बर्तन में 250 मिलीग्राम नारियल का तेल डालें और इसमें ये पेस्ट मिला लें। गुड़हल के पेस्ट को नारियल के तेल में डालकर आंच पर चढ़ा दें। बीच-बीच में चलाते हुए 5 मिनट धीमी आंच पर इसे पकाएं। अब इसमें एक चम्मच मेथी के दाने डालकर 1 मिनट तक गर्म करें। गुड़हल का तेल तैयार है बस इसे ठंडा करके बोतल में भर लें। हर बार जब आप गुड़हल के तेल का इस्तेमाल करने से पहले इसे थोड़ा सा गर्म कर लें। अब हथेली में थोड़ा सा तेल लेकर बालों की जड़ों और लंबाई में इसे लगाएं। इस तेल के इस्तेमाल से आपके बालों की सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

## धर्म मंत्र

# तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

## पर्यटन



# कुदरत की गोद में सुकून भरे दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है सैंज घाटी

हिमाचल प्रदेश का नाम लेते ही आंखों के आगे हरियाली और ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पहाड़ छा जाते हैं। वैसे तो पूरा हिमाचल ही बहुत खूबसूरत है और शिमला तो मशहूर टूरिस्ट स्पॉट बन चुका है, जहां पूरे साल सैलानियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन आप यदि भीड़ भाड़ से दूर एकांत में सुकून भरे कुछ पल बिताना चाहते हैं, तो हिमाचल की सैंज वैली आपके लिए परफ़ेक्ट जगह है। कुल्लू जिले में स्थित सैंज वैली अभी तक भीड़ से दूर है, इसलिए यहां आपको असीम शांति का अनुभव होगा। इस घाटी में कई छोटे-छोटे खूबसूरत गांव हैं। जहां सेब और खुबानी की ढेर सारे बगीचे हैं। इसके अलावा यहां सुंदर नदियां और जंगल है जो इसे फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन बनाते हैं। सैंज वैली चारों ओर से खूबसूरत पहाड़ों से घिरा हुआ है। रोमांच के शौकीन यहां ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं और यहां से थोड़ी दूरी पर ही शांगड़ नामक जगह है, जो कुदरती सुंदरता से सराबोर है। सैंल वैली जाने पर आप इन जगहों की सैर अवश्य करें। पुंडरीक ऋषि झीलः नेही गांव में में आप पुंडरीक ऋषि झील देख सकते हैं। स्थानीय लोग इस झील की पूजा करते है इसलिए इसमें कोई नहाता नहीं है। झील के पास ही एक बड़ा मैदान हैं। शाम के समय यहां आकर आपको असीम शांति का अनुभव होगा। मैदान में बैठकर आप कुदरती खूबसूरती का आनंद ले सकते हैं। शांगड़ः यह सैंज वैली में बसा एक बेहद खूबसूरत गांव है। यहां शंगचुल महादेव का मंदिर है, दरअसल यह इस गांव के स्थानीय देवता है। इस गांव तक आपो टैक्सी से आना होगा या रोमांच का आनंद लेना है तो पहाड़ों में घने जंगल के बीच ट्रैक भी कर सकते हैं। शांगड़ में आपको घास का सुंदर मैदान दिखेंगे और इसके किनारे लगे देवदार के पेड़ों का झुंड इसकी सुंदरता में चार चांद लगता है। सारीकंडाः अपर नेही से आप सारीकंडा के तक ट्रैकिंग कर सकते हैं। यह ट्रैक काफी लंबा होगा, इसलिए आपको जल्दी निकलना होगा। सारीकंडा से आपको पूरी बंजार वैली देख सकते हैं, यह नजारा आपके लिए यादगार अनुभव बन जाएगा। यदि आप यहां सर्दियों के मौसम में आते हैं तो बर्फबारी का मज़ा ले सकते हैं।

# फंदे से झूलती मिली बेटे की लाश पुलिस जांच में जुटी

## फोरेंसिक टीम ने उठाए नमूने , मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के असन्द्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौसिंहपुर मजरे दुल्लापुर गांव में एक व्यक्ति ने घर के अंदर छत की कुण्डी में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,मौके पर पहुंची असन्द्रा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

असंदरा थाना क्षेत्र के भौसिंहपुर मजरे दुल्लापुर गांव निवासी अखिलेश सिंह पुत्र भैरव सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष अपने घर में अकेले रहते थे। शनिवार की शाम से घर से नहीं निकले तो उनके चाचा सोमवार सुबह उनको देखने उनके घर गए तो उनका शव कुण्डी के सहारे लटका मिला।परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 को दिया ।डायल 112 पुलिस ने इसकी सूचना असंद्रा पुलिस को दिया।मौके पर असन्द्रा पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक ओमित कौशल ने पहुंचकर दीवान मुन्ना यादव, मिथिलेश प्रजापति व संजय कुमार एवं चौकीदार जीतबहादुर यादव की मदद से शव को नीचे उतार के आवश्यक लिखा पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के सगे चाचा शिवसिंह के अनुसार अखिलेश घर में अकेला रहता था,उसके माता पिता हरियाणा में रहते है।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश भर के सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण किये जाने के आदेश की बाध्यता से मुक्त किये जाने एवं भारत सरकार द्वारा एनसीटीई की नियमावली 2017 में संशोधन किये जाने को लेकर प्राथमिक शिक्षक हाथों में पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा.राकेश सिंह ने बताया कि इस आंदोलन में 22 सितंबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में हाथ मैं काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा। जनपद बाराबंकी के समस्त विकास खंडों में एवं जनपद मुख्यालय पर प्रतिदिन हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस अभियान की कॉपी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ,राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ,केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी ।





# सीएचसी में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित 229 मरीज उपचारित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परामर्श और उपचार किया। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लवभूषण गुप्ता ने मरीजों को देखा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शकील अहमद और सर्जन डॉ. उमंग वर्मा ने भी मरीजों का इलाज किया। डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. सौम्या शुक्ला, डॉ. शिवानी कंदर्प और डॉ. राजीव टंडन सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दीं। शिविर में कुल 229 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 69 पुरुष, 140 महिलाएं और 20 बच्चे शामिल थे। इस तरह के शिविर से स्थानीय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उनके नजदीक मिल सकीं।

## सीएमओ और एसडीएम ने आधा दर्जन से अधिक अवैध पैथालाजी पर मारा छापा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में अवैध रूप से संचालित पैथालाजी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसते हुये कड़ा रुख अख्तियार किया है। सीएमओ और एसडीएम की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक अवैध पैथालाजी पर छापा मारा तो बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई जिस पर संचालकों को तत्काल पैथालॉजी एवं जांच केन्द्रों को बंद करने का निर्देश दिया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह एवं अमेठी के उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने मुंशीगंज रोड पर स्थित पंजाब पैथालाजी,सीएचसी के पीछे चल रही हेल्थ केयर पैथालाजी और पब्लिक पैथालाजी,आरआरपीजी कालेज के सामने बेसमेंट में संचालित पैथालाजी की जांच पड़ताल करने पहुंचे तो इनमें से किसी ने भी केंद्र मानक अनुमति के दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका।अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की जांच केंद्र आम जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। किसी दुर्घटना या प्रतिकूल परिस्थिति में यह संचालक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर भाग खड़े होंगे।सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुये नोटिस थमाया और तत्काल संचालन बंद करने का निर्देश दिया। सीएमओ ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि आदेश का पालन नही किया गया तो एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।सबसे ताज्जुब की बात तो यह रही कि दो वर्ष पूर्व एक अल्ट्रासाउंड मशीन सील की गई थी लेकिन उसका बोर्ड अब तक लगा हुआ था।

## पीड़ित परिवार की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पहुंचने का टाइगर लाइब्रेरी का रामबाबू द्विवेदी ने किया फीता काट कर उद्घाटन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीकोटवाधाम चौराहे पर स्थित टाइगर लाइब्रेरी का भाजपा नेता राम बाबू द्विवेदी ने फीता काटकर उदघाटन किया। क्षेत्र के समाज सेवी शुभम सिंह ने उच्च शिक्षा हेतु एंव बच्चों के तैयारी करने हेतु 50 सीट की लाइब्रेरी का निर्माण कराया जिसका सोमवार को भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी ने फीता काट कर उदघाटन करने के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की यह लाइब्रेरी क्षेत्र के बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर विक्रम प्रताप सिंह बैरागी ने दुर्गेश सिंह, एम एल सी प्रतिनिधि दुर्गेश दीक्षित सुरेश तिवारी, प्रेम नारायण वर्मा,सत्यनाम दास संजीव सिंह अनूप विश्वकर्मा भुल्लर गुप्ता गुडडू बाजपेयी अजय कुमार रावत आदि को अंग वस्त्र भेंट किया।

# पत्नी हंता व भाभी को आजीवन कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। थाना टिकैत नगर के ग्राम ब्रायन पानापुर के बबिता हत्या काण्ड का फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने मृतका के पति वा उसकी भाभी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक एक लाख अर्थ दण्ड से दण्डित किया। न्यायालय ने व्यवस्था दी कि यह अर्थ दण्ड की धनराशि मृतका के पिता यानी मृतक के बच्चो के नाना वादी ओंकार नाथ को बच्चो की शिक्षा हेतु दिए जाए।बताते चले कि मृतका बबिता के दोनो बच्चें हत्या के बाद नाना ओंकार नाथ पाल पोश रहे थे। अभियोजन कथानक का ब्योरा देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविन्द राजपूत ने बताया कि ग्राम असेना थाना राम सनेही घाट निवासी वादी ओंकार नाथ ने 18 मार्च 2022 को पुलिस में तहरीर देकर कहा था कि उसने अपनी बेटी की शादी गांव बरायन पानापुर थाना टिकैत नगर निवासी दीपू गोस्वामी के साथ करीब 11साल पूर्व की थी। वादी की बेटी बबिता के दो संताने थी जिनमें एक लड़का वा एक लड़की जो इस समय क्रमश 11वा 13 वर्ष के हैं।

16मार्च 2022 की रात वादी की पुत्री बबिता को उसके पति दीपू ने अपनी भाभी से अवैध संबंध के कारण दोनो ने मिलकर हत्या कर दी तथा पुलिस में सूचना दी कि उसकी पत्नी कही गुम हो गई है।इस सूचना के दो दिन बाद पुलिस ने 18 मार्च 2022को मृतका की लाश घाघरा नदी के पीपा पुल के पास से बरामद किया था।इसके बाद मृतका के पिता ओंकार नाथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अदालत पर बयान देकर मृतका के बच्चो ने कहा कि आधार कार्ड के अभाव में उनका प्रवेश विद्यालय में कच्चा पांच के बाद नही हो सका। इस पर अदालत ने सहायक वेशिक शिक्षा अधिकारी को 24 सितम्बर को अदालत पर तलब किया है।ऐसा माना जा रहा है कि मृतका के शिक्षा से वंचित बच्चो को कोर्ट के आदेश से विद्यालय में प्रवेश निश्चित हो जायेगा।

# बिसवा तहसील में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवा (सीतापुर ) । अधिवक्ता इंद्रपाल वर्मा,नईम अन्सारी एडवोकेट तथा क्षितिज मिश्रा एडवोकेट की अगुवाई में तहसील बिसवा में क्रमिक अनशन शहीद पार्क विसवां में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया गया विसवां तहसील में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आम जनता को दर-दर भटकना पड़ता है और तहसील प्रशासन मौन रहता है। इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबंधित ज्ञापन पूर्व में उप जिला अधिकारी महोदय विसवां को दिया जा चुका था,लेकिन कोई भी कार्रवाई एसडीएम विसवां द्वारा नहीं की गई ,जिस कारण आमजनता की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता गणों द्वारा क्रमिक अनशन किया जा रहा है।आज अनशन का पहला दिन था।

क्रमिक अनशन में अधिवक्ता नईम अंसारी,क्षितिज मिश्रा, इंद्रपाल वर्मा,बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट,बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा ज्येष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट,बिसवा लायर्स एसोशिएशन सचिव सत्य प्रकाश सिंह,वरिष्ठ एडवोकेट आर पी सिंह,अश्वनी त्रिपाठी,आनंद मेहरोत्रा,राहुल कुमार एडवोकेट,सुशील कुमार मौर्य एडवोकेट,मोहित कश्यप, कुमार शानु कनौजिया,पीयूष कंात मिश्रा एडवोकेट व बार एसोशिएशन लहरपुर अध्यक्ष कमलेश वर्मा एडवोकेट आदि अधिवक्ता गण धरना स्थल पर मौजूद रहे।

## श्रीराम सेवा समिति ने सौपा ज्ञापन 26 सितंबर को होगा धरना प्रदर्शन

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विभिन्न समस्याओं को लेकर श्री राम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएनएस त्यागी के द्वारा 11 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी बाराबंकी को सौपा गया। जिसमें पशु अस्पतालों के द्वारा पालतू पशु गाय, भैंस के रजिस्ट्रेशन अब तक न किए जाने फर्जी टैग लगाकर किसानों को गुमराह किए जाने तथा पशुओं का बीमा का लाभ किसानों को न दिए जाने, थाना अ संदरा की पुलिस के द्वारा अनुचित लाभ लेकर नौ गौ तस्करों को छोड़े जाने एवं मामूली धाराओं में निजी तहरीर पर तीन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किए जाने गौरक्षक के ही विरुद्ध फर्जी मनमाने ढंग से फर्जी लिखे गए मुकदमे में राजस्व विभाग के अभिलेखों को दरकिनार रखते हुए जांच कार्यवाही करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई । रामसनेहीघाट कोतवाल पुलिस द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश का उल्लंघन करते हुए पुलिस के द्वारा अभद्रता करने तथा अनुचित लाभ लेने की नीयत से उच्च न्यायालय के निर्देश को दिखाने व बताने के बावजूद पकड़कर दुर्व्यवहार करते हुए थाना रामसनेहीघाट कोतवाली पर 3 घंटे बैठाये रखने के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने, वन विभाग रेंज रामसनेहीघाट के वन ब्लॉक बबुरी गांव मे नाबालिक बच्चों के द्वारा मजदूरी कराये जाने वाले दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने आदि समस्याओं को लेकर के समाधान हेतु ज्ञापन सौपा गया है ।अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो 26 सितंबर 2025 को पशु अस्पताल बनीकोडर तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी के परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने के समय मायाराम यादव, फतेह बहादुर, आदि उपस्थित थेद्य

## पुलिस से शिकायत दहेज लोभियों पर मुकदमा हुआ दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहब्बतपुर पट्टी निवासी कामिनी देवी ने पुलिस से शिकायत कर आरोप लगाया है कि पति समेत ससुराल के लोग दहेज में कार न मिलने को लेकर मारपीट कर घर से भगाया मोहब्बतपुर निवासी कामिनी देवी पत्नी प्रवेश कुमार ने पुलिस से शिकायत कर आरोप लगाया है कि उसकी शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व प्रवेश कुमार के साथ हुई थी उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर विदाई की थी लेकिन शादी के बाद से ही लगातार ससुराल पक्ष के लोग दहेज में कार न मिलने के कारण प्रताड़ित करते थे तीन दिन पूर्व सास ससुर अंबर नंद बच्चे और शिल्पी ने मारा पीट कर घर से भगा दिया और कहा जब तक मायके से चार पहिया कार नहीं दिलाओगी तब तक घर नहीं आना पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही की थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया का कहना शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की गई है ।

## बजरा भवानी माता मंदिर' मैं श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकासखंड क्षेत्र के ओदार ग्राम पंचायत स्थित सुप्रसिद्ध 'बजरा भवानी माता मंदिर' व 'पूर्वी माता मंदिर' कस्बा टिकैतगंज में आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर माता की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई।मंदिरों व घरों में देवी स्तुति की गूंज से वातावरण भक्तिमय हुआ।इसी क्रम में बजरा भवानी माता मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा सुंदरकांड पाठ, रामायण पाठ और जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## कार की बोनट में घुसा अजगर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के कोटवाधाम स्थित सत्यनाम पुरवा गांव में भाजपा नेता नागेंद्र प्रताप सिंह की कार की बोनट में घुसकर एक विशालकाय अजगर कुंडली मार बैठ गया।सोमवार की सुबह जब नागेंद्र प्रताप सिंह अपनी कार स्टार्ट करने गए तो उन्हें कुछ दिखा। उन्होंने बोनट खोलकर देखा। बोनट में करीब 7 फीट लंबा अजगर मौजूद था। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची । डिप्टी रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया।

# भाकियू का धरना आमरण अनशन में तब्दील, प्रशासन में हलचल आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। रेठ नदी की भूमि पर सड़क बनाने व फैक्ट्रियों के गिरने वाले दूषित पानी को बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर कुर्सी के उमरा में भाकियू का 96 दिवसीय अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को अनशन में बदल गया। भाकियू जिला उपाध्यक्ष शिवम् तिवारी अमरन अनशन पर बैठ गए। जानकारी पर पहुंचे उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने 15 दिनों में अंदर सभी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।जूस पिलाकर अमरन अनशन समाप्त कराया। किसान का आरोप है कि उमरा, मीरनगर, अमरसंडा, गुगौर होकर निकली रेठ नदी में फैक्ट्रियों के गिरने वाले दूषित पानी को रोका जाए तथा इसकी सफाई कराई जाए ताकि जानवरों पीने का पानी मिल सके।

# कैब चालक सर्वेश हत्याकांड का खुलासा,तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फ़रार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## लूट के इरादे से की गई थी हत्या, शव झाड़ियों में फेंका गया था

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने कैब चालक सर्वेश यादव 35 वर्ष की हत्या का सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों ने लूटपाट के इरादे से सर्वेश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद शव को कार की पिछली सीट पर रखकर किसान पथ किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी पिस्टल (.32 बोर), चार खोखे, एक जिंदा कारतूस और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। बीते 1 अगस्त 2025 को सर्वेश के पिता रामचन्द्र यादव ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने जांच शुरू की। पता चला कि 20 अगस्त को सर्वेश हजरतगंज से इंदिरा डैम के लिए सवारी लेकर जा रहा था। इसी दौरान चार युवकों ने चिनहट जाने का बहाना बनाकर उसकी कैब बुक की और रास्ते में लूट के इरादे से उसे गोली मार दी। हत्यारों नें सर्वेश के शव को कार की पिछली सीट पर रखकर झाड़ियों में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव बरामद कर परिजनों को दिखाया, जहाँ कपड़ों और गले के धागे से पहचान की गई। रविवार देर रात हिरासत में लिए गये तीनों आरोपियों को लेकर मलिहाबाद पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के नाम सौरभ यादव उर्फ शेरसिंह उर्फ शेरा, विजय यादव और अखिल यादव हैं। ये सभी चिनहट के कंचनपुर मटियारी के रहने वाले हैं और मजदूरी करते हैं। रुपये कमाने के लालच में इन्होंने वारदात को अंजाम दिया। हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी की तलाश अभी जारी है।

# मोदी सरकार हटाने का षड्यंत्र रच रहा विपक्षः दिनेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## सांसद खेल महोत्सव में आयोजित हुए विविध खेल प्रतियोगिताएँ।

## नशा युवाओं को बना रहा खोखला : कौशल किशोर

मलिहाबाद/लखनऊ। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि विपक्षी दल विदेशों से फंडिंग लेकर मोदी सरकार को हटाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। जनता को भ्रमित करने के लिए कभी संविधान खत्म होने की बात कही जाती है, तो कभी वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर लोगों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया है, जिसे विपक्ष बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। डॉ. शर्मा ने युवाओं से खेलकूद में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि आज खेलकूद से भी युवा नवाब बन रहे हैं। खेलों से मस्तिष्क व शरीर दोनों का विकास होता है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने नशामुक्ति अभियान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के शरीर को खोखला कर रहा है, जिससे वे कई नौकरियों की मेडिकल जांच में फ़ेल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 19 अक्टूबर को लखनऊ में पुरुषों की फुल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रथम विजेता को 5 लाख, द्वितीय को 3 लाख और तृतीय स्थान पाने वाले को 1.5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कुल 25 लाख रुपये की धनराशि इस प्रतियोगिता में वितरित की जाएगी। विधायक जयदेवी कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में दी गई छूट से घरेलू सामानों के दामों में गिरावट आई है, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। वहीं, विकास किशोर आशू ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल की अपील की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा, मीनू वर्मा, रामकुमार राही, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, सर्वेश रावत, नवीन यादव, प्रमोद पाठक, जितेंद्र शुक्ला, चंद्रशेखर कनौजिया, आशीष द्विवेदी, जितेंद्र अवस्थी, राजेश लोधी, अरविंद शर्मा, कार्तिकेय पाठक सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# एशिया कप : सुपर 4 में वापसी को बेताब श्रीलंका और पाकिस्तान आमने सामने

एजेंसी




अबुधाबी। सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैम्पियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके आठ मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी। भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिये अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरूआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाये। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके। दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है। दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिये जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।

टीमें : पाकिस्तानः सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्ज़ा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

श्रीलंकाः चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

# आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक, कहा सूर्यकुमार ने

एजेंसी




दुबई। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 मैच में जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दस साल की उम्र से साथ खेल रहे दोनों दोस्तों ने 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 39 गेंद में 74 रन बनाये जबकि गिल ने 28 गेंद में 47 रन जोड़े। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,'' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरूआत की जरूरत थी और दोनों ने वह दी। पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकायें बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा ,'' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरूआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरूरी है। एक रन लेने के लिये एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है। कोरोना काल में दोनों चंडीगढ में युवराज सिंह के घर पर थे और साथ में अभ्यास किया करते थे। सूर्यकुमार ने अभिषेक के बारे में कहा ,'' अभिषेक काफी निस्वार्थ बल्लेबाजी करता है। पावरप्ले में वह आक्रामक खेलता है और उसके बाद भी उसे पता है कि क्या जरूरी है। वह हालात का आकलन करके मैच दर मैच सीख रहा है। वह अभ्यास कभी नहीं चूकता। गिल के बारे में उन्होंने कहा ,'' शुभमन के बारे में सभी को पता है कि वह कैसा खिलाड़ी है। मैं इतना ही कहूंगा कि उसे पता है कि रन कैसे बनाना है। उनसे आज अपने शॉट्स पर भरोसा करके जोखिम कम लिया।''

# संक्षिप्त समाचार

## त्योहारी मांग मज़बूत, फिर भी इस साल कुल यात्रा वृद्धि धीमी रहने का अनुमानः क्लियरट्रिप

मुंबई। इस साल त्योहारी उत्साह भारत के यात्रा उद्योग को बढ़ावा देगा, जिसमें 'जेनरेशन जेड' यात्रियों की मजबूत मांग और आध्यात्मिक पर्यटन में उछाल से बुकिंग में तेजी आने की उम्मीद है। क्लियरट्रिप के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि कहा कि हाल की घटनाओं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण इस साल कुल वृद्धि को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। क्लियरट्रिप की मुख्य विकास एवं कारोबार अधिकारी मंजरी सिंघल ने बताया, ''साल की शुरुआत बहुत अच्छी रही, जनवरी, फरवरी और मार्च में आय के लिहाज से अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई, और यह पूरे उद्योग के लिए एक बेहतरीन समय था। उन्होंने कहा, ''हालांकि, जून और जुलाई में भू-राजनीतिक तनाव और एयर इंडिया के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद व्यवधान देखा गया, जिसके चलते वृद्धि सुस्त हुई। उन्होंने कहा कि घरेलू उड़ानों की संख्या के मामले में पिछले चार महीनों में उद्योग स्थिर रहा है और लाभ में भी कमी आई है। सिंघल ने कहा, ''अगस्त के दूसरे पखवाड़े से मांग में सुधार हुआ है, फिर भी कुल वृद्धि धीमी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि ये बुकिंग मुख्य रूप से 'जेनरेशन जेड' यात्रियों और आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि के कारण हो रही है। वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों को 'जेनरेशन जेड' कहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कटौती के बाद उद्योग को सरकार से आगे क्या उम्मीद है, तो उन्होंने कहा कि उपभोक्ता धारणा पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले उपाय किए जाने चाहिए।

## एनबीसीसी ने हुडको के साथ किया समझौता, 117 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेगी विकास

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. ने 117 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के विकास के लिए हुडको के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनबीसीसी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने ''पंचकूला, कौशांबी, अहमदाबाद और नयी दिल्ली में परिवर्तनकारी विकास परियोजनाओं को क्रियान्वित'' करने के लिए आवास एवं शहरी विकास निगम लि. (हुडको) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर हुडको के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ और एनबीसीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पी महादेवस्वामी ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, एनबीसीसी गाजियाबाद के कौशांबी में एक वाणिज्यिक परिसर का विकास, हरियाणा के पंचकूला में हुडको के भूखंड का एकीकृत पुनर्विकास और अहमदाबाद स्थित हुडको के क्षेत्रीय कार्यालय में नए ब्लॉक का निर्माण करेगी। इसमें राष्ट्रीय राजधानी स्थित एशियाई खेल गांव परिसर में आवासीय फ्लैट का पुनर्निर्माण भी शामिल होगा। बयान में कहा गया, ''इन परियोजनाओं पर कुल मिलाकर 117 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और इन्हें एनबीसीसी पूरी तरह से तैयार कर देगी।

## तेलंगाना अगली पीढ़ी की जीएसटी कर व्यवस्था लागू करने के लिए पूरी तरह तैयारः अधिकारी

हैदराबाद। वाणिज्यिक कर आयुक्त के. हरिथा ने सोमवार को कहा कि तेलंगाना नई जीएसटी दर युक्तिकरण के लिए पूरी तरह तैयार है और क्षेत्रीय स्तर पर इसके लिए जागरूकता अभियान पहले ही चलाया जा चुका है। अधिकारी ने  को बताया, '' हमने परिषद के फैसलों के अनुरूप अधिसूचनाएं जारी की हैं। हमने माल एवं सेवाओं के लिए कर में कटौती या तर्कसंगतता संबंधी अधिसूचनाएं जारी की हैं। मेरा मतलब है, क्षेत्र में उन्हें जागरूक किया गया है लेकिन उन्हें इस पर नजर रखनी होगी कि इसे जमीनी स्तर पर कैसे लागू किया जा रहा है। तेलंगाना में करीब 5.3 लाख जीएसटी पंजीकरण हैं। अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार आज से केवल दो श्रेणी पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के साथ लागू हो गए। तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने पहले कहा था कि इस जीएसटी ढांचे से राज्य को सालाना करीब 7,000 करोड़ रुपये के कर राजस्व का नुकसान होगा और उन्होंने केंद्र से इसकी भरपाई करने की मांग की थी।

## जीएसटी में कटौती से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगीः जोशी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा पर जीएसटी में कटौती से 2030 तक निवेशकों को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगी। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने यह बात सोमवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती लागू होने के पहले दिन कही। उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से माल एवं सेवाओं पर कर की दरें कम करने का निर्णय लिया। जीएसटी में कटौती से भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई के छठे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन के अवसर पर पत्रकारों के साथ बातचीत में जोशी ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विशेष रूप से नवरात्रि के अवसर पर नवीकरणीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इससे 2030 तक निवेशकों को एक लाख करोड़ रुपये से 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, भारत की योजना 2030 तक लगभग 300 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि–2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:–

**रेलगाड़ी सं. 03107/03108 कोलकाता – लखनऊ – कोलकाता त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| गाड़ी सं. 03107 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03108 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | कोलकाता | 00:40 | ---- |
| 00:10 | ---- | लखनऊ | ---- | 01:40 |

चलने के दिनः **03107 कोलकाता** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 06.11.2025 तक और **03108 लखनऊ** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 04.10.2025 से 08.11.2025 तक।
ठहरावः नैहाटी, बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं सुलतानपुर स्टेशन।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 03435/03436 मालदा टाउन – आनंद विहार (ट.) – मालदा टाउन त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 03435 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 21:05 | ---- |
| 13:40 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 15:45 |

चलने के दिनः **03435 मालदा टाउन** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 24.11.2025 तक और **03436 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 25.11.2025 तक।
ठहरावः न्यू फरक्का, बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, गोविन्दपुरी एवं टूण्डला जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 02391/02392 पटना जं. – आनंद विहार (ट.) – पटना जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 22 फेरे

| गाड़ी सं. 02391 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02392 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | पटना जं. | 17:20 | ---- |
| 18:30 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 23:20 |

चलने के दिनः **02391 पटना जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **02392 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक।
ठहरावः दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09083/09084 मुंबई सेंट्रल – बनारस – मुंबई सेंट्रल त्यौहार विशेष वातानुकूलित एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09083 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | ---- |
| 04:15 | 04:25 | लखनऊ | 20:45 | 20:55 |
| 10:30 | ---- | बनारस | ---- | 14:30 |

चलने के दिनः **09083 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 05.11.2025 तक और **09084 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 07.11.2025 तक।
ठहरावः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., भोगाँव, फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी।

**रेलगाड़ी सं. 09111/09112 वडोदरा जं. – गोरखपुर जं. – वडोदरा जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09111 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09112 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | ---- |
| 19:10 | 19:15 | बाराबंकी जं. | 08:58 | 09:00 |
| 23:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 05:00 |

चलने के दिनः **09111 वडोदरा जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **09112 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 01.12.2025 तक।
ठहरावः गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेन्ट्रल, मानक नगर, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपर फास्ट त्यौहार विशेष (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:00 | ओखा | 13:50 | ---- |
| 10:35 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिनः **09523 ओखा** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक और **09524 शकूर बस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक।
ठहरावः द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर जं., वीरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिध्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई जं., अलवर, गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01415/01416 पुणे – गोरखपुर जं. – पुणे त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** 130 फेरे

| गाड़ी सं. 01415 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:50 | पुणे | 03:15 | ---- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 17:30 |

चलने के दिनः **01415 पुणे** से दिनांक 27.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **01416 गोरखपुर जं.** से दिनांक 28.09.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)।
ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ जं. – अंबाला छावनी जं. – मऊ जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | मऊ जं. | 22:00 | ---- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिनः **05301 मऊ जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक और **05302 अंबाला छावनी जं.** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक।
ठहरावः बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | ---- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

चलने के दिनः **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक।
ठहरावः तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01707/01708 जबलपुर – आनंद विहार (ट.) – जबलपुर त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| गाड़ी सं. 01707 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:15 | जबलपुर | 09:30 | ---- |
| 12:25 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 13:45 |

चलने के दिनः **01707 जबलपुर** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 03.11.2025 तक और **01708 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 04.11.2025 तक।
ठहरावः कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** 38 फेरे

| गाड़ी सं. 01431 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:40 | पुणे | 16:20 | ---- |
| 14:45 | 14:50 | वाराणसी | 04:25 | 04:30 |
| 19:40 | ---- | गाजीपुर सिटी | ---- | 22:40 |

चलने के दिनः **01431 पुणे** से प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **01432 गाजीपुर सिटी** से प्रत्येक शनिवार व बुधवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**रेलगाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.) – मऊ – लोकमान्य तिलक (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01123 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01124 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | ---- |
| 00:45 | 00:50 | वाराणसी | 13:20 | 13:25 |
| 05:35 | ---- | मऊ | ---- | 07:35 |

चलने के दिनः **01123 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को दिनांक 26.09.2025 से 30.11.2025 तक और **01124 मऊ** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.12.2025 तक।
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01051/01052 लोकमान्य तिलक (ट.) – बनारस– लोकमान्य तिलक (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01051 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01052 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | ---- |
| 01:10 | ---- | बनारस | ---- | 06:35 |

चलने के दिनः **01051 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को दिनांक 24.09.2025 से 27.11.2025 तक और **01052 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को दिनांक 26.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर एवं वाराणसी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09061/09062 बांद्रा (ट.) – बरौनी जं. – बांद्रा (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09061 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09062 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:20 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | ---- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 01:05 | 01:10 |
| 19:15 | ---- | बरौनी जं. | ---- | 12:15 |

चलने के दिनः **09061 बांद्रा (ट.)** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 06.10.2025 तक और **09062 बरौनी जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक।
ठहरावः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन। स्थानः 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09041/09042 उधना – बलिया – उधना त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09041 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09042 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:40 | उधना | 12:45 | ---- |
| 14:35 | 14:45 | वाराणसी | 05:10 | 05:20 |
| 20:15 | ---- | बलिया | ---- | 23:30 |

चलने के दिनः **09041 उधना** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक और **09042 बलिया** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 10.10.2025 तक ।
ठहरावः सूरत, भरूच जं., विश्वामित्री जं., (वडोदरा जं. केवल 09041 के लिए), गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं ग़ाज़ीपुर सिटी स्टेशन। स्थानः 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09257/09258 भावनगर (ट.) – शकूर बस्ती – भावनगर त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 22 फेरे

| गाड़ी सं. 09257 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09258 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:50 | भावनगर (ट.) | 11:00 | ---- |
| 10:55 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिनः **09257 भावनगर (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **09258 शकूर बस्ती** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः भावनगर परा, सीहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., लींबडी, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम जं., महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई जं., अलवर जं., रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोदी ने त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर में नयी सुविधाओं का उद्घाटन किया

एजेंसी

अगरतला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नवरात्र के पहले दिन त्रिपुरा के गोमती जिले के उदयपुर में स्थित 524 साल पुराने त्रिपुर सुंदरी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पुनर्विकसित त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर में नयी सुविधाओं का उद्घाटन किया। ज्ञात रहे कि त्रिपुर सुंदरी मंदिर देवी के 51 शक्तिपीठों में से एक है।

श्री मोदी ने राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू और मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ मंदिर परिसर के पास के नवनिर्मित परिसर का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने त्रिपुरा और मंदिर के इतिहास को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री यहां भारतीय वायु सेना के एक विशेष विमान से पहुंचे।



एमबीबी हवाई अड्डे पर उनका स्वागत अगरतला के महापौर एवं विधायक दीपक मुजुमदार, मुख्य सचिव जेके सिन्हा और पुलिस महानिदेशक अनुराग धनकर ने किया। यहां से प्रधानमंत्री 17 किलोमीटर दूर हेलीकॉप्टर से गए। मुख्यमंत्री साहा ने बताया कि प्रधानमंत्री का काफिला हेलीपैड से सड़क मार्ग से मंदिर द्वार पहुंचा, जहां सड़क के दोनों तरफ हज़ारों की संख्या में लोग प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए लंबी लाइनों में खड़े थे। प्रधानमंत्री ने सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर सुविधाओं का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद में पूजा-अर्चना की। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिपुरा दौरे के दौरान किसी जनसभा को संबोधित नहीं किया और न कोई संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवनिर्मित बुनियादी ढांचा का निर्माण 52 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिसके तहत तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) बनाया गया है। ज्ञात रहे कि उदयपुर में राज्य के पूर्व राजा महाराजा धन्य माणिक्य द्वारा 1501 में निर्मित त्रिपुर सुंदरी मंदिर, कोलकाता के कालीघाट स्थित काली मंदिर और गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर के बाद पूर्वी भारत में तीसरा शक्ति पीठ है। यह मंदिर 15 अक्टूबर, 1949 को, तत्कालीन राज्य की महारानी कंचन प्रभा देवी और भारतीय गवर्नर जनरल के बीच विलय समझौते पर हस्ताक्षर के बाद, त्रिपुरा की पूर्ववर्ती रियासत भारत सरकार के नियंत्रण में आ गई। मंदिर परिसर को विशिष्ट वास्तुशिल्प के साथ फिर से डिज़ाइन किया गया है - यह मंदिर ऊपर से, यह एक कछुए जैसा दिखता है, जो स्थिरता और दिव्यता का प्रतीक है। तीन मंजिलों में फैले मंदिर परिसर में अब आधुनिक रास्ते और फिर से बने प्रवेश द्वार, मजबूत बाड़ और उन्नत जल निकासी का प्रबंध किया गया है जिसमें स्टॉल, एक ध्यान कक्ष, अतिथि आवास और कार्यालय है।

## मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों की भावनाओं की गहरी समझ है उसी के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करते है जिससे देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं।

श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को यहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित संकलित पुस्तकों, ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पाँचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर जनहितैषी कार्य करके देश के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को भी सीधे लाभ पहुँचाने का काम किया किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। श्री मोदी जनता के लिए सच्चे मन से काम करते हैं और बदले में कुछ भी अपेक्षा नहीं करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमेशा श्री मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भी घनिष्ठ मित्र हैं। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के श्री मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री असंभव को भी संभव बना देते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्री मोदी राजनीति का इस्तेमाल जनसेवा के लिए करते हैं और उनके द्वारा लिया गया हर फैसला समाज की भलाई को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

### नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व को ध्वस्त कर लाल आतंक की कमर तोड़ रहे हैं सुरक्षा बल: शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक ओर सफल अभियान की सराहना करते हुए कहा है कि सुरक्षाबल नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त कर लाल आतंक की कमर तोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में आज हुई मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति के दो सदस्य मारे गए हैं। मृतकों की पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है जिनमें से प्रत्येक पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 40 लाख रुपये का इनाम घोषित था। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा , '' महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में हमारे सुरक्षाबलों ने केंद्रीय समिति के दो सदस्य नक्सल नेताओं कादरी सत्यनारायण रेड्डी उर्फ कोसा और कट्टा रामचंद्र रेड्डी को मार गिराया। मारे गए दोनों नक्सल नेताओं पर 40-40 लाख रूपए का इनाम था। हमारे सुरक्षाबल नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त कर लाल आतंक की कमर तोड़ रहे हैं।

### जीएसटी संरचना में व्यापक बदलाव रोजमर्रा के खर्चों को काफी कम कर देंगे: शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) की दरों में किये गये बदलाव को अगली पीढ़ी के लिए सुधार बताते हुये इसे गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को सशक्त बनाने के मोदी सरकार के मिशन में एक ऐतिहासिक कदम करार दिया है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर की गयी पोस्ट की एक शृंखला में, श्री शाह ने कहा कि जीएसटी संरचना में व्यापक बदलाव रोजमर्रा के खर्चों को काफी कम कर देंगे और भारत को दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ायेंगे। श्री शाह ने कहा, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की सेवा के दृढ़ संकल्प का प्रमाण हैं। नये सुधार विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी दरों में भारी कटौती के साथ उनके खर्चों को और कम करेंगे और भारत के विकास के पहिये को दुनिया का सबसे समृद्ध देश बनने की राह पर और भी तेज़ी से आगे बढ़ायेंगे। व्यापक आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, श्री शाह ने कहा कि ये सुधार न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ कम कर रहे हैं, बल्कि मध्यम वर्ग के लिए अधिक अवसर भी पैदा कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, मोदी सरकार मध्यम वर्ग के लिए ढेरों अवसर खोलकर उनकी आय बढ़ा रही है और जीएसटी में सुधार के ज़रिए उनकी बचत में लगातार वृद्धि सुनिश्चित कर रही है। दैनिक आवश्यक वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं की जीएसटी दरों में भारी कमी से उनकी खर्च करने योग्य आय बढ़ेगी और वे और भी अधिक बचत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

### दो माओवादी ढेर, एके-47 व विस्फोटक सामग्री जब्त

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये। मुठभेड़ के बाद दोनों नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से एके-47 राइफल सहित अन्य हथियार, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भी बरामद की गई हैं। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती इलाके में सोमवार सुबह शुरू हुई और अपराह्न ऐक बजे तक रुक-रुक कर जारी रही। सुरक्षा बलों को माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सर्च अभियान चलाया जा रहा था, जिस दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग शुरू हो गई।

### मानहानि मामले को चुनौती, जेएनयू की पूर्व प्रोफ़ेसर अमिता सिंह को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मानहानि के एक मामले में ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'द वायर' को जारी समन को चुनौती देने वाली उसकी याचिका पर सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व प्रोफ़ेसर अमिता सिंह को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने नोटिस जारी करने पर सहमति जताते हुए मौखिक रूप से कहा, ''मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस सब (मानहानि मामले) को अपराधमुक्त किया जाए। न्यूज़ पोर्टल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ की इस टिप्पणी पर सहमति जताई। शीर्ष अदालत ने संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद द वायर चलाने वाले फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट जर्नलिज्म की याचिका पर प्रोफ़ेसर सिंह को नोटिस जारी किया।

## जीएसटी बचत महोत्सव शुरू होने के साथ देशभर में खुशी की लहर : अश्विनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही देश में अबतक का सबसे बड़ा बचत महोत्सव शुरू हो गया है और इसके साथ ही देश भर में खुशी की लहर है।

श्री वैष्णव ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवादाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी नेक्स्ट जेनरेशन सुधार किया है जो आज से लागू हुआ है। इस ऐतिहासिक सुधार के लागू होने के साथ ही रोजमर्रा की इस्तेमाल की जाने वाली लगभग हर चीज सस्ती हो गई है। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने से रिपोर्टें मिली है कि जीएसटी सुधार से जन-जन में खुशी की लहर है लेकिन ऐतिहासिक बचत महोत्सव की सराहना करने के बजाय विपक्ष के साथी खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनके शासन के समय सिर्फ दावे थे धरातल पर कुछ भी नहीं होता था। उन्होंने कहा कि संप्रग के समय सीमेंट पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता था, जबकि राजग के दौरान 18 प्रतिशत है। संप्रग के समय में सैनिटरी पैड पर 13 प्रतिशत टैक्स था, जो अब शून्य हो गया है। पहले के समय में फुटवियर पर 18 प्रतिशत टैक्स होता था, जो आज 5 प्रतिशत हो गया है। रेफ्रिजरेटर पर 30 प्रतिशत टैक्स था, जो अब 18 प्रतिशत हो गया है। वहीं डिटरजेंट पर 30 प्रतिशत टैक्स था, जो अब 5 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा , ''अभी हमारे देश की जीडीपी 330 लाख करोड़ रुपये की है। इसमें 202 लाख करोड़ रुपये हमारी घरेलू खपत है। ये घरेलू खपत वित्त वर्ष 2023ऽ24 में 181 लाख करोड़ रुपये था। 181 लाख करोड़ से 202 लाख करोड़ हुआ, यानी करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ हुई। इस जीएसटी सुधार से घरेलू खपत में जीडीपी का करीब 20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा।

## देश के प्रति गर्व और सम्मान संघ कार्य का परिणाम : सुनील आंबेकर

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के प्रत्येक वर्ग को देश के प्रति गर्व और सम्मान का अनुभव हो रहा है। इस भाव को जगाने के लिए संघ निरंतर कार्य कर रहा है। देश की प्रगति और समृद्धि के लिए संघ के माध्यम से विभिन्न संस्थाएँ और संगठन कार्य में लगे हुए हैं। विशेष रूप से समाज के लोग इस कार्य में स्वेच्छा से भाग ले रहे हैं और यही संघ की शताब्दी यात्रा की प्रमुख उपलब्धि है।

नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर के महर्षि व्यास सभागार मे आयोजित प्रेस कान्फ्रेन्स मे आंबेकर ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में हर गतिविधि पहले से तीन गुना बड़ी और भव्य होगी। सामान्यतः दशहरा उत्सव में करीब 7 हजार स्वयंसेवक गणवेश में शामिल होते हैं, लेकिन इस बार शताब्दी उत्सव में कम से कम 21 हजार स्वयंसेवक पूरे गणवेश में होंगे। इसके लिए संपर्क और संवाद के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। बकौल आंबेकर इस वर्ष के दशहरा उत्सव में शहर से 3 पथसंचलन निकाले जाएंगे। इन पथसंचलनों का एकत्रीकरण वैरायटी चौक में होगा और सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत इसका निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में घाना, थाईलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। संघ के बारे में कई बार झूठी बातें फैलायी जाती हैं। इन झूठे आरोपों का जवाब देने के लिए संघ इस शताब्दी वर्ष में गृहभेंट कार्यक्रम चला रहा है। आंबेकर ने कहा कि घर-घर जा कर संपर्क कर के संघ के बारे में लोगों के मन में जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संघ के विचारों के समर्थकों को भी इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। इसके लिए किसी अलग से यंत्रणा की आवश्यकता नहीं है। प्रसिद्ध गायक और संगीतकार पद्मश्री शंकर महादेवन ने संघ के गीतों को नए सुर और लय में बनाया है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वयंसेवकों के लिए यह एक विशेष तोहफा होगा। महादेवन द्वारा गाए गए संघ गीतों का कार्यक्रम 28 सितंबर को नागपुर में आयोजित किया जाएगा। महादेवन के गायन ने संघ गीतों को एक नया रूप और रंग दिया है, जो स्वयंसेवकों के लिए अनोखा और प्रेरणादायक होगा।

# सुप्रीम कोर्ट का 2020 दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, ए एम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साज़िश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ़्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज़्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने दावा किया कि याचिकाकर्ता छात्र हैं जो पाँच साल से जेल में हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने मामले में जल्द सुनवाई की माँग की, ताकि पाँच साल से जेल में बंद याचिकाकर्ता दिवाली से पहले बाहर आ सकें। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मुख्य याचिका पर ही विचार करेगी। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सात अक्टूबर निर्धारित की है। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई पहले स्थगित कर दी गई थी क्योंकि पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति मनमोहन, सिब्बल के चैंबर से जुड़े होने के कारण सुनवाई से अलग होना चाहते थे। उच्च न्यायालय ने 2 सितंबर, 2025 को आरोपियों की ज़मानत याचिकाएँ खारिज कर दी थीं। एक खंडपीठ ने आरोपों की प्रकृति और विशेष रूप से राज्य अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत इस दलील पर ध्यान दिया कि यह कोई सामान्य विरोध या दंगा का मामला नहीं है, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को ख़तरा पैदा करने वाली गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की एक पूर्व-नियोजित, सुनियोजित साज़िश है। उच्च न्यायालय ने इसके बाद अन्य आरोपियों अतहर खान, अब्दुल खालिद सैफी, मोहम्मद सलीम खान, शिफ़ा उर रहमान, मीरान हैदर, गुलफ़िशा फ़ातिमा और शादाब अहमद की भी इसी तरह की ज़मानत याचिका खारिज कर दी थी।

### जैकलीन फर्नांडीज की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश में सोमवार को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की ईसीआईआर (एफआईआर के समकक्ष) रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ कहा कि वह इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि याचिका वापस ली जा सकती है और याचिकाकर्ता उचित समय पर अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। फर्नांडीज ने उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2025 के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें धन शोधन मामले में ईसीआईआर को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। वह चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में आरोपी हैं और जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुईं थीं। दिल्ली पुलिस ने चंद्रशेखर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह के जीवनसाथियों से 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकार : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ''पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपए का नुक़सान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपए का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है।''

उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज़्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

कांग्रेस नेता ने पंजाब के लोगों को असाधारण हिम्मत का धनी बताया और कहा ''सब विपरीत स्थितियों के बावजूद पंजाब के लोगों ने अद्भुत हिम्मत और जज़्बा दिखाया है।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस की सोच...

रखी है। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनायक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू , सांसद नाबम रेबिया और तापिर गाओ तथा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में तेज़ी से विकास इसलिए दिख रहा है, क्योंकि दिल्ली और ईटानगर, दोनों जगह भाजपा की सरकार है। यहां कैंसर इंस्टीट्यूट का काम शुरू हुआ है, मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, आयुष्मान स्कीम से यहां अनेक साथियों को मुफ्त इलाज मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन विकास की बड़ी संभावनायें हैं। संपर्क सुविधायें बढ़ने से यहां पर्यटकों की संख्या में दोगुनी वृद्धि हुई है। उन्होंने दुनिया में कॉन्फ्रेंस और कन्सर्ट टूरिज्म की बढ़ती मांग को देखते हुए कहा कि तवांग में बनने जा रहा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर, अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन के विकास में एक नया आयाम जोड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के वाइब्रेंट विलेज अभियान से भी इसमें बहुत मदद मिलेगी। ये अभियान हमारे बॉर्डर किनारे बसे गांवों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। अरुणाचल प्रदेश में ऐसे साढ़े चार सौ से अधिक गांव हैं, जहां यह कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के समय ऐसे गावों को आखिरी गांव मान कर उपेक्षा में छोड़ दिया गया है। भाजपा सरकार ने इस सोच को बदला है।

### लंबे अवकाश...

(आईआईडीसी), पिकप के अध्यक्ष, यूपीईआईडीए के सीईओ, उपशा के सीईओ, समन्वय विभाग और यूपीडास्प के शामिल हैं। गोयल की जगह कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को आईआईडीसी, पिकप के अध्यक्ष, यूपीईआईडीए के सीईओ, उपशा के सीईओ, समन्वय विभाग, यूपीडास्प के परियोजना निदेशक और नागरिक उड्डयन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

### पाकिस्तान ने ...

आरोपों की गहन जांच की मांग की है, और सशस्त्र संघर्ष के कानूनों का सम्मान करने, नागरिकों की सुरक्षा और किसी भी उल्लंघन के लिए जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।

### रक्षा क्षेत्र के लिए शिक्षा...

प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया जिसमें शिक्षा जगत द्वारा चयनित 47 नवाचार प्रदर्शित किये गये। इन नवाचारों का मूल्यांकन तीनों सेनाओं के विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों द्वारा उनके संभावित सैन्य अनुप्रयोगों के लिए किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग के लिए नौ समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये गये।

### एनएससीएन (के) पांच...

फिरौती और जबरन वसूली के लिए अपहरण में भी लिप्त रहा है, अवैध हथियार और गोला-बारूद रखता रहा है और अन्य देशों में भारत विरोधी ताकतों से सहायता प्राप्त करता रहा है। अधिसूचना में कहा गया है कि इसके अलावा नागालैंड, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश सरकारों ने भी गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के तहत एनएससीएन (के) को एक गैरकानूनी संगठन घोषित करने की सिफ़ारिश की है। अधिसूचना में कहा गया है, ''सरकार का मानना है कि एनएससीएन (के) की गतिविधियाँ भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं और अगर इन पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया और एनएससीएन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह एक गैरकानूनी संगठन होगा। अधिसूचना में आगे कहा गया है, ''गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एतद्द्वारा नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन (के)) को उसके सभी गुटों, शाखाओं और अग्रिम संगठनों सहित एक गैरकानूनी संगठन घोषित करती है।''

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र...

जिसमें दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (जिसका पंजीकरण वीटी-एएनबी है) से प्राप्त संपूर्ण डेटा को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश देने की माँग की गई थी। याचिका में कहा गया है, ''जब एक ही विनाशकारी घटना में सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है तो राष्ट्र न केवल मृतकों के लिए शोक मनाता है, बल्कि जाँच प्रक्रिया को सच्चाई, जवाबदेही और इस आश्वासन के स्रोत के रूप में भी देखता है कि ऐसी आपदा फिर न हो। इसलिए जांच केवल पीड़ितों के परिवारों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक तक फैला हुआ है। यह याचिका अधिवक्ता प्रणव सचदेवा के माध्यम से दायर की गई।

### जीएसटी सुधार से बढ़ेगा...

कर दिया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें जीएसटी रिफॉर्म का स्टीकर देकर कहा कि सभी लोगों को जीएसटी सुधार के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। व्यापारियों और ग्राहकों से संपर्क और संवाद के क्रम में मुख्यमंत्री ने गीता होलसेल मार्ट में प्रतिष्ठान संचालक शम्भू शाह से कहा कि जीएसटी दरों में कमी को लेकर ग्राहकों को आप लोग खुद भी जागरूक करिए। इससे ग्राहक को फायदा होगा हीए आपका भी बाजार समृद्ध होगा। योगी ने प्रेम मेडिकल्स में जाकर उन्होंने दवाओं की कीमतों में आई कमी पर चर्चा की। दुकानदार विनय प्रजापति और आकाश प्रजापति ने बताया कि जीवनरक्षक दवाओं पर टैक्स जीरो हो गया है। कई दवाओं में टैक्स अब सिर्फ 5 प्रतिशत रह गया है। आज से इसका लाभ वह ग्राहकों को देने लगे हैं।

मुख्यमंत्री ने सिटी कार्टए श्री होम्यो स्टोर्स के सामनेए रंगोली कलेक्शन के सामनेए गोरखनाथ मिष्ठान के सामनेए जयदेव भवन के सामनेए श्री हुनमान कटरा के सामने खड़े दुकानदारों और गोरखनाथ मार्ग मंदिर मार्ग पर खड़े चौधरी कैफुलवरा के परिवार से जीएसटी रिफॉर्म पर संवाद कर उन्हें स्टीकर भेंट किया। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दें कि उन्होंने लंबे समय से चली आ रही व्यापारियों की मांग के अनुसार जीएसटी रिफॉर्म लागू किया है। इस दौरान दुकानदारों और आमजन ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री की पदयात्रा में ..घटी जीएसटी बढ़ा व्यापारए धन्यवाद मोदी सरकार.. के खूब नारे लगे। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि भी मुख्यमंत्री के साथ पदयात्रा में शामिल रहे। जीएसटी रिफॉर्म पर पदयात्रा करते हुए संवाद करने गीता होलसेल मार्ट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस प्रतिष्ठान के संचालक शम्भू शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों को कम करके टेक्सटाइल सेक्टर को फिर मजबूत कर दिया है। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर, कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि टैक्स की दर घटकर 5 प्रतिशत तक होने से बिक्री बढ़ेगी। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इलेक्ट्रिक बस डिपो का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को हरिनगर में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बहु-स्तरीय इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास किया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली को मिली यह सौगात राजधानी की परिवहन व्यवस्था को एक नई दिशा देगी। इस मौके पर दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह और शिक्षा मंत्री आशीष सूद मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'नई तकनीक से सुसज्जित यह सेल्फ-सस्टेनेबल बिल्डिंग अपने खर्चे स्वयं वहन करेगी जिससे सरकार पर कोई अतिरिक्त भार नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक केंद्र में 400 से अधिक विद्युत बसों की पार्किंग और चार्जिंग की सुविधा होगी। साथ ही कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए क्लीनिंग, कार्यालय,



डॉरमेट्री, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और मॉल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के दौरान 75 योजनाओं को लागू करने की श्रृंखला में इस इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार ने सात महीनों में दिन-रात दिल्ली की बेहतर और दिल्लीवालों की सुविधा देने के लिए हर दिशा में काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ' डीटीसी दिल्ली की लाइफ लाइन होते थी, जिसे पिछली सरकारों ने 65 हजार करोड़ रुपये के घाटे में डूबा दिया। सरकार का जितना एक साल का बजट होता है, उतना डीटीसी का घाटा है। पिछली सरकारों ने डीटीसी को घाटे से उभराने के स्थान पर गड़बड़ियां करके उसकी स्थित खराब की। हमारी सरकार ने आते ही पहले सत्र में इन गड़बड़ियों को उजागर करते हुए दिल्ली डीटीसी के कामकाज पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट विधानसभा में पेश की। दिल्ली की विकसित बनाने के लिए शहर की परिवहन व्यवस्था की दुरुस्त करना सबसे महत्वपूर्ण काम है। दिल्ली के अंतिम छोर तक डीटीसी की सेवाएं होने चाहिए, ताकि लोगों को कहीं भी पहुंचने के लिए देर न हो। इसके लिए डीटीसी की बसों की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंदर केजरीवाल से कहा, 'आप मेरी रील देखने की बजाय पंजाब की बाढ़ पीड़ित जनता की मदद करें, जो आप की वजह से इस हालात में है। उन्होंने अभी तक केजरीवाल किसी बाढ़ पीड़ित के साथ दिखाई नहीं दिए। दिल्ली में रेखा सरकार है, जो डीटीसी को घाटे से उभारकर मुनाफ़े में लेकर आएगी।

# नवरात्रि पर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा के साथ बचत उत्सव की साक्षी बन रही है दिल्ली : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि दिल्ली इस नवरात्रि पर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा के साथ-साथ जीएसटी सुधारों के लागू होने पर बचत उत्सव की भी साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कर सुधारों ने हर परिवार को राहत दी है और हर व्यापारी को नए विश्वास और अवसर का संबल प्रदान किया है। मुख्यमंत्री शालीमार बाग स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों से इस पावन यात्रा में शामिल हो रही हूं और हर बार यह अनुभव नई ऊर्ज़ा और आत्मिक शांति का संचार करता है। नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना से होती है और कलश यात्रा उसी परंपरा का सामूहिक स्वरूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मां दुर्गा की स्तुति और शक्ति उपासना का प्रतीक है, जहां हर कदम में भक्ति, एकता और संकल्प की धारा प्रवाहित होती है। इसी श्रद्धा और आस्था की भावना के साथ क्षेत्र में भव्य छठ घाट का निर्माण कराया जा रहा है। जैसे नवरात्रि हमें शक्ति और समर्पण की प्रेरणा देती है, वैसे ही जीएसटी सुधार पहल आर्थिक सशक्तीकरण और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रही है।

# दुर्गाणा तीर्थ के बड़े हनुमान मंदिर में ऐतिहासिक लंगूर मेला शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। शारदीय नवरात्रि शुरू होने के साथ ही सोमवार को पंजाब में अमृतसर के ऐतिहासिक दुर्गाणा तीर्थ के बड़े हनुमान मंदिर में प्रसिद्ध दस दिवसीय लंगूर मेला शुरू हो गया है। लाल गोटेदार कपड़े, सिर पर शंकु जैसी टोपी और हाथ में छोटी छड़ी लिए छोटे-छोटे बच्चे लंगूर बनकर नाचते हुए मंदिर पहुंच रहे हैं। इस बार चार हजार से ज्यादा बच्चों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया है। अमृतसर का यह अनोखा दस दिवसीय मेला आस्था और उत्सव का प्रतीक है, जहाँ माता-पिता अपने बच्चों को सिंदूर से लथपथ और गदा लिए हुए 'लंगूर' के रूप में सजाते हैं और हर सुबह और शाम मंदिर जाते हैं। इन 'लंगूरों' के साथ बच्चों और युवकों की एक टोली होती है, जो वानर सेना का प्रतीक है, ठीक उसी तरह जैसे रामायण में भगवान राम लंका पर चढ़ाई करने गए थे। यहां की इस अनूठी परंपरा में दुनिया भर से प्रवासी भारतीय इस उत्सव में शामिल होने के लिए अमृतसर आते हैं। मंदिर परिसर में 'लंगूरों' का एक समूह अपने परिवारों के साथ आता है, जिनका मानना है कि इस त्योहार के दौरान अपने बच्चों को लंगूर के रूप में तैयार करने से उन्हें जीवन भर आशीर्वाद मिलता है। लेकिन, उत्सव के साथ-साथ, बच्चों और उनके परिवारों को नौ दिनों तक नंगे पैर रहने, ज़मीन पर सोने और सात्विक भोजन करने का कठोर नियम पालन करना होता है। कहा जाता है कि बड़ा हनुमान मंदिर उस स्थान पर बनाया गया था जहाँ भगवान राम के पुत्र लव और कुश ने भगवान हनुमान को अयोध्या वापस ले जाने के लिए बरगद के पेड़ से बाँध दिया था। इन दस दिनों के दौरान इस मंदिर में 40,000 से 50,000 श्रद्धालु आते हैं और यह शहर के अंदर दुर्गाणा मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न सड़क परियाजनाओं का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना जिला के दीघा में आयोजित कार्यक्रम स्थल से करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्य ससमय और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 6,495 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से पटना जिला अंतर्गत दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोईलवर पुल के पहुंच पथ) तक जेपी गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण (लंबाई-35.65 किमी) कार्य का शिलान्यास किया। इस महत्वाकांक्षी सड़क विकास परियोजना के पूरा होने के बाद पटना-आरा-बक्सर राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-922), लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और आरा-मोहनिया राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-319) के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि



जेपी गंगापथ का कोईलवर तक विस्तारीकरण कार्य आज से शुरू हो गया है। निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करें। इसके निर्माण कार्य पूर्ण होने से शहरवासियों को आवागमन में और सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने दीघा से ही विभिन्न जिलों के 5 अन्य पथों, जिनकी कुल लम्बाई 225.475 किलोमीटर है तथा जिनकी लागत 2 हजार 900 करोड़ रुपये है, का भी शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 650 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से बांका, मुंगेर एवं भागलपुर जिला अंतर्गत धोरैया-इंगलिस मोड़ असरगंज पथ (लंबाई 58.47 किमी) का निर्माण कार्य, 814 करोड़ 22 लाख की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत हथौड़ी-औराई पथ में एक उच्च स्तरीय पुल (लंबाई- 21.3 किमी) का पहुंच पथ सहित निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने आज 373 करोड़ 56 लाख की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत आरा-एकौना-खैरा-सहार पथ (लंबाई 32.26 किमी) के निर्माण कार्य, 701 करोड़ 26 लाख की लागत से छपरा एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा-मांझी-दरौली-गुठनी पथ (लंबाई-72.18 किमी) के निर्माण कार्य तथा 361 करोड़ 32 लाख की लागत से नवादा, नालंदा एवं गयाजी जिला अंतर्गत बनगंगा-जेठियन-गहलौत बिन्दस पथ (लंबाई 41.25 किमी) के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।

# पंजाबी संगीतकार चरणजीत सिंह आहूजा को अंतिम विदाई

मोहाली। पंजाबी संगीत जगत के प्रसिद्ध संगीतकार चरणजीत सिंह आहूजा (74) का सोमवार को यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्मशान घाट पर उनके परिजनों और सैकड़ों प्रशंसकों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। आहूजा की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान तीनों बेटों ने पुष्प अर्पित किए। भावुक माहौल के बीच एक बेटा लगातार पार्थिव शरीर को निहारता रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में पंजाबी संगीत जगत की नामी हस्तियां भी मौजूद रहीं। इनमें गिप्पी ग्रेवाल, हंसराज हंस, सतिंदर बुग्गा, सुक्खी बराड़, अलाप सिकंदर और मदन शौंकी शामिल थे। सभी ने कहा कि आहूजा ने पंजाबी संगीत को नई पहचान दी और उनके जाने से उद्योग को अपूरणीय क्षति हुई है।

गौरतलब है कि आहूजा लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और रविवार को मोहाली स्थित अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। संगीत जगत में उनका सफर चार दशकों से अधिक रहा। उन्होंने अनेक हिट गीतों की धुनें दीं और कई नामचीन गायकों के करियर को नई दिशा प्रदान की।

# अमृतसर में अत्याधुनिक हथियार हथियार बरामद तीन बदमाश गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक संगठित हथियार और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और सीमा पार अवैध हथियारों की आपूर्ति में शामिल तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि आरोपियों के पास से 10 अत्याधुनिक पिस्तौल और 2.5 लाख रुपये हवाला राशि बरामद की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के इरादे से अवैध हथियारों की खरीद और वितरण के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे। श्री यादव ने कहा कि अमृतसर के गेट हकीमा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पूरे नेटवर्क का पता लगाने और सीमा पार संबंधों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

# आध्यात्मिक चेतना, सामाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सतपाल महाराज जी की अग्रणी भूमिका: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार स्थित प्रेम आश्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सतपाल महाराज को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए बाबा केदारनाथ और भगवान बद्रीविशाल से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह भव्य आयोजन महाराज जी के प्रति जनता के स्नेह, श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने अपने कार्यों द्वारा समाज में जो आध्यात्मिक चेतना, सेवा और लोककल्याण का संदेश प्रसारित किया है, उसने जनमानस के हृदय में गहरी छाप छोड़ी है। उनका जीवन सेवा, त्याग और परोपकार की प्रेरणा देता है। महाराज जी



समाज में समरसता, प्रेम और भाईचारे के संदेशवाहक हैं। उनके नेतृत्व में 'मानव सेवा एवं उत्थान समिति' द्वारा देशभर में सामाजिक समरसता और मानव कल्याण की दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार में वरिष्ठ मंत्री के रूप में महाराज जी ने पर्यटन, संस्कृति और तीर्थाटन के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। चारधाम यात्रा, मानसखंड कॉरिडोर और अन्य तीर्थ स्थलों के पुनरुत्थान के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन और राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार जैसे गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी,विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक पुरोला दुर्गेश लाल,पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, राज्य मंत्री राकेश गिरी, ओम प्रकाश जमदग्नि ,राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा,संगठन महामंत्री अजय कुमार,पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल,पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत,श्रद्धेय महाराज, सुयश महाराज ,जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सामाजिक सेवा गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

# तीन अपराधियों की गिरफ्तारी: छिनतई, चोरी व लूट के मामले सुलझे

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के पश्चिम जिले ने तीन महत्वपूर्ण कार्रवाइयों में अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। तिलक नगर, पंजाबी बाग और राजौरी गार्डन इलाकों में छिनतई, लूट और चोरी के मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो छिनतई करने वालों, एक लुटेरे और एक चोर को गिरफ्तार किया, साथ ही चोरी का सामान भी बरामद किया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम डाराड़े शरद भास्कर ने बताया कि ये गिरफ्तारियां अपराधियों के मनोबल को तोड़ने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। पहली घटना तिलक नगर की है। 19 सितंबर को ख्याला के अंधा पार्क के पास एक व्यक्ति से सैमसंग मोबाइल छीन लिए जाने की शिकायत पर थाना तिलक नगर में मामला दर्ज हुआ। हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र और कांस्टेबल सुनील की गश्ती टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त की। वुडलैंड पार्क के पास दो संदिग्धों को पकड़ा गया। शिकायतकर्ता ने उनकी पहचान की और एक आरोपी के पास से छीना गया मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी कोशाल उर्फ घुमड़ (20) और वरुण उर्फ बनना (21) के रूप में हुई, दोनों चोकुंडी, तिलक नगर के निवासी हैं।

उन्होंने कहा कि दूसरी कार्रवाई पंजाबी बाग में हुई। जहां 20 सितंबर को गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल प्रवीण और कांस्टेबल अक्षय की टीम ने एक संदिग्ध को पुलिस देखकर छिपते हुए देखा। पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में एक बटन वाली चाकू और दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए।

# बिहार में 12 से 31 अक्टूबर के बीच होगी राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


पटना। बिहार सरकार ने राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटेट) परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर से 31 के बीच किया जायेगा। परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया 19 सितंबर से 27 सितंबर तक चलेगी। राज्य के शिक्षा मंत्री ने शिक्षक भर्ती परीक्षा 4.0 को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणा की है। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग लगातार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने टीआरई-4 की बहाली का रोडमैप साझा करते हुए कहा कि अगले 4 से 5 दिनों के भीतर टीआरई-4 की वैकेंसी जारी कर दी जाएगी। इस बार 26,000 से



अधिक पदों पर नियुक्तियां होंगी। हालांकि 3-4 जिलों में रोस्टर क्लीयरेंस का काम अभी बाकी है, लेकिन शेष जिलों से रोस्टर रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इसके बाद पांचवें चरण की बहाली भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वैकेंसी की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन रिक्तियों का निर्धारण छात्रों की संख्या के आधार पर किया जाता है। बिहार के सरकारी विद्यालयों में इस समय 1.76 करोड़ छात्र पढ़ रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग ने हाल के वर्षों में 33 हजार प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति की है। इसके अलावा 2.33 लाख से अधिक विद्यालय अध्यापक (बीपीएससी) के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा एसटीईटी-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 19 सितंबर से शुरू है और 27 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच होगा और 16 नवंबर को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर कहा कि अभ्यर्थियों को समय पर आवेदन और परीक्षा की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस बार परीक्षा की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी होगी। शिक्षा विभाग का उद्देश्य योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां युवाओं को दी हैं। इसके अलावा लगभग 40 से 41 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। कुल मिलाकर 50 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने का कार्य किया गया है।

# शारदीय नवरात्र की भव्य शुरुआत, घर-घर गूंजे मां के जयकारे

पटना। शारदीय नवरात्र का पावन पर्व आज से आरंभ हो गया है। सुबह से ही देशभर में घरों, मंदिरों और पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई। भक्तों ने श्रद्धा और आस्था के साथ घटस्थापना कर व्रत-पूजन की शुरुआत की। वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा और हर जगह भक्ति व उल्लास का माहौल देखने को मिला। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। पुराणों के अनुसार, शैलराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। मां शैलपुत्री वृषभ पर सवार होकर एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में कमल पुष्प लिए भक्तों को दर्शन देती हैं। इनकी पूजा करने से साधक को स्थिरता, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। श्रद्धालु उपवास रखकर मंत्र-जाप, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन कर मां की आराधना कर रहे हैं। पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। पहले दिन शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कूष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नवें दिन सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063